नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 14

अंक : 36

सोमवार, 07 से 13 अक्टूबर 2024

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

दशहरे के बाद भी साफ है दिल्ली की हवा 03

राहुल के खिलाफ साथ खड़े मोदी-भागवत 08

NCR समाचार

BY C.R.O. TEAM

संजू सैमसन ने की भारतीय टीम मैनेजमेंट की सराहना 10

कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

मलाइका कहने पर भड़की मल्लिका शेरावत 12

## एक नजर

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

### अनशन पर बैठे एक और जूनियर डॉक्टर को अस्पताल में कराया भर्ती

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में न्याय की मांग को लेकर आमरण अनशन कर रहे एक और चिकित्सक को शनिवार निर्जलीकरण और अन्य शारीरिक विकार से बीमार होने के बाद उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज और अस्पताल सिलीगुड़ी में भर्ती कराया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज में अनिश्चितकालीन आमरण अनशन पर बैठे दो कनिष्ठ चिकित्सकों में से एक डॉ. आलोक वर्मा को भूख हड़ताल के आठवें दिन हालत बिगड़ने के बाद क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने बताया कि डॉ. अनिकेत महतो को शुक्रवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सीसीयू में भर्ती कराया गया और अब वह खतरे से बाहर हैं। हालाँकि दो और जूनियर चिकित्सक कल शाम एस्प्लेनेड में भूख हड़ताल में शामिल हो गए। हड़ताली चिकित्सक, 31 वर्षीय महिला स्नातकोत्तर प्रशिक्षु सहकर्मी के लिए न्याय की मांग कर रहे है, जिसके साथ नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल में उसके कार्यस्थल पर बलात्कार और हत्या कर दी गई थी।

### हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे बंगलादेश सरकार: भारत

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को बंगलादेश की राजधानी ढाका में एक दुर्गा पूजा पंडाल पर पेट्रोल बम हमले और सतखीरा के एक मंदिर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से भेंट किये गये देवी काली के सोने के मुकुट की चोरी की खबरों को निंदनीय करार दिया देते हुये वहां की सरकार से अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों और उनके पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि ये हमले वर्तमान में देखे जा रहे मंदिरों और देवताओं को अपवित्र करने तथा नुकसान पहुंचाने के एक व्यवस्थित पैटर्न का अनुसरण करते हैं। विदेश मंत्रालय ने कहा, हमने ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और सतखीरा में प्रतिष्ठित जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। ये निंदनीय घटनायें हैं।

# आखिर कैसे कर दी गई बाबा सिद्दीकी की हत्या!

## लॉरेंस बिश्नोई का पाकिस्तानी गैंगस्टर से बातचीत का वीडियो वायरल

एनसीआर समाचार

**मुंबइ!** मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग एक बार फिर चर्चा में है क्योंकि इसी गैंग ने कत्ल को अंजाम देने की जिम्मेदारी ली है. इसके साथ ही लॉरेंस बिश्नोई का जेल से मोबाइल फोन के जरिए आपराधिक गतिविधियों को संचालित करने का मामला भी एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है.

इसी साल जून महीने में 19 सेकंड का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई को पाकिस्तान स्थित गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से वीडियो कॉल पर बात करते हुए देखा गया था. सिद्दीकी की हत्या में बिश्नोई का नाम सामने आने के बाद, लोगों ने इस वीडियो का हवाला देते हुए जेल प्रशासन पर अब बिश्नोई को मोबाइल फोन की सुविधा उपलब्ध कराने का आरोप लगाया है.

रिपोर्ट के मुताबिक 31 साल का लॉरेंस बिश्नोई व्यक्तिगत रूप से मोबाइल फोन नहीं रखता है, लेकिन वो किसी अन्य कैदी या अपने करीबी के फोन का उपयोग करता है. रिपोर्ट्स के अनुसार, बिश्नोई को पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या के बारे में जेल के अंदर ही जानकारी मिली थी.



### पुलिस ने अब तक तीन लोगों को किया गिरफ्तार

महाराष्ट्र पुलिस ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में प्रवीण लोनकर को रविवार शाम पुणे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश में शामिल होने के आरोप में 28 वर्षीय लोनकर की कल से तलाश कर रही थी। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद शुभम लोनकर नाम के व्यक्ति ने फेसबुक पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने दावा किया है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सिद्दीकी की हत्या की है। इसके बाद पुलिस लोनकर बंधुओं की तलाश में जुट गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक प्रवीण लोनकर को आज देर शाम पुणे से गिरफ्तार किया गया। प्रवीण लोनकर, शुभम लोनकर का बड़ा भाई हैं। पुलिस सूत्रों ने बताया कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश में प्रवीण लोनकर के साथ शुभम लोनकर भी शामिल था। दोनों ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के लिए धर्मराज कश्यप और शिव कुमार गौतम को सुपारी दी थी। पुलिस ने अब तक प्रवीण लोनकर समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और दो अन्य की तलाश जारी है। पुलिस को यह जानकारी मिलने के बाद कि वह बिश्नोई गिरोह के संपर्क में है, महाराष्ट्र के अकोट तालुका के नेवरी के शुभम लोनकर की तलाश की जा रही है। हालाँकि, वह अपने भाई के साथ, जून 2024 से गाँव छोड़ चुका था। पुलिस, जो बिश्नोई गिरोह के साथ संबंध के संबंध में दोनों लोनकर की तलाश कर रही थी, घर पर ताला लगा होने के कारण उनमें से कोई भी घर पर नहीं मिला। लोनकर के पड़ोसियों ने भी पुलिस को बताया कि दोनों जून 2024 के पहले सप्ताह में अकोट छोड़कर चले गए थे।

### काले हिरण के शिकार मामले के बाद सलमान के पीछे पड़ा गैंग

गौरतलब है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग 1998 में सलमान खान द्वारा दो काले हिरणों के शिकार के बाद से ही उन्हें निशाना बनाने की धमकी देता रहा है क्योंकि बिश्नोई समाज काले हिरण को पवित्र और पूजनीय मानता है. इस साल अप्रैल में भी बिश्नोई गैंग के कथित सदस्यों ने सलमान खान के मुंबई स्थित घर पर गोलीबारी की थी. इसके बाद, गोलीबारी में शामिल एक शूटर की पुलिस हिरासत में मौत हो गई थी, जिससे बिश्नोई गैंग भारी गुस्से में था. सिद्दीकी की हत्या के बाद रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा गया था, 'अगर हमारे भाइयों को कोई मारेगा, तो हम जरूर बदला लेंगे, हम पहले हमला नहीं करते हैं, लेकिन अगर कोई हमें उकसाएगा, तो हम चुप नहीं बैठेंगे.'

### सिद्दीकी हत्या मामले में शिंदे, फडणवीस दें इस्तीफा : कांग्रेस



कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र में कड़ी सुरक्षा से लैस पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या गंभीर मुद्दा है और इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए। कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा सिद्दीकी को वाई श्रेणी की सुरक्षा हासिल थी, इसके बावजूद सुरक्षा में सेंध लगाकर उनकी हत्या की गई है, जो अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा, बाबा सिद्दीकी को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। ये वारदात किसी सुनसान बीहड़ की नहीं बल्कि मुंबई के बांद्रा की है। बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और पूर्व मंत्री थे। उन्हें वाई लेवल की सिक्योरिटी मिली हुई थी इसके बावजूद उनकी हत्या कर दी गई। सवाल है कि यदि वाई लेवल की सिक्योरिटी से लैस व्यक्ति के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी का क्या होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा, आज महाराष्ट्र की महायुति सरकार में हर व्यक्ति डर के साए में जी रहा है। डबल इंजन सरकार का दावा करने वाले गृह मंत्री खामोश हैं। देश में कल विजयदशमी का त्योहार था, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन महाराष्ट्र में कल जो हुआ वो सबने देखा। गोस्वामी तुलसीदास जी ने बताया था कि राम राज्य कैसा होना चाहिए लेकिन शायद स्वघोषित धर्म के ठेकेदारों को राम राज्य के बारे में याद नहीं है। आज महाराष्ट्र में रावणराज है जिसका अंत करने के लिए जनता तैयार बैठी है और इसीलिए शायद ये चुनाव की तारीखों को टालने का काम कर रहे हैं। जब सरकार खुद अपराधियों की सरपरस्त बन जाए, तो गुनाहगारों का हौसला बुलंद रहता है। उन्होने कहा, डबल इंजन सरकार की जिम्मेदारी भी डबल हो जाती है। इस मामले में अगर सरकार की थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो श्री शिंदे, श्री फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है, जो जनता आपको सत्ता से हटाने के लिए तैयार बैठी है। बाबा सिद्दीकी की हत्या बहुत ही दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर संवेदना प्रकट की है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। सरकार से जुड़े हुए एक हाईप्रोफाइल नेता की सरेआम हत्या कर दी जाती है, जो दिखाता है कि सरकार अपने ही नेता की सुरक्षा नहीं कर पाई।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री दिल्ली में विजयादशमी कार्यक्रम में हुए शामिल



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को लाल किला मैदान में श्री धार्मिक रामलीला कमेटी के विजयादशमी कार्यक्रम में शामिल हुए। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर भगवान राम, लक्ष्मण और सीता का तिलक लगाकर अभिवादन किया। लीला मंचन के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने तीर चला कर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले दहन किए।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

लाल किला मैदान में राष्ट्रपति और पीएम के आगमन से लाल किला मैदान में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर केवल उन्हीं वाहनों का प्रवेश पार्किंग परिसर में जाने दिया जा रहा है, जिनके लिए विशेष पास जारी किए गए हैं।

लाल किला के पीछे रिंग रोड, हनुमान सेतु, और नेताजी सुभाष मार्ग समेत विशिष्ट अतिथियों के आगमन से यातायात बाधित है। समितियों ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वह सार्वजनिक परिवहन के माध्यम से लाल किला में रामलीला मैदानों में पहुंचे। वहीं, निगम की टीम ने विशेष फॉगिंग अभियान चलाकर मच्छररोधी गतिविधियां की।

# देश भर में विजयदशमी की धूम

## बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** देशभर में शारदीय नवरात्र पूरा होने के अवसर पर शनिवार को विजयदशमी की धूम रही और अलग-अलग स्थानों पर बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन किया गया।

राष्ट्रीय राजधानी के लाल किला में हुआ रावण दहन जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाग लिया जिसमें दोनों ने राम-लक्ष्मण को तिलक भी लगाया

दिल्ली में आयोजित रावण दहन के कार्यक्रम में राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा कई स्थानों पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किये गये।

राजधानी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले के माधव दास पार्क में 'रावण दहन' कार्यक्रम में भाग लिया। इससे पहले श्री मोदी ने



लोगों को विजयादशमी-दशहरा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, मैं कामना करता हूं कि आप सभी मां दुर्गा और प्रभु श्री राम के आशीर्वाद से जीवन के हर क्षेत्र में जीत हासिल करें। विजयादशमी दुर्गा पूजा के समापन का प्रतीक माना जाता है। राक्षस राजा रावण पर भगवान राम की जीत का जश्न मनाती है। दशहरा समारोह के हिस्से के रूप में लाल किले के माधव दास पार्क में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए।

रावण दहन से पहले राष्ट्रपति मुर्मु और श्री मोदी ने दशहरा समारोह में शामिल होने के लिए लाल किले के माधव दास पार्क में भगवान राम, लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले कलाकारों के माथे पर 'तिलक' भी लगाया।

इस अवसर पर भगवान हनुमान की भूमिका निभाने वाले अभिनेता विंदू दारा कहते हैं, ह्लमेरा संदेश यह है कि प्रधान मंत्री मोदी ने 'सबका साथ सबका विकास' कहा है। भारत एकजुट है और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है और यह हम सभी की जिम्मेदारी है। इसे और भी बेहतर बनाओ...।

इससे पहले दिन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दशहरा के पावन अवसर पर पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर पारंपरिक शस्त्र पूजा की। भारतीय सेना में यह महत्वपूर्ण समारोह राष्ट्र की संप्रभुता के रक्षक के रूप में हथियारों के प्रति सम्मान का प्रतीक है। रक्षा मंत्री ने कलश पूजा के साथ अनुष्ठान प्रारंभ किया, उसके बाद शस्त्र पूजा और वाहन पूजा की। उन्होंने अत्याधुनिक पैदल सेना, तोपखाने और संचार प्रणालियों, गतिशीलता प्लेटफार्मों और ड्रोन प्रणालियों सहित कई आधुनिक सैन्य उपकरणों की भी पूजा की। रक्षा मंत्री की सैनिकों के साथ बातचीत के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

# विश्व युद्ध में बदल सकता है इजरायल-ईरान युद्ध!

## ❍ डाना ने कहा-चिंताजनक हैं संकेत ❍ अमेरिका इस जंग में सीधे नहीं होगा शामिल

**नई दिल्ली।** धुएं के गुबार, टनों मलबा, चीखें, तबाही, डर और अनिश्चितता... गाजा का अधिकतर हिस्सा अब समतल हो गया है. 40 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है. अब ऐसे ही हालात साउथ लेबनान में होते जा रहे हैं. मिडिल ईस्ट जल रहा है. लेबनान में इजरायली टैंक गरज रहे हैं. बेरूत में बम फट रहे हैं. हिज्बुल्लाह लगभग हर दिन अपने कमांडर खो रहा है. आम नागरिक लगभग हर मिनट बम शेल्टर की तलाश में भाग रहे हैं. इसी बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान के लोगों को संबोधित किया. दरअसल,ये जंग सिर्फ इजरायल के बाहर नहीं लड़ी जा रही, बल्कि नेतन्याहू को इजरायल के लोगों को जवाब देना है. वह अपने जीवन की सबसे बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं. करीब 60



हजार इजरायली बेघर हैं.

इजरायली डिफेंस फोर्स और क्रअ ने इन बेघर लोगों को घर वापस लाने का संकल्प लिया है, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन और नेतन्याहू के बीच सीधी बातचीत में अमेरिका ने इजरायल से ईरान के खिलाफ बेवजह हमला न करने का आग्रह किया. ये क्षेत्र खतरे की कगार पर है. अमेरिका को डर है कि ईरान की तेल सुविधाओं और न्यूक्लियर साइट पर इजरायल ने हमला किया तो पूरा मिडिल ईस्ट जल उठेगा.

दुनिया उत्सुकता से देख रही है कि आगे क्या होगा? नेतन्याहू और ईरान के सर्वोच्च नेता दोनों के लिए क्या दांव पर लगा है? क्या इजरायल बाइडेन की बात सुनने और ईरान को लेकर सही कदम उठाने के आह्वान पर ध्यान देने को तैयार हैं? क्या जंग नेतन्याहू की रणनीति के अनुसार चल रही है? क्या इजरायल यही चाहता था... हालांकि इन सवालों का अभी कोई जवाब नहीं है.

डाना स्ट्रॉल, वाशिंगटन इंस्टीट्यूट फॉर नियर ईस्ट पॉलिसी में रिसर्च डायरेक्टर के पद पर तैनाता हैं, जबकि शैली और माइकल कासेन सीनियर फेलो हैं. डाना ने फरवरी 2024 में यह पद संभाला था. वे 2021-2023 तक मिडिल ईस्ट के लिए फोकस्ड डिफेंस डिप्टी असिस्टेंट सेक्रेटरी के पद पर कार्यरत थीं, जो कि इस क्षेत्र पर नजर रखने वाले पेंटागन के शीर्ष नागरिक अधिकारी हैं.

**7 अक्टूबर 2023 से हुई थी जंग की शुरूआत**

जिन सवालों का उपर जिक्र किया गया है, उन सवालों के जवाब की तलाश में आजतक ने डाना स्ट्रॉल से बात की. डाना कहती हैं कि ये सब पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था. मिडिल ईस्ट पर नजर रखने वाली डाना ने कहा कि सबसे पहले इस पर विचार करना जरूरी है कि ये सब कहां से शुरू हुआ. यानी 7 अक्टूबर को जब हमास ने इजरायल पर अटैक किया और 1000 से ज्यादा इजरायली नागरिकों की बेरहमी से हत्या की. इस हमले के ठीक अगले दिन हिज्बुल्लाह ने 8 अक्टूबर को इजरायल पर हमला करना शुरू कर दिया था. पिछले साल 7 अक्टूबर से लेकर अब तक इराक और सीरिया में ईरान समर्थित समूह मिलिशिया, लेबनान में हिज्बुल्लाह, यमन में हूती सभी ने इजरायल के खिलाफ लड़ाई लड़ी है. इराक और सीरिया में अमेरिकी सेना पर भी हमला किया है.

# जम्मु कश्मीर से राष्ट्रपति शासन हटा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव सम्पन्न होने के बाद रविवार को वहां पर लागू राष्ट्रपति शासन हटाने की घोषणा की। इस निर्णय के साथ राज्य में नयी सरकार के गठन का मार्ग खुल गया है।

जम्मू कश्मीर में 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए हाल में सम्पन्न चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के गठबधन को स्पष्ट बहुमत मिला है। नेशनल कांफ्रेंस 42 सीटों पर और कांग्रेस पार्टी 6 सीटों पर विजय हुयी है। भारतीय जनता पार्टी 29 सीटों के साथ दूसरे सबसे बड़े दल के रूप में उभरी है। नेशनल कांफ्रेंस ने पूर्व मुख्यमंत्री और उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को मुख्यमंत्री बनाये जाने का प्रस्ताव किया है। उन्हें श्रीनगर में बुधवार को शपथ दिलायी जा सकती है। गृह मंत्रालय के जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख विभाग द्वारा जारी एक अधिसूचना में जम्मू कश्मीर में राष्ट्रपति शासन हटाने के राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु के आदेश की घोषणा की गयी है।

आदेश में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर में मुख्यमंत्री की नियुक्ति से तुरंत पहले इस केन्द्र शासित क्षेत्र में लागू 31 अक्टूबर 2019 का आदेश हट जायेगा।

एनसीआर समचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**कार्यालय :**
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली- 62

**फोन :**
8888883968
9811111715

### एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार पत्र के समस्त पाठकों तथा समाचार पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टर जी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृव में हो रहा है।

**अतः** भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नए कार्यालय जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली- 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 सम्पर्क करें।

## जर्मनी में सेकंड वर्ल्ड वॉर का बम मिला, 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया, डिफ्यूज करने में आधा घंटा लगा

हैम्बर्ग। जर्मनी के हैम्बर्ग प्रांत में सेकंड वर्ल्ड वॉर के टाइम का बम मिला है। शनिवार को स्टर्नशांजे जिले में बम की सूचना मिलने के बाद 300 मीटर के दायरे में रहने वाले करीब 5 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला गया। इसके अलावा पुलिस ने इलाके के रेस्तरां और बार भी बंद करा दिए थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक एक प्राइमरी स्कूल के कंस्ट्रक्शन के दौरान ये मिला था। अधिकारियों ने बताया कि बम को सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया गया है। इसे डिफ्यूज करने में करीब आधे घंटे का वक्त लगा था। बम मिलने की वजह से जिले में रेल सर्विस को भी रोकना पड़ा। जर्मनी में सेकेंड वर्ल्ड वॉर के बमों का मिलना आम बात है, जिन्हें बाद में डिफ्यूज कर दिया जाता है।

**पिछले हफ्ते जापान में फटा था बम-**

जापान के दक्षिणी हिस्से में मियाजाकी एयरपोर्ट पर 3 अक्टूबर को एक बम विस्फोट हुआ था। इस बम को अमेरिका ने सेकंड वर्ल्ड वॉर के दौरान जापान पर गिराया था। हालांकि जब इसे गिराया गया, तब इसमें विस्फोट नहीं हो पाया था। इसकी वजह से ये दबा रहा। ये बम विस्फोट एयरपोर्ट के टेक्सी-वे की साइड में हुआ था। बम विस्फोट के बाद एयरपोर्ट पर उड़ानों को रद्द कर दिया गया था।

## यमन के अल-हुतैब गांव में आज तक नहीं हुई बारिश

सना। यमन की राजधानी सना के पश्चिम में स्थित अल-हुतैब गांव में आज तक बारिश नहीं हुई है। यह खबर सुनकर आप को यकीन नहीं होगा लेकिन यह सच्चाई है। दरअसल यह गांव समुद्र तल से लगभग 3,200 मीटर की ऊंचाई पर बसा हुआ है और यह एक ऐसा स्थान है जहां आज तक कभी बारिश नहीं हुई। अल-हुतैब का मौसम बेहद अनोखा है। रात और सुबह के समय यहां कड़ाके की ठंड होती है, जबकि दिन में तापमान बेहद गर्म रहता है। सुबह-सुबह यहां के लोग भारी रजाई में लिपटे रहते है, लेकिन जैसे ही सूरज निकलता है, गर्मी से हाल बेहाल हो जाता है। दिनभर पानी की तलब बनी रहती है। हालांकि, इस गांव के अनोखे मौसम के बावजूद, यह एक पॉपुलर टूरिस्ट डेस्टिनेशन बन चुका है। दुनिया भर के लोग यहां घूमने के लिए आते हैं, खासकर इसलिए क्योंकि यह पहाड़ी पर बसा है। यहां से नीचे के दृश्यों को देखना अद्भुत लगता है, जिससे लोग स्वर्गीय अनुभव महसूस करते हैं। परंतु, क्या आपने सोचा है कि यहां बारिश क्यों नहीं होती? दरअसल, यह गांव एक ऊंची पहाड़ी की चोटी पर स्थित है, जहां बादल कभी नहीं आते। पहाड़ी के नीचे बनने वाले बादल निचले इलाकों में बरसात करते हैं, जबकि अल-हुतैब पर बादल बनने का कोई मौका नहीं मिलता। यही कारण है कि यहां पर अब तक कोई वर्षा नहीं हुई है। इस गांव में अधिकांश लोग 'अल-बोहरा या अल-मुकरमा' समुदाय से जुड़े हैं, जो मुस्लिम धर्म को मानते हैं। यह समुदाय यमन या यमनी के रूप में भी जाना जाता है। इन लोगों के घर भी आकर्षक हैं और ग्रामीण एवं शहरी वास्तुकला का सुंदर मिश्रण प्रस्तुत करते हैं। युवाओं के लिए यह गांव एक अनोखा अनुभव है। अल-हुतैब गांव की इस अनोखी विशेषता ने इसे एक विशेष पर्यटन स्थल बना दिया है, जहां लोग अपने जीवन में एक बार जरूर जाना चाहेंगे। दुनियाभर में कई अजीबोगरीब जगहें हैं, जो अपनी अनोखी विशेषताओं के लिए चर्चा में रहती हैं। इनमें से एक है यमन का यह गांव भी है।

## 57 साल बाद फेसबुक पर मिला शादी का खोया वीडियो

ब्रिस्बेन। जरा सोचिए, यदि किसी का शादी का वीडियो खो जाए, तो उसे दोबारा प्राप्त करना कितना कठिन हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया के एक कपल का खोया हुआ शादी का वीडियो 57 साल बाद पुन: प्राप्त हुआ। ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में रहने वाले एलीन टर्नबुल और उनके पति बिल की शादी 1967 में स्कॉटलैंड में हुई थी। शादी के तुरंत बाद उन्होंने एक प्रोजेक्टर उधार लिया था ताकि वे अपनी शादी का वीडियो देख सकें। दुर्भाग्यवश, नवविवाहित जोड़े ने प्रोजेक्टर में फिल्म को डालकर निकालना भूल गए और इसके बाद से उन्हें शादी का वीडियो दोबारा देखने को नहीं मिला। फिल्म रील का कोई पता नहीं चला, और उनका वीडियो गुम हो गया। किस्मत ने फिर से अपना खेल दिखाया। हाल ही में, 77 वर्षीय एलीन फेसबुक स्क्रॉल कर रही थीं, जब उनकी नजर एक ग्रुप पर पोस्ट की गई एक फोटो पर पड़ी। यह फोटो उनके ही शादी के वीडियो से ली गई थी। इसे देखकर वह हैरान रह गईं और तुरंत अपने पति को दिखाया, जो इसे देखकर चकित रह गए। यह फोटो स्कॉटलैंड के टेरी चैनी द्वारा पोस्ट की गई थी। दरअसल, टेरी उस व्यक्ति के भतीजे थे, जिन्होंने शादी के बाद कपल को प्रोजेक्टर उधार दिया था। टेरी ने अपने अंकल के घर से कई फिल्में पाई थीं, जिन्हें उन्होंने डीवीडी में ट्रांसफर किया और फेसबुक पर साझा करना शुरू किया। उनकी इस कोशिश का नतीजा यह निकला कि उन्होंने वीडियो का लिंक बनाकर कपल को भेजा, जिससे उनके जीवन का एक सपना सच हो गया। इस अद्भुत कहानी ने साबित कर दिया है कि कभी-कभी किस्मत और तकनीक मिलकर अतीत के कुछ अनमोल पल फिर से जीने का मौका दे सकते हैं। मालूम हो कि आजकल शादी की तस्वीरें और वीडियोज लेना सामान्य बात हो गई है, लेकिन एक समय ऐसा था जब शादियों का वीडियो बनवाना बेहद दुर्लभ था। उस दौर में, अगर किसी की शादी का वीडियो होता, तो उसे अमीर और प्रगतिशील परिवार की पहचान समझा जाता था।

## कनाडा में सरकार के 40 सांसद करेंगे खेला, गिर सकती है जस्टिन ट्रूडो की सरकार

मॉन्ट्रियल। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ने वाली है। कनाडा में सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी के सांसदों का एक ग्रुप जस्टिन ट्रूडो पर पद छोड़ने का दबाव बना रहा है। स्थिति से जुड़े करीबी सूत्रों ने बताया कि टोरंटो और मॉन्ट्रियल में हाल के उपचुनावों में हार के बाद असंतोष चरम पर पहुंच गया है। इसके बाद असंतुष्ट सांसदों के बीच गुप्त बैठक शुरू हो गई, जिससे जस्टिन ट्रूडो की मुश्किलें बढ़ गई हैं। कम से कम 30 से 40 सांसद एक पत्र पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार हैं। हालांकि अगर इतने सांसद खिलाफ जाते हैं तो भी ट्रूडो सरकार नहीं गिरेगी। कनाडा के हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी के पास 153 सीटें हैं। टोरंटो सेंट में हार के बाद से कम से कम 20 नेताओं ने नेतृत्व में बदलाव के लिए दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए हैं। जून में उपचुनाव के बाद से लिबरल पार्टी के अंदर असंतोष पनप रहा है। यह अशांति मॉन्ट्रियल उपचुनाव में हार के बाद और बढ़ गई। एशिया में हाल के शिखर सम्मेलन में ट्रूडो और उनके चीफ ऑफ स्टाफ केटी टेलफोर्ड की अनुपस्थिति ने निराश सांसदों को एकजुट होने और आगे बढ़ने की रणनीति बनाने में मदद की।

## श्रीलंका सरकार फिर कराएगी हाई-प्रोफाइल मामलों की जांच, आदेश किए जारी

कोलंबो। श्रीलंका सरकार ने पुलिस को कुछ हाई-प्रोफाइल मामलों की फिर से जांच करने का आदेश दिया है, जिसमें 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले और 2005 में एक तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार की हत्या का मामला भी शामिल है। पिछले महीने राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल करने वाली सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पावर (एनपीपी) ने इन मामलों की फिर से जांच करने का वादा किया था, जिनका समाधान नहीं हो सका था। सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय ने यह फैसला इसलिए किया है, ताकि जांच में किसी भी तरह की चूक की पहचान की जा सके। श्रीलंका मंत्रालय के कार्यवाहक पुलिस प्रमुख से कहा है कि इन मामलों की फिर जांच की जानी चाहिए। उनमें 2015 में सेंट्रल बैंक बॉण्ड जारी करने में कथित घोटाला शामिल है, जिसके लिए पूर्व राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की तत्कालीन सरकार को दोषी ठहराया गया था। इसके अलावा 2019 के 'ईस्टर संडे' आतंकवादी हमले की भी जांच की जानी है, जिसमें 11 भारतीयों समेत 270 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। आतंकवादी हमले का गवाह बना कैथोलिक चर्च इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग करता रहा है। उसका आरोप है कि पिछली सरकारों ने राजनीति से प्रेरित होकर इस हमले पर पर्दा डाल दिया था। जिन अन्य मामलों की जांच की जानी है उनमें तमिल अल्पसंख्यक समुदाय के पत्रकार डी. शिवराम की 2005 में हुई हत्या और उस समय पूर्वी विश्वविद्यालय के प्रमुख एक तमिल अल्पसंख्यक शिक्षाविद का 2006 में अपहरण किए जाने और लापता होने का मामला भी शामिल है।



जापान में लोग हिरोशिमा पीस मैमोरियल पार्क में एटम बम डोम को देखते हुए।

## नेतन्याहू ने रतन टाटा के निधन पर शोक जताया



येरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दोनों देशों के बीच मित्रता का समर्थक बताया। नेतन्याहू ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में इजराइल-भारत संबंधों को बढ़ावा देने में रतन टाटा के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने शनिवार को एक पोस्ट में लिखा, मेरे मित्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी। मैं और इजराइल के असंख्य लोग भारत के महान सपूत और दोनों देशों के बीच मित्रता के हिमायती रतन नवल टाटा के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री मोदी से रतन टाटा के शोकाकुल परिवार के प्रति उनकी संवेदना व्यक्त करने को कहा। उन्होंने अपने पोस्ट के अंत में कहा, (शोकाकुल परिवार के प्रति) संवेदनाओं के साथ, बेंजामिन नेतन्याहू। सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने भी गुरुवार को रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें अपने देश का सच्चा मित्र बताया था। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को रतन टाटा के निधन पर शोक व्यक्त किया था तथा नवाचार और विनिर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की थी तथा भारत एवं फ्रांस में उद्योगों को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका को स्वीकार किया था।

## ईरान के सैन्य ठिकानों पर हमला करेगा इजराइल

**-ईरान ने अरब देशों से कहा- हम पलटवार करेंगे**



**तेलअवीव (एजेंसी)।** ईरान ने हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत का बदला लेने के लिए 1 अक्टूबर को इजराइल पर 200 मिसाइलें दागी थीं। अमेरिका को शक है कि इसका बदला लेने के लिए इजराइल अब ईरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बना सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका को नहीं लगता कि इजराइल पलटवार में ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाएगा। हालांकि, ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर अटैक की आशंका भी जताई गई है।

वहीं, ईरान ने अमेरिका और मिडिल ईस्ट के कुछ देशों को कहा है कि अगर इजराइल ने हमला किया तो वे जवाब जरूर देंगे। ईरान से तनातनी के बीच नेतन्याहू आज फिर से कैबिनेट की मीटिंग करेंगे। इसमें ये चर्चा की जाएगी कि ईरान के 1 अक्टूबर को किए गए हमले पर पलटवार कैसे करें। इससे पहले शुक्रवार को भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, उसमें कोई फैसला नहीं हो पाया था।

### इजराइली हमले में लेबनान के 13 लोगों की मौत

इजराइल ने शनिवार को लेबनान के 2 कस्बों पर हमले किए। इनमें एक बारजा बेरूत से 32 किलोमीटर दूर है, जहां ज्यादातर सुन्नी आबादी वाले लोग रहते हैं। इजराइल के हमले में यहां 4 लोग मारे गए। हिजबुल्लाह शियाओं का संगठन है इसके चलते लेबनान जंग में इजराइल ने अब तक शिया इलाकों को निशाना बनाया था। सुन्नी कस्बे पर हमला पहली बार हुआ है। वहीं, उत्तरी लेबनान के मायसरा में भी इजराइली हमले में 9 लोगों की मौत हुई है। दूसरी तरफ इजराइल ने दावा किया है हिजबुल्लाह ने शनिवार को उन पर 300 प्रोजेक्टाइल (छोटी मिसाइलें) दागी हैं।

### इजराइल के खिलाफ हु के बयान पर सहमत भारत

यूएन और 40 देशों की अपील के बावजूद लेबनान में तैनात पीसकीपिंग फोर्स पर इजराइल के हमले जारी हैं। पिछले 2 दिनों में 5 सैनिक घायल हो चुके हैं। इस बीच हु में भारत ने कहा है कि हम पीसकीपिंग मिशन में सैनिकों के जरिए योगदान देने वाला एक अहम देश हैं। पीसकीपर्स की सुरक्षा सबसे अहम है, हस्ट के प्रस्तावों के तहत इसे सुनिश्चित किया जाना चाहिए। भारत ने कहा-हम शांति के लिए लेबनान में सैनिक तैनात करने वाले 34 देशों के उस साझा बयान का समर्थन करते हैं, जिसमें सैनिकों की सुरक्षा की मांग की गई है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने भी शनिवार को इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट से इस मुद्दे पर बात कर जल्द कोई समाधान निकालने की मांग की है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं कमला हैरिस



**-मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया, ट्रम्प को हेल्थ कार्ड सार्वजनिक करने का चैलेंज दिया**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से 23 दिन पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस अपना मेडिकल रिकॉर्ड जारी किया है। इसमें उन्हें पूरी तरह से फिट घोषित किया है।

कमला ने अपना फिटनेस रिकॉर्ड जारी कर रिपब्लिकन पार्टी के कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रम्प से भी मांग की है कि वे अपना हेल्थ रिकॉर्ड सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रम्प ये नहीं चाहते कि अमेरिकी लोगों को ये पता चले कि वे राष्ट्रपति बनने के लिए फिट हैं या नहीं। इस पर ट्रम्प की टीम ने उनके मेडिकल रिकॉर्ड जारी किए बिना बयान जारी कर कहा कि ट्रम्प की सेहत बिल्कुल ठीक है। कमला में राष्ट्रपति बनने का स्टैमिना नहीं है।

### कमला के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री

एकतरफ जहां व्हाइट हाउस ने उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस को राष्ट्रपति बनने के लिए फिट घोषित किया है। वहीं उनके डॉक्टर जोशुआ सिमोंस ने बताया है कि कमला हैरिस के परिवार में कोलोन कैंसर की हिस्ट्री रही है। उन्हें कुछ चीजों से एलर्जी भी है। रूस के खिलाफ़ लगातार कोलोनोस्कॉपी कराती रहती हैं और अपना ध्यान रखती हैं। कमला के मेडिकल रिकॉर्ड जारी होते ही उनकी टीम ने एक्स पर लिखा था- अब तुम्हारी बारी डोनाल्ड ट्रम्प। इससे पहले कमला ने एक रैली में ट्रम्प की मेंटल हेल्थ पर भी सवाल उठाए थे। कमला ने कहा था- वे कभी-कभी खो जाते हैं।

## जर्मनी में कुत्ता पालने पर टैक्स... अलग-अलग ब्रीड के हिसाब से देना होता है टैक्स

**जर्मनी (एजेंसी)।** जर्मनी में कुत्ता पालने पर टैक्स देना होता है। इस टैक्स से जर्मनी को अच्छी कमाई होती है। भारतीय मुद्रा के हिसाब से 3866 करोड़ रुपए की कमाई। दरअसल जर्मनी में अलग अलग नगरपालिकाएं डॉग ओनर्स से टैक्स वसूलती हैं। जर्मनी में लोग खूब कुत्ते पालते हैं। हालांकि अलग अलग ब्रीड के कुत्तों पर लगाने वाले टैक्स की रकम भी अलग अलग होती है। ऑस्ट्रिया में भी कुत्ते के मालिकों को अपने पालतू जानवरों को रजिस्ट्रेशन कराना होता है। स्विट्जरलैंड में भी ये टैक्स होते हैं। नीदरलैंड में नगर पालिकाएं इसके लिए अलग-अलग टैक्स लगाती हैं। जो अलग शहर और नगरपालिकाओं के अनुसार होता है। भारत में भी इस तरह के टैक्स की अवधारण जनवरी 2023 में पेश की गई थी, जिसे हरकत में नहीं लाया जा सका।

जर्मनी में अगर आप कुत्ता पालना चाहते हैं, तब आपको किसी ब्रीडर के पास जाना होगा। कई लोग विदेश से भी कुत्ता गोद लेकर जर्मनी लाते हैं। इसके लिए काफी कागजी कार्रवाई करनी पड़ती है। आप जहां रहते हैं, वहां की नगर पालिका एक सालाना टैक्स लेती है। यह टैक्स कुत्ता पालने पर लिया जाता है। हालांकि पालतू बिल्लियां इस टैक्स के दायरे में नहीं आतीं। टैक्स की रकम एक जैसी नहीं है। ये घर में कुत्तों की संख्या या कुत्ते की ब्रीड के हिसाब से अलग-अलग हो सकती है। यहां तक अगर डॉग के बच्चा हो रहा तब भी तीन महीने के भीतर उसका रजिस्ट्रेशन कराना होता है। आमतौर पर नगर पालिका के दफ्तर, या टाउन हॉल जाकर रजिस्ट्रेशन कराया जाता है। कुछ शहरों और नगर पालिकाओं में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है। कुत्ते के गुम होने या उसकी मौत होने पर भी विभाग को सूचना देना जरूरी है। जरूरी नहीं कि टैक्स से मिली रकम खास पालतू जीवों से जुड़ी सर्विस में खर्च हो। इस नगर पालिका कई तरह के मद में, जैसे कि सामुदायिक सेवाओं पर खर्च कर सकती है।

कुत्तों की वॉक उनकी एक जरूरी दिनचर्या है। कुत्ता सुबह शाम बाहर घूमे बगैर नहीं मानता। मल भी कुत्ता बाहर ही करते हैं। लिहाजा जब सुबह शाम वहां वाक करने जाते हैं, तब सार्वजनिक स्थानों पर ही मल करते हैं। इस मल को डॉग ओनर को थैलियों में भरकर उनके लिए बने कूड़ेदानों में फेंकना होता है। जो जर्मनी में सड़क किनारे, नदियों के पास बने रास्तों पर या पार्कों में खास कूड़ेदान लगाए जाते हैं। नगर पालिका इससे संबंधित जो सफाई करती है, उसकी भरपाई टैक्स से करती है।

## ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं, समान विचार वाले देशों का एक बहुराष्ट्रीय संगठन है: रूस

**मास्को (एजेंसी)।** रूसी विदेश मंत्रालय ने ने कहा कि ब्रिक्स सैन्य संगठन नहीं है, कभी नहीं रहा है और न ही बनने जा रहा है। ब्रिक्स एक अंतरराष्ट्रीय संगठन या एकीकरण संरचना भी नहीं है, बल्कि समान विचार वाले सदस्यों वाला एक बहुराष्ट्रीय संगठन है।

मीडिया रिपोर्ट में एक लेख (जिसमें सुझाव दिया गया था कि ब्रिक्स के विस्तार से नाटो को चिंतित होना चाहिए।) पर टिप्पणी करते हुए रूसी मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स एक बहु-विषयक रणनीतिक साझेदारी है, जो तीन स्तंभों राजनीति और सुरक्षा, अर्थशास्त्र एवं वित्त और संस्कृति एवं मानवीय संबंध पर टिका है। रिपोर्ट में रूसी मंत्रालय ने बयान में कहा कि ब्रिक्स भागीदारों के बीच संबंध समानता, आपसी सम्मान, खुलेपन, व्यावहारिकता, एकजुटता और सबसे महत्वपूर्ण बात किसी के विरोध न करने पर आधारित हैं। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का एक मुख्य उद्देश्य निष्पक्ष और बहुपक्षीय विश्व आर्थिक प्रणाली बनाना है। इसके साथ ही मंत्रालय ने कहा कि अपनी स्थापना के बाद से ही इस ब्लॉक ने अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी देशों की संप्रभुता के सम्मान के आधार पर अंतरराष्ट्रीय विवादों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन किया है। मंत्रालय ने कहा कि ब्रिक्स का विस्तार विश्व अर्थव्यवस्था में बदलावों को दर्शाता है और अंतरराष्ट्रीय मामलों में विकासशील राज्यों की भूमिका को मजबूत करने में योगदान देता है। ब्रिक्स एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसकी स्थापना 2006 में की गई थी। रूस ने 1 जनवरी, 2024 को ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली। इस साल की शुरुआत रूस, ब्राज़ील, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के अलावा अब इसमें मिस्र, इथियोपिया, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब शामिल हो गए हैं। रूस की ब्रिक्स अध्यक्षता निष्पक्ष वैश्विक विकास और सुरक्षा के लिए बहुपक्षवाद को मज़बूत करने पर केंद्रित है।

## बांग्लादेश सरकार सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे: भारत

**ढाका (एजेंसी)।** बांग्लादेश में ढाका के तांतीबाजार में पूजा मंडप पर हमले और जेशोरेश्वरी काली मंदिर में चोरी की घटना पर भारत ने चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बांग्लादेश में मंदिरों और देवी-देवताओं को अपवित्र करने की साजिश हो रही है। इन घटनाओं को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया जा रहा है। भारत ने मांग की है कि बांग्लादेश सरकार सभी अल्पसंख्यकों के पूजा स्थलों की सुरक्षा करे। भारत के इन आरोपों के बीच बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हम बांग्लादेश को ऐसा देश बनाना चाहते हैं जहां सभी धर्मों के लोगों के अधिकारों की सुरक्षा हो। वहीं, बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के तख्तापलट के बाद से अल्पसंख्य समुदाय पर हमले की कई खबरें सामने आई हैं। दुर्गा पूजा के दौरान ही कई मंदिरों पर हमले और चोरी हुई हैं। पहली घटना ढाका के तांतीबाजार में शुक्रवार रात को एक शख्स ने दुर्गा पंडाल में बम फेंका। हालांकि बम फटा नहीं। पंडाल की सिक्योरिटी में लगे लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की तो उसे बचाने के लिए आ गए। इन्होंने आरोपी को बचाने के लिए चाकूबाजी शुरू कर दी। इसमें 5 लोग घायल हो गए। दूसरी घटना बांग्लादेश के जेशोरेश्वरी मंदिर से मां काली का मुकुट चोरी हो गया। यह सोने की परत चढ़ा चांदी का मुकुट है। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया। पीएम मोदी 2021 में बांग्लादेश दौरे के दौरान जेशोरेश्वरी मंदिर दर्शन के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने यह मुकुट मंदिर में चढ़ाया था।

## 44 साल में पहली बार लेबनान छोड़ने की सोच रहे एलनगोवन.....अब शांति की उम्मीद नहीं

**- बिजनेस बेचकर भारत वापस लौट जाऊं**

**बेरूत (एजेंसी)।** 1989 में लेबनान में गृहयुद्ध हो रहा था। 2006 में इजराइल-लेबनान के बीच हुई जंग भी हमने देखी है, लेकिन इस बार का युद्ध अलग है। लगातार धमाकों की आवाज आती है। 44 साल में मैंने कभी लेबनान छोड़ने के बारे में नहीं सोचा। अब सोच रहा हूं सब बेचकर इंडिया चला जाऊं।'एस. एलनगोवन बेरूत में रहते हैं। तमिलनाडु के चेन्नई से सब छोड़कर लेबनान आ बसे। सोचा था कि मिडिल ईस्ट के स्विट्जरलैंड जा रहा हूं, वहां कारोबार शुरू करूंगा। एलनगोवन ने शुरुआत में कुछ वक्त नौकरी की। फिर अपनी कंपनी बनाई। अब उनकी लॉन्जरी की फैक्ट्री है।

एलनगोवन की तरह लेबनान में करीब तीन हजार भारतीय हैं। इस जंग में ये लोग भी उसकी जद में आ गए। इनमें से कई अब भारत लौटने के बारे में सोच रहे हैं। फ्लाइट महंगी है, एयरस्पेस बंद है, इसलिए लेबनान में ही फंसे हैं। एलनगोवन बताते हैं, मैं 1980 में एक एजेंसी की मदद से लेबनान आया था। शुरुआती 2 साल बहुत अच्छे थे। तब बेरूत में इंटरनेशनल टूरिस्ट आते थे। अच्छा कारोबार होता था। लेबनान आकर लोग काफी पैसे खर्च करते थे। उस दौर में बहुत शांति थी।''मैंने यहीं शादी की। मेरी पत्नी श्रीलंकन तमिल हैं। हमारे तीन बच्चे हैं। बेटी एनजीओ में काम करती है। बेटा इंडिया चला गया है। बड़ा स्टॉक मार्केट का काम करता है।'

एलनगोवन बताते हैं, एक युद्ध से उबरने में 4-5 साल लगते हैं। हम अपना बिजनेस और जिंदगी दोबारा पटरी पर लाते हैं। फिर एक युद्ध हमारी पूरी मेहनत पर पानी फेर देता है। इस बार भी ऐसा ही हो रहा है। अब विकल्प देख रहा हूं कि कैसे फैक्ट्री और घर बेचकर यहां से निकल जाऊं। मुझे यहां शांति की कोई उम्मीद नहीं है। मैं इंडिया में चेन्नई या फिर पुडुचेरी में बसने के बारे में सोच रहा हूं। मुझे पता है कि ये युद्ध जल्दी खत्म नहीं होने वाला। मैं वे दिन नहीं देखना चाहता, जब सब बर्बाद हो जाए।' गोवन अपने बिजनेस के बारे में बताते हुए भावुक हो जाते हैं। कहते हैं, 'लेबनान की इकोनॉमी बर्बाद हो गई है। हर चीज महंगी है। बिजनेस करना पहले से मुश्किल है। मुझे बच्चों की जिंदगी और सुरक्षा की चिंता लगी रहती है। हमें कोई भी दिक्कत होती है, तब हम एम्बेसी से मदद लेते हैं।





# दशहरे के बाद भी साफ है दिल्ली की हवा

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दियों का मौसम प्रदूषण को लेकर आता है। दशहरा के अगले दिन दिल्ली में वायु प्रदूषण काफी बढ़ जाता है और दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स काफी खराब हो जाता है। हालांकि दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय के मुताबिक दशहरे के अगले दिन दिल्ली वाले साफ हवा में सांस ले रहे हैं। इसके साथ ही खुद दिल्ली सरकार का मानना है कि आगामी दिनों में जब हवा रुक जाएगी, तापमान कम होगा, बारिश नहीं होगी तो ऐसे में प्रदूषण के कण नीचे की ओर आएंगे और दिल्ली के अंदर प्रदूषण बढ़ेगा।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री का कहना है कि यह लगातार दूसरा साल है जब दशहरे के बाद दिल्ली का वातावरण पहले की तुलना में साफ है। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि दिल्ली की एयर क्वालिटी अभी भी उतने खराब स्तर पर नहीं पहुंची है। वह भी तब, जबकि पिछले लगभग 10 दिनों से दिल्ली के अंदर बारिश नहीं हुई है। इसके बावजूद भी दिल्ली की हवा उतनी खराब नहीं हुई है। दिल्ली के अंदर यह लगातार दूसरा साल है जब दशहरे के अगले दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता उतनी अधिक खराब नहीं हुई है। दिल्ली सरकार ने इसका एक बड़ा श्रेय दिल्ली वासियों को भी दिया है। गोपाल राय के मुताबिक दिल्ली में वायु प्रदूषण को लेकर जागरूकता काफी बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग अब इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद कर रहे हैं।

पर्यावरण मंत्री का कहना है कि पिछले साल जनवरी से बारह अक्टूबर तक 200 दिन ऐसे थे जो वायु गुणवत्ता के लिहाज से अच्छे थे। गोपाल राय का कहना है कि वर्ष 2016 के बाद अगर हम देखें तो कोरोना काल के दौरान जब लॉकडाउन लागू हुआ था उस समय दिल्ली के अंदर 2020 में एयर क्वालिटी का यह स्तर था। गोपाल राय का कहना है कि दिल्ली की स्वच्छता को लेकर ये आंकड़े केवल दिल्ली सरकार के नहीं हैं बल्कि केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाली केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण कमेटी ने दिल्ली को लेकर यह आंकड़े जारी किए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि दिल्ली में वायु प्रदूषण कम हुआ है और इसके पीछे एक बड़ा कारण अच्छी बारिश है।

## दिल्ली की हवा खराब होने के आसार, कृत्रिम बारिश चाहती है सरकार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जल्द ही दिल्ली की हवा खतरनाक स्तर तक खराब हो सकती है। ठंड बढ़ने के साथ साथ दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स भी खतरनाक स्तर पर पहुंचने की आशंका है। वहीं पराली और दिवाली के दौरान जलाए जाने वाले पटाखों का धुआं दिल्ली में वायु प्रदूषण को और अधिक बढ़ाएगा। इस समस्या से निपटने के लिए दिल्ली सरकार कृत्रिम बारिश का सहारा लेना चाहती है। दिल्ली सरकार इसके लिए आईआईटी के विशेषज्ञों की मदद लेगी। दिल्ली सरकार ने इस संबंध में केंद्र सरकार से निवेदन किया है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि हवा में मौजूद कणों के प्रदूषण को, वाहनों से होने वाले प्रदूषण को, बायोमास बर्निंग के प्रदूषण को- कंट्रोल करने में बारिश का एक अहम रोल है। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ भी इस बात से सहमत हैं कि बारिश के जरिए दिल्ली के प्रदूषण को कम किया जा सकता है।

दीपावली के बाद तापमान कम हो जाता है, पराली के धुएं से प्रदूषण बढ़ता है, दिवाली में पटाखों से प्रदूषण बढ़ता है। ऐसे में प्रदूषण के कण नीचे की ओर आते हैं। गोपाल राय के मुताबिक ऐसी आपातकालीन स्थिति में इस प्रदूषण को कम करने के लिए कृत्रिम वर्षा एक कारगर उपाय है। राय का कहना है कि इस विषय पर उन्होंने एक महीना पहले केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को एक पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा था कि आईआईटी कानपुर समेत सभी विशेषज्ञों की एक मीटिंग बुलाई जानी चाहिए। हालांकि इस पत्र का अभी तक कोई जवाब नहीं आया है।

इसके बाद अब 10 अक्टूबर को दिल्ली सरकार ने फिर से केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को इस संदर्भ में पत्र भेजा है। दिल्ली सरकार का कहना है कि दिल्ली में यदि बारिश की वजह से प्रदूषण का स्तर कम हो रहा है तो आपातकालीन स्थिति में कृत्रिम बारिश का उपयोग करना चाहिए। सरकार का कहना है कि यह टेक्नोलॉजी आईआईटी कानपुर में भारत के पास आ चुकी है और हमें इसका इस्तेमाल करना चाहिए। दिल्ली सरकार का मानना है कि इससे वे दिल्ली के अंदर सर्दियों में प्रदूषण के स्तर को कम कर सकेंगे।

इसके साथ ही दिल्ली में धूल (डस्ट) को कम करने के लिए भी सख्त उपाय किए जा रहे हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री का कहना है कि यदि दिल्ली में धूल के कण कम हो तो वायु प्रदूषण कम रहेगा। यही कारण है कि सोमवार से डस्ट आधारित प्रदूषण फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# चोरी की चार स्कूटी व दो मोबाइल फोन वाहनचोर गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिम जिले की भारत नगर पुलिस के तहत आने वाले संगम पार्क चौकी पुलिस ने एक शातिर वाहनचोर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन और चार स्कूटी बरामद की है। आरोपी की पहचान नंद नगरी के सुंदर नगर निवासी सागर उर्फ चिंटू उर्फ खेम करन के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी एक आदतन और सक्रिय अपराधी है जो पहले से चोरी, झपटमारी, डकैती और शस्त्र अधिनियम के 21 मामलों में शामिल रहा है। पुलिस पकड़े गये आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

पुलिस के मुताबिक, पुलिस चौकी की पेट्रोलिंग टीम को शुक्रवार को इलाके में इस्माइल खान पार्क स्थित अंडरपास के पास एक संदिग्ध स्कूटी पर बैठा दिखा। वह एक मोबाइल फोन की सिम बदलने की कोशिश कर रहा था। मोबाइल फोन के बारे में पूछताछ करने पर आरोपी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। इसके अलावा मोबाइल फोन पर लगातार कॉल आ रहा था लेकिन वह कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। पूछताछ के दौरान उसकी तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक अन्य मोबाइल फोन बरामद हुआ। आरोपी की पहचान सागर के रूप में हुइ! इसके अलावा उसकी स्कूटी भी चोरी की पाई गइ! सख्ती से पूछताछ करने पर उसकी निशानदेही पर चोरी की तीन अन्य स्कूटी बरामद कर ली गईं। जांच में उस पर पहले से 21 आपराधिक मामले दर्ज पाए गए।

# दिल्ली माहेश्वरी समाज ने मचाया धमाल रामनवमी के अवसर पर गरबा और डांडिया नृत्य करके: .राकेश जाखेटिया

एनसीआर समाचार



**नई दिल्ली।** दिल्ली में बिरला मंदिर के समीप तिरुपति बालाजी के मंदिर में जमकर हुआ गरबा और डांडिया। कार्यक्रम का आयोजन मध्य दिल्ली प्रदेश माहेश्वरी महिला संगठन एवं सभा द्वारा आयोजित किया गया। अधिकांश समाज के व्यक्ति परंपरागत, आकर्षक एवं रंगीन पोशाकों में कार्यक्रम में पहुंचे। बहुत समय उपरांत कार्यक्रम का आयोजन कनॉट प्लेस के निकट हुआ। मौसम का साथ, स्थान का चयन, रामनवमी का अवसर ने सभी में उमंग और जोश भर दिया। मध्य दिल्ली प्रदेश के संरक्षक विकास माहेश्वरी (बॉबी ) ने बताया कि कार्यक्रम गरबा - डांडिया नृत्य पर आधारित है । इसके महत्व को बताते हुए कि जब शक्तिशाली असुर महिषासुर ने देवताओं को परेशान करना शुरू कर दिया तो ब्रह्मा, विष्णु और महेश के लिए यह चिंता का कारण बन गया था। फिर विष्णु और शिव ने अपनी शक्ति से शक्ति स्वरूपा दुर्गा को प्रकट किया और अन्य देवताओं ने अपने अपने शस्त्रों से दुर्गा को सुसज्जित किया। ऐसी मान्यता है कि मां दुर्गा एवं असुर महिषासुर के बीच नौ दिवसीय युद्ध चला । अंत में शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा की विजय हुई । महादेवी की भक्ति में उनके भक्त गरबा एवं डांडिया का नृत्य करते हैं । समाज के सभी व्यक्ति भक्ति भाव की मुद्रा में दिखाई दिये।

कार्यक्रम का प्रारंभ श्रीमती उर्वशी विनोद टावरी एवं बीनू नीरज पल्तानी ने दीप प्रज्वलित कर किया। पूरे कार्यक्रम का संचालन मोनिका महेश्वरी ने अपने मधुर एवं अनोखे अंदाज में किया।

कार्यक्रम को सफल संरक्षक शर्मिला राठी , अध्यक्ष मंजू शारदा जी , अध्यक्ष सुरेंद्र महेश्वरी , मंत्री अंशुल महेश्वरी तथा उनकी सक्रिय पदाधिकारी के अथक प्रयास ने भव्य बनाया गया। श्री अनिल गगरानी, अनिल तोषनीवाल, मनीष मुंद्रा, ओम तापड़िया, श्रीमती किरण लड्ढा, मनीष भंसाली, अशोक करनानी, राकेश जाखेटिया, प्रभात केला आदि अनेकों समाज के वरिष्ठ लोगों ने आकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाइ!

# 'AISCA' की सौजन्य से दिल्ली में जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन




**नई दिल्ली।** AISCA की सौजन्य से दिल्ली में जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन हाल ही में इंद्रप्रस्थ पार्क में आयोजन किया गया। अक्स्उअ ज्येष्ठ नागरिकों के हीत में काम करनेवाली संस्था हैं। ज्येष्ठ नागरिकों में पाये जानेवाले Emptiness सिंड्रोम पर अभी ज्यादा काम चल रहा हैं। इसी मुहिम के अन्तर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस समय संस्था के प्रतिनिधि श्री डी. के. शर्मा ने आगंतुकों का स्वागत किया। श्री सुभाषचंद्र ढिंगरा जी ने AISCA (All Iconic senior citizens association) के बारे में जानकारी देते हुए, संस्था के उद्दिष्ट को स्पष्ट किया।

इस वक्त ज्येष्ठ नागरिकों के लिए लेमन-स्पून, बकेट बॉल ऐसे विविध आनंददायी खेलों का आयोजन किया गया। इसमें सभी उपस्थित नागरिकों ने हिस्सा लिया। जीतने वालों को इनाम भी दिये गये।

इस संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए AISCA वर्किंग कमिटी के डॉ. सलमा खान, राजबहादुर सिंह, खुर्शीद अनंत आदि प्रयास किया। इस कार्यक्रम में सीमा श्रीवास्तव, दीपक कुमार, शमीम अख़्तर और उदय मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# प्लास्टिक दाना फैक्टरी में भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बवाना औद्योगिक क्षेत्र स्थित एक प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में रविवार सुबह भयंकर आग लग गइ! सूचना के बाद मौके पर पहुंची अग्निशमन की 27 गाड़ियों ने मोर्चा संभाला और करीब पांच घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। इसके बाद कूलिंग व सर्च ऑपरेशन वगेरह किया गया। गनीमत यह रही कि हादसे की चपेट में कोई नहीं आया और पूरे हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। हालांकि फैक्टरी में आग लगने के कारण साफ नहीं हो सके हैं। पुलिस आग लगने के कारणों की जांच कर रही है। दमकल विभाग के अनुसार, रविवार सुबह करीब 9.20 बजे बवाना औद्योगिक क्षेत्र के सेक्टर तीन में ब्लॉक सी स्थित एक प्लास्टिक दाने की फैक्टरी में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही तत्काल अग्निशमन के लिए 16 अग्निशामक गाड़ियां दमकलकर्मियों के साथ आग बुझाने के लिए भेजी गईं। आग तीन मंजिला इमारत वाली फैक्टरी में लगी थी। फैक्टरी करीब 250 वर्ग यार्ड में बनी हुई है। इसके बेसमेंट, भूतल व प्रथम तल पर प्लास्टिक के दाने बनाने का काम किया जाता था जबकि दूसरा तल खाली है। जब तक दमकल की टीमें मौके पर पहुंची तब तक आग ने काफी विकराल रूप ले लिया था और उसे बुझाने में ये गाड़ियां कम पड़ने लगी। इसके बाद एक एक कर दमकल की कुल 27 गाड़ियां मौके पर भेजी गईं और राहत बचाव कार्य चलता रहा।

# ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं', बाबा सिद्दीकी की हत्या पर भड़की आप

एनसीआर समाचार




**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और एनसीपी अजीत गुट के बड़े नेता बाबा सिद्दीकी की मुंबई के बांद्रा ईस्ट में गोली मारकर हत्या कर दी गइ! मुंबई पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार संदिग्ध गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के हैं। सूत्रों का कहना है गिरफ्तार किए गए संदिग्धों ने खुद ये दावा किया है। हालांकि अभी तक इस हत्याकांड की जिम्मेदारी किसी ने नहीं ली है। उधर, दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने बाबा सिद्दीकी की हत्या पर बड़ा बयान दिया है।

दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपने एक्स पोस्ट में कहा कि मुंबई में सरेआम एनसीपी नेता (अजित गुट) की गोली मारकर हत्या की इस वारदात से ना केवल महाराष्ट्र बल्कि देशभर के लोग खौफजदा हैं। दिल्ली में भी कमोबेश यही माहौल बना दिया है। ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं। जनता को अब इनके खिलाफ खड़ा होना ही पड़ेगा।

**'गृह मंत्री और भाजपा को इसे गंभीरता से लेना चाहिए'**

दिल्ली सरकार में मंत्री और आप नेता गोपाल राय ने कहा, 'कल की ये घटना काफी दर्दनाक है। मुंबई देश की आर्थिक राजधानी है। इसी तरह की घटनाएं दिल्ली में भी पिछले 1-2 महीने से लगातार बढ़ रही हैं। दिल्ली और मुंबई दोनों की कानून-व्यवस्था भाजपा के पास है। मुझे लगता है कि गृह मंत्री और भाजपा की सरकार को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। मुंबई में जिस तरह की घटना हुई है उससे लोगों के बीच दहशत पैदा हुई है कि आज कौन सुरक्षित है? नया जो गैंग साम्राज्य पैदा हो रहा है उसके खिलाफ गृह मंत्री को पहल करनी चाहिए।'

**दिल्ली में हालात मुंबई जैसे होते जा रहे हैं: सौरभ भारद्वाज**

आप नेता सौरभ भारद्वाज ने बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले पर कहा, 'मुंबई में भाजपा की सरकार है और आप कानून व्यवस्था की स्थिति देख ही रहे हैं, उनके नेता की हत्या कर दी गई है। दिल्ली में भी केंद्र सरकार के पास कानून व्यवस्था है और यहां भी हालात मुंबई जैसे होते जा रहे हैं। भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारें अपना सारा समय राजनीति में बिताती हैं, उनके पास शासन के लिए समय नहीं है। हमें नहीं पता कि कार्रवाई होगी या नहीं लेकिन क्या ऐसा हुआ है कि दिल्ली और मुंबई में इतने सारे गैंगस्टर सक्रिय हो गए हैं, क्या सरकार उन्हें बढ़ावा दे रही है? यह बहुत गंभीर स्थिति है।'

**शूटर्स ने बाबा सिद्दीकी की कार पर बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां**

बाबा सिद्दीकी की हत्या तब की गई जब वह शनिवार शाम को अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय से बाहर निकले थे। जब वह वहां से रवाना हुए तो हमलावरों ने निर्मल नगर में कोलगेट ग्राउंड के पास उनपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसानी शुरू कर दीं।

## बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में मदद करेगी दिल्ली पुलिस की स्पेशल टीम

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की एक टीम को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच में मदद करने के वास्ते मुंबई भेजा जाएगा। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई में बांद्रा के खेर नगर इलाके में बाबा सिद्दीकी (66) के बेटे एवं विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर शनिवार रात तीन लोगों ने उन्हें गोली मार दी थी। उन्हें लीलावती अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूत्रों ने बताया, 'दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ से चार से पांच सदस्यों वाली एक टीम इस हत्याकांड की जांच करने और मुंबई पुलिस की मदद करने के लिए देश की आर्थिक राजधानी जाएगी। यह टीम इस घटना में गैंगस्टर पहलू की जांच करेगी।' मुंबई पुलिस ने बताया कि अपराध शाखा ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है जिसमें सुपारी लेकर हत्या, कारोबारी प्रतिद्वंद्विता या एक बस्ती की पुनर्वास परियोजना को लेकर मिली धमकी के पहलू भी शामिल हैं। उसने बताया कि दो कथित हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि एक अन्य आरोपी फरार है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरियाणा निवासी गुरमेल बलजीत सिंह (23) और उत्तर प्रदेश निवासी धर्मराज राजेश कश्यप (19) के रूप में हुई है। उसने बताया कि हमलावरों ने 9.9 एमएम पिस्तौल से चार से पांच गोलियां चलाईं। पुलिस ने पिस्तौल जब्त कर ली है।

# एक नजर

## मूर्ति विसर्जित करने गए किशोर की डूबने से मौत

**नई दिल्ली।** कार्यालय संवाददाता पूर्वी दिल्ली के न्यू अशोक नगर इलाके में रविवार को मूर्ति विसर्जन करने गए एक किशोर की नहर में डूबने मौत हो गयी। मृतक की पहचान खिचड़ीपुर निवासी 17 वर्षीय सोनू के रूप में हुई है। फिलहाल शव को नहर से बाहर निकाल लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, सोनू खिचड़ीपुर इलाके में विशाल मेगा मार्ट के पास स्थित घर में परिवार के साथ रहता था। सोनू के परिवार में माता सरिता, पिता रविंद्र के अलावा दो बहनें हैं। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। सोनू के पिता सेल्समेन का काम करते हैं जबकि मां आसपास के घरों में घरेलू सहायिका का काम करती है। रविवार को सोनू कोंडली नहर पर मूर्ति विसर्जन करने के लिए गया था। मूर्ति विसर्जित करने के दौरान वह गहरे पानी में अंदर तक बढ़ता चला गया और फिर अचानक से डूबने लगा। डूबने के दौरान स्थानीय लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन डूबने से उसकी मौत हो गइ! इसके बाद दोपहर करीब 2.30 बजे मामले की सूचना पुलिस व बोट क्लब को दी गइ! सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस व बोट क्लब की टीमों ने 3.13 तक मृतक के शव को बाहर निकाला।

## चोरी की चार स्कूटी के साथ बदमाश धरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संगम पार्क चौकी पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को पकड़ा है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी के दो मोबाइल फोन और चार स्कूटी बरामद की है। आरोपी की पहचान नंद नगरी के सुंदर नगर निवासी सागर उर्फ चिंटू उर्फ खेम करन के रूप में हुई है। जांच में पता चला है कि आरोपी चोरी, झपटमारी, डकैती और शस्त्र अधिनियम के 21 मामलों में शामिल रहा है।

## चोरी के स्कूटर के साथ तीन वाहनचोर दबोचे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम विहार पूर्व पुलिस ने दो नाबालिगों समेत तीन वाहनचोरों को पकड़ा है। पकड़े गये बालिग आरोपी की पहचान 18 वर्षीय अनिकेत के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार, शुक्रवार तड़के चोरों ने मां शक्ति अपार्टमेंट निवासी तुषार अरोड़ा का स्कूटर चुरा लिया। पीड़ित ने तत्काल मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद मौके के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालते हुए आरोपियों की पहचान की और सभी थानों में चोरों के बारे में जानकारी भेज दी। इसी दौरान इलाके में पेट्रोलिंग कर रहे एक पुलिसकर्मी को तीनों आरोपी इलाके में एक साथ घूमते दिखाई दिए तो पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान बालिग आरोपी की पहचान अनिकेत के रूप में हुई और पेशे से वह मैकेनिक है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी का स्कूटर बरामद कर लिया और अन्य दो नाबालिगों से भी पूछताछ कर रही है।

## आईपीयू के 10 प्रोग्राम में दाखिले का आखिरी अवसर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपीयू) दिल्ली ने इच्छुक आवेदकों की मांग पर 10 प्रोग्राम में सीयूईटी स्कोर के आधार पर आवेदन का अंतिम अवसर प्रदान किया है। अभ्यर्थी बीसीए, बीबीए, बीबीए-एमबीए इंटीग्रेटेड, बीकॉम(ऑनर्स), बीएजेएमसी, एलएलबी, बीए(अर्थशास्त्र), बीए (अंग्रेजी), एमबीए, बीएड और एमसीए विषयों में आवेदन कर सकते हैं। इन 10 प्रोग्राम के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और दस्तावेजों का सत्यापन 14 और 15 अक्तूबर को होगा। 16 और 18 अक्तूबर को सीटों का आवंटन किया जाएगा। पंजीकरण के दिन शुल्क के रूप में यूनिवर्सिटी कुलसचिव के पक्ष में 5,000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट लाना होगा। इसके अलावा जन्म प्रमाण पत्र, संबंधित प्रवेश परीक्षा के उत्तीर्ण होने की अंक तालिका, सीयूईटी का स्कोर कार्ड इत्यादि साथ लेकर आना है। सीट आवंटन के दिन पार्ट अकादमिक फीस के रूप में यूनिवर्सिटी कुलसचिव के पक्ष में निर्गत 96,000 रुपये का बैंक ड्राफ्ट (बीएड के लिए 60,000 रुपये), चार पासपोर्ट आकार के फोटो इत्यादि साथ लाना है।

## डीयू के 12 कॉलेजों को 100 करोड़ रुपये की मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार की ओर से वित्त पोषित दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 12 कॉलेजों के लिए 100 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है। मुख्यमंत्री आतिशी ने मौजूदा वित्तीय वर्ष के तीसरी तिमाही में इस पैसे को जारी करने की मंजूरी दी है। बताते चलें कि, इन कॉलेजों के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 400 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार की ओर से पैसा जारी होने के बाद शिक्षकों के बकाया बेतन समेत अन्य सुविधाएं फिर से मिलने लगेगी। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद से इन कॉलेजों को दिए जाने वाले बजट में तीन गुना से ज्यादा बढ़ोतरी की गई है। यह सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दिखाता है। इन कॉलेजों का 2014-15 तक कुल बजट 132 करोड़ रुपये था, जो कि अब बढ़ाकर 400 करोड़ रुपये तक कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में आप सरकार के लिए शिक्षा हमेशा पहली प्राथमिकता रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्कूलों के साथ-साथ आप सरकार ने उच्च शिक्षा पर भी ध्यान केंद्रित किया और तीन नए विश्वविद्यालय के साथ-साथ मौजूदा विश्वविद्यालयों का विस्तार भी किया गया है।

**ये हैं डीयू के 12 कॉलेज**

आचार्य नरेन्द्र देव कॉलेज, अदिति महाविद्यालय, भगिनी निवेदिता कॉलेज, भास्कराचार्य कॉलेज, दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज,

डॉ.भीम राव अम्बेडकर कॉलेज, इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स साइंसेज, केशव महाविद्यालय, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, महर्षि वाल्मीकि कॉलेज, शहीद राजगुरु कॉलेज, शहीद सुखदेव कॉलेज ऑफ बिजनस स्टडीज।

## पिस्टल, दो कारतूस व चोरी की कार समेत बदमाश धरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहदरा जिले की एटीएस ने गुरुवार को एक वाहन चोर को पिस्टल और दो कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। इसके पास से चोरी की कार भी बरामद हुई है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि आरोपी की पहचान गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के बादल यादव के रूप में हुई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि मूलतः वाहनचोरी का काम करता है लेकिन एक बार वाहन चोरी के दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ में उसे गोली लगी थी। इसके बाद से उसने अपने साथ पिस्टल और कारतूस रखना शुरू कर दिया। पुलिस इससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के मुताबिक,गुरुवार को पुलिस को श्मशान घाट, सीमापुरी के पास एक वाहनचोर के आने की गुप्त सूचना मिली। पता चला कि वाहनचोर पिस्टल और कारतूस के साथ आने वाला है। इसके बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से मौके के आसपास अपना जाल बिछाया। गुरुवार देर रात आरोपी वाहनचोरी की एक कार में अप्सरा बॉर्डर की ओर से श्मशान घाट की ओर आता दिखाई दिया। पुलिस ने संदिग्ध लगने पर उसे तत्काल रोका और तलाशी लेने पर उसके पास से पिस्टल व कारतूस बरामद हुए। जांच में पता चला कि उसकी कार चोरी की है। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ वाहनचोरी, हत्या के प्रयास व आर्म्स एक्ट के कई मामले दर्ज हैं।

# विजयादशमी पर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में निकले गोरक्षपीठाधीश्वर योगी

एनसीआर समाचार



**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में विजयादशमी पर्व के अनुष्ठान का शुभारंभ शनिवार प्रातःकाल श्रीनाथ जी (शिवावतार गुरु गोरक्षनाथ) के विशिष्ट पूजन अनुष्ठान से हुआ। नाथपंथ की परंपरा का अनुसरण करते हुए गोरक्षपीठाधीश्वर के विशेष परिधान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीनाथ जी की विधि विधान से पूजा-आराधना की। तदुपरांत गोरखनाथ मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देव विग्रहों का विशिष्ट पूजन किया।

विजयादशमी के दिन प्रातः काल गोरक्षपीठाधीश्वर ने मंदिर के शक्तिपीठ में मां जगतजननी की पूजा की और इसके बाद गोरखनाथ मंदिर के गर्भगृह में जाकर महायोगी गोरखनाथ जी के समक्ष हाजिरी लगाइ! मंदिर के गर्भगृह में उन्होंने विशिष्ट पूजन किया और गुरु गोरखनाथ जी की आरती उतारी। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में प्रतिष्ठित सभी देव विग्रहों का भी विशिष्ट पूजन किया। गोरक्षपीठाधीश्वर ने करबद्ध होकर श्रीनाथ जी और सभी देव विग्रहों की परिक्रमा भी की और प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और कल्याण की प्रार्थना की। इस दौरान नाथपंथ के परंपरागत विशेष वाद्य यंत्र नागफनी, शंख, ढोल, घंट, डमरू की गूंज से पूरा मंदिर परिसर भक्ति भाव में उल्लासित रहा।

ज्ञात हो कि गोरखपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सुबह गुरु श्रीगोरक्षनाथ का विशिष्ट पूजन की शुरूआत कर चुके हैं। अब शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा, जहां सीएम योगी प्रभु श्रीराम का पूजन व राज्याभिषेक करेंगे। सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत करने वाली गोरक्षपीठ की विजयादशमी की विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भी इस यात्रा स्वागत किया जाता है।

## उप्र सरकार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर यात्रियों का सफर पर प्रतिबंध लगाएगी

**लखनऊ (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही यात्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाएगी ताकि लोगों की अमूल्य जिंदगी बचाई जा सके।

यह निर्णय ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर यात्रियों के सफर से जुड़ी एक के बाद एक कई दुर्घटनाओं के मद्देनजर लिया गया है। ट्रैक्टर ट्रॉली से संबंधित ताजा हादसा चार अक्टूबर को हुआ था, जिसमें 10 मजदूरों की मौत हो गयी थी। घटना मिजार्पुर में हुयी थी जब वे लोग वाराणसी में अपने घर लौट रहे थे।

चार अक्टूबर के बाद भी उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से ट्रैक्टर-ट्रॉली से जुड़ी कई दुर्घटना सामने आई है।

उप्र के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बताया, 'हम जल्द ही यात्री परिवहन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के इस्तेमाल पर अंकुश लगाने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाएंगे।'

सिंह ने बताया, 'ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर नियमों को सख्ती से लागू करना और साथ ही ग्रामीण इलाकों में लोगों के बीच आवश्यक जागरूकता पैदा करना, जो आवागमन के लिए ट्रैक्टर ट्रॉलियों को प्राथमिकता देते हैं, संभवतः इसलिए क्योंकि वे इसे सस्ता और आसानी से सुलभ विकल्प मानते हैं।'

नियमों के अनुसार, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में लोगों को सामान्य या निजी यात्रा पर ले जाने की अनुमति नहीं है। व्यावसायिक/कृषि कार्य के लिए किसी परियोजना स्थल या खेत पर जाने के लिये ट्रैक्टर-ट्रॉली का इस्तेमाल किया जा सकता हैं ।

मंत्री ने माना कि इन नियमों का अक्सर उल्लंघन किया जाता है और कहा कि सख्त प्रवर्तन की आवश्यकता है।

मंत्री ने कहा, 'हमारा इरादा लोगों में जागरूकता पैदा करना है कि भले ही उन्हें लगे कि ट्रैक्टर ट्रॉलियां एक आसान और सुरक्षित विकल्प हैं, लेकिन जीवन से ज्यादा कीमती कुछ नहीं हो सकता। हम देखेंगे कि इस तरह के जागरूकता संदेशों वाले पोस्टर लगाने से कोई प्रभाव पड़ता है या नहीं। साथ ही, हम सख्त प्रवर्तन के लिए आगे बढ़ेंगे और इसके लिए हम जल्द ही एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाएंगे।'

फरवरी में उत्तर प्रदेश के कासगंज में ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सवार 23 लोगों की जान चली गइ! इससे पहले अक्टूबर 2023 में हाथरस में ट्रैक्टर ट्रॉलियों पर सवार 6 लोगों की मौत हो गई थी और अप्रैल में शाहजहांपुर में ट्रॉलियों से जुड़ी एक अलग सड़क दुर्घटना में 14 अन्य लोगों की मौत हो गई थी।

## एक नजर

### योगी आदित्यनाथ गुरु गोरखनाथ का पूजन करने के साथ विजयादशमी शोभायात्रा की करेंगे अगुवाई



**गोरखपुर, एजेंसी।** विजयादशमी के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को शिवावतार गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन करेंगे। उसके बाद सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से निकलने वाली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। शोभायात्रा का समापन मानसरोवर रामलीला मैदान में होगा, जहां गोरक्षपीठाधीश्वर प्रभु श्रीराम का पूजन और राज्याभिषेक करेंगे। सामाजिक समरसता के ताने-बाने को मजबूत कर समग्र रूप में लोक कल्याण की भावना को संजोए गोरक्षपीठ से प्रति वर्ष विजयादशमी को निकलने वाली विजय शोभायात्रा अनूठी होती है। गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली परंपरागत शोभायात्रा में हर वर्ग के लोग तो शामिल होते ही हैं, इसका अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों द्वारा भव्य स्वागत भी किया जाता है। वास्तव में विजयादशमी का पर्व गोरक्षपीठ की विशिष्टता और इसके ध्येय की व्यापकता के एक बड़े फलक पर अवलोकन करने का भी अवसर होता है। गोरखनाथ मंदिर की विजयादशमी शोभायात्रा इसलिए भी आकर्षक और अनूठी होती है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी इसके स्वागत के लिए गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार से थोड़ी दूरी पर घंटों पहले फूलमाला लेकर खड़े रहते हैं। गोरक्षपीठ की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी विजयादशमी के दिन शनिवार सायंकाल गोरखनाथ मंदिर से गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी। विजयादशमी पर गोरक्षपीठाधीश्वर नाथपंथ की परंपरा के अनुसार विशेष परिधान में होते हैं। पीठाधीश्वर, गुरु गोरखनाथ का आशीर्वाद लेकर अपने वाहन पर सवार होंगे। तुरही, नगाड़े और बैंड बाजे की धुन के बीच शोभायात्रा मानसरोवर मंदिर पहुंचेगी। यहां पहुंचकर गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ गोरक्षपीठ से जुड़े मानसरोवर मंदिर पर देवाधिदेव महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद उनकी शोभायात्रा मानसरोवर रामलीला मैदान पहुंचेगी।

### शराब के लिये माता-पिता और पत्नी के साथ मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**मथुरा (उप्र), एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में रिफाइनरी थाना क्षेत्र में शराब के पैसे मांगने को लेकर माता पिता एवं पत्नी के साथ मारपीट करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। नगर पुलिस अधीक्षक नगर अरविंद कुमार ने बताया कि यह मामला रिफाइनरी थाना क्षेत्र का है, जहां बृहस्पतिवार की रात राधिका ने अपने पति ओमवीर सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह अक्सर शराब पीकर उसे और उसके सास–ससुर को मारता–पीटता है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार की रात भी वह शराब पीने के लिए उन सबको प्रताड़ित कर रहा था। पहले पत्नी एवं माता–पिता को मारने–पीटने के बाद रुपए न मिलने पर तमंचा निकाल लाया और धमकी देने लगा कि पैसे नहीं दिए तो हव उन्हें गोली मार देगा। उन्होंने बताया कि इस पर उसने शोर मचाया, तो गांव वालों ने आकर उन लोगों को उससे बचाया। थाना प्रभारी सोनू कुमार ने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब भी वह हवा में तमंचा लहरा रहा था और मां–बाप तथा पत्नी को गालियां देते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दे रहा था। उन्होंने बताया कि उसे शुक्रवार को मजिस्ट्रेट के यहां पेश कर आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

### जुआ खेलते पकड़े गये व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** राजधानी के विकासनगर थाना क्षेत्र में जुआ खेलने के अड्डे पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए 24 वर्षीय व्यक्ति की पुलिस हिरासत में मौत हो गइ! मृतक के परिवार ने पुलिस पर उसे पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगाया है। अधिकारियों के अनुसार, जुआ खेलने की सूचना मिलने पर शुक्रवार रात पुलिसकर्मियों की एक टीम ने विकासनगर के सेक्टर आठ स्थित अंबेडकर पार्क में छापेमारी की। अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जितेंद्र कुमार दुबे ने शनिवार को बताया, 'अमन गौतम (24) समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया।' अधिकारी ने बताया, 'पुलिस थाने ले जाते समय अमन की हालत बिगड़ गई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।' अमन की मौत की खबर सुनकर उसके परिवार के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस पर उसे पीटने का आरोप लगाया। पुलिस ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मौत का कारण पोस्टमार्टम जांच के जरिए पता लगाया जाएगा ।

### बरेली के गांव में दबंगों ने रोकी अनुसूचित जाति की बेटियों की बारात, पुलिस ने कराया समझौता

**बरेली (उप्र), एजेंसी।** सवर्ण जाति के लोगों ने एक गांव में बारात को घुसने से रोक दिया, क्योंकि उन्हें लाउडस्पीकर से कुछ गाने बजाने पर आपत्ति थी। इसके बाद पुलिस ने हस्तक्षेप कर मामले को सुलझाने में मदद की। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना सिरौली क्षेत्र के गिरधरपुर गांव में उस समय घटी जब सवर्ण जाति के कुछ लोग गांव में बारात में बजाए जा रहे गानों से नाराज हो गए। बरेली जिले के देहात क्षेत्र के सिरौली थाना प्रभारी प्रयागराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बारात को सुरक्षित निकाला। सिंह ने बताया कि पुलिस ने हस्तक्षेप कर दोनों समूहों के बीच समझौता कराया। उन्होंने कहा, 'सवर्ण समुदाय के सदस्यों ने अंततः दोनों बेटियों को पारंपरिक उपहार देकर विदा किया और बिना किसी अप्रिय घटना के मामला सुलझ गया।' थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### हत्या के आरोप में व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा

**बलिया (उप्र), एजेंसी।** जिले की एक अदालत ने दो साल पुराने हत्या के एक मामले में आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश अमित पाल सिंह की अदालत ने खंडवा गांव के उदयभान नामक व्यक्ति की हत्या के लिए सतीश कुमार पर 20,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया। पुलिस ने कहा कि घटना 10 जनवरी, 2022 को हुई, जब खंडवा गांव निवासी शिवशंकर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके बेटे उदयभान पर गांव के ही सतीश कुमार ने लकड़ी के डंडे से हमला किया। हमले के कारण उदयभान की मऊ में इलाज के दौरान मौत हो गइ!

शिकायत के बाद, सतीश (32) के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत मामला दर्ज किया गया। गहन जांच के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया । पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने शनिवार को बताया, 'इस मामले की सुनवाई कर रहे जिला न्यायाधीश अमित पाल सिंह ने शुक्रवार को सतीश को दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास तथा बीस हजार रुपये जुमार्ने की सजा

## ट्रक ने रौंदा तीन साइकिल सवारों को



**मैनपुरी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के बेबर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रक ने तीन साइकिल सवारों को रौंद दिया। इस दुर्घटना में तीनों की मौत हो गयी।

पुलिस के अनुसार दिल्ली-कानपुर राजमार्गपर हुए इस हादसे में खांकेताल निवासी सिंघलाल शाक्य,खेमकरन और विनोद की मौत हो गयी है यह तीनों अपनी-अपनी साइकिल से राशन की दुकान से राशन लेने जा रहे थे।

इस भीषण हादसे के बाद ग्रामीणों एक घण्टे तक जी.टी रोड जाम रखा,बाद में पुलिस के आने के बाद यातायात खुलवाया गया। मैनपुरी में पिछले कुछ दिनों से सड़क दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। ट्रक की तेज रफ्तार और ड्राइवर के शराब के नशे में होना इसका कारण बताया जा रहा है।

पुलिस ने तीनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## डॉ राम मनोहर लोहिया जी के विचार सँघर्ष से सपा कार्यकर्ता ले प्रेरणा जाकिर हुसैन

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर स्वतंत्रता सेनानी व समाजवादी विचारधारा के पुरोधा डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर उनको पुष्प अर्पित कर कार्यकर्त्ताऔ नें श्रद्धांजलि दी जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन नें कहा की।



डॉ राम मनोहर लोहिया जी की पुण्यतिथि पर कि देश की आजादी में उनके द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों के विरुद्ध भूमिगत आंदोलन का नेतृत्व किया गया तथा देश की आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बाद आजाद भारत में जनता के हित के लिए समाजवादी विचारधारा के साथ अनेक आंदोलन छेड़ कर जन आंदोलन के नायक कहलाए।

डॉ राम मनोहर लोहिया के विचार और संघर्ष से समाजवादी पार्टी कार्यकताओं को प्रेरणा ले !विचार गोष्टी का संचालन प्रवक्ता अखलाक पप्पू नें किया जिसमे वरिष्ठ नेता हाजी जावेद राईन,डा इरफान मालिक राजेश गोयल,सुभम पाल, महमूद कस्सार,जाकिर चौधरी,तसलीम अहमद,महेश प्रशाद,लाल सिंह कश्यप,सुभाष विश्कर्मा,अब्दुल वहाब,नईम अहमद,मौ कामिल आदि मौजूद रहे।

## लोहिया जी की जीवन शैली सभी वर्ग के लिए -राशिद मलिक

एनसीआर समाचार



**जलालाबाद (शामली)।** समाजवादी पार्टी द्वारा डा. राममनोहर लोहिया की 57वी पुण्यतिथि राशिद मलिक जिला सचिव पिछड़ा वर्ग सपा शामली ने सभी कार्यकर्ताओ के साथ उनकी जीवन शैली को मानकर सर्वधर्म एकता के रूप मे मनाई, जिसमे राशिद मलिक ने कहा की राममनोहर लोहिया सर्वण सोच के ना होकर सर्वधर्म के हितो की लड़ाई लड़ने वाली आवाज के सार्थक रहे है,जिनकी जीवन शैली अमीर गरीब, हिन्दू मुस्लिम सभी वर्गों के लिए है!

सपा नेता रविन्द्र प्रधान जोगी ने पुष्प अर्पित कर लोहिया जी के उद्देश्य को अखिलेश यादव को अग्रणी बताया, जिला सचिव इकराम राव ने लोहिया जी के आदर्शो को निरन्तर समाजवादी पार्टी द्वारा विकास कार्यों के रूप मे सपा सरकार मे जनता को समर्पित बताया, सपा नेताओं द्वारा श्रंद्धांजलि मो. हम्माद,समीर मंसूरी,आजम मंसूरी, इरशाद मनिहार,साजिद मलिक, दानिश कुरैशी, शाहिद मलिक, अनुज, राजन मेहरद्दीन सैफी द्वारा अर्पित की गई!!

## बिजनौर में कब्र से कारी के शव से सिर ले जाने वाले दो तांत्रिक गिरफ्तार

**बिजनौर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले के हल्दौर थाना पुलिस ने एक कब्रिस्तान में दफनाए गए शव का सिर काटकर ले जाने वाले दो तांत्रिकों को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

हल्दौर थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) रामप्रताप ने बताया कि 23 सितंबर को खारी के कब्रिस्तान में कारी सैफुर्रहमान की कब्र खुली मिली थी और शव से सिर गायब था।

एसएचओ ने बताया कि जांच के दौरान मामला तंत्र-मंत्र से जुड़ा होना पाया गया। उन्होंने बताया कि शनिवार को तांत्रिक कसीमुद्दीन और रामवीर को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो दोनों ने अपना अपराध स्वीकार किया।

एसएचओ ने आरोपियों के हवाले से बताया कि वे दोनों सट्टा खेलते हैं और उसी के लिए तंत्र क्रिया करते हैं। दोनों ने बताया कि तंत्र क्रिया करने के लिए ही 22/23 सितंबर की रात कारी सैफुर्रहमान की कब्र से गर्दन काट कर ले गये थे।

कसीमुद्दीन ने बताया कि इस घटना को लेकर हुए हंगामे से वह डर गया और साक्ष्य मिटाने के लिए उसने मुंबई जाकर गर्दन समुद्र में फेंक दी। पुलिस ने दोनों के पास से फावड़ा और आरी बरामद की है।

पुलिस के अनुसार लगभग 85 वर्षीय कारी सैफुर्रहमान के निधन के बाद उनका शव 25 जुलाई को दफनाया गया था। जब कुछ लोग वहां फातिहा पढ़ने आए तो उन्हें कब्र खुली मिली और शव से सिर गायब था। कब्र के पास से तंत्र क्रिया का कुछ सामान मिला था।

## पति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा : उच्च न्यायालय

एनसीआर समाचार

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक व्यक्ति के खिलाफ दहेज के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि ये आरोप निराधार हैं और व्यक्तिगत विवादों से प्रेरित हैं। अदालत ने इस मामले में कहा कि नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से व्यक्त नहीं करेगा तो कहां जाएगा।



न्यायमूर्ति अनीश कुमार गुप्ता ने प्रांजल शर्मा और दो अन्य के खिलाफ इस मामले को खारिज करते हुए कहा कि प्राथमिकी में प्रस्तुत साक्ष्य और गवाहों के बयान, दहेज के लिए उत्पीड़न के दावों का समर्थन नहीं करते।

अदालत ने पाया कि प्राथमिक आरोप, दंपति के यौन संबंध से जुड़ी असहमतियों के आसपास केंद्रित हैं और ये विवाद दहेज की मांग से जुड़े नहीं हैं।

अदालत ने कहा, 'यह स्पष्ट है कि पक्षों के बीच यह विवाद यौन संबंध स्थापित नहीं होने को लेकर है जिसकी वजह से विपक्षी द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई और दहेज की मांग को लेकर झूठे एवं मनगढ़ंत आरोप लगाए गए।'

अदालत ने प्रश्न किया, 'नैतिक रूप से सभ्य समाज में व्यक्ति यौन इच्छा अपनी पत्नी से या पत्नी अपनी यौन इच्छा पति से व्यक्त नहीं करेगी तो वे कहां जाएंगे।'

प्राथमिकी में प्रांजल शुक्ला पर दहेज की मांग करने और पत्नी से गाली गलौज करने के साथ ही उसे अश्लील फिल्में देखने और अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया गया हैं। अदालत ने कहा कि विश्वसनीय साक्ष्य से ये आरोप साबित नहीं हुए।

इस मामले के तथ्यों के मुताबिक, मीशा शुक्ला का विवाह आवेदक प्रांजल शुक्ला के साथ हिंदू रीति रिवाज से सात दिसंबर, 2015 को हुआ था। मीशा ने अपने सास-ससुर मधु शर्मा और पुण्य शील शर्मा पर दहेज मांगने का आरोप लगाया। हालांकि, प्राथमिकी में यह भी स्पष्ट किया गया कि शादी से पहले दहेज की कोई मांग नहीं थी।

प्राथमिकी में यह भी बताया गया कि प्रांजल शराब पीता और अश्लील फिल्में देखता। साथ ही वह अपनी पत्नी के साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने पर जोर देता और मना करने पर वह उस पर ध्यान नहीं देता। बाद में वह अपनी पत्नी को छोड़कर सिंगापुर चला गया।

याचिकाकर्ता के वकील वरिष्ठ अधिवक्ता विनय शरण ने कहा कि प्राथमिकी में लगाए गए आरोप और विपक्षी के बयान शारीरिक संबंध को लेकर हैं और विपक्षी (पत्नी) द्वारा बयान में मारपीट को लेकर जो आरोप लगाए गए हैं वे याचिकाकर्ता की यौन इच्छा पूरी नहीं करने के संबंध में हैं ना कि दहेज की मांग के लिए।

अदालत ने कहा, 'प्राथमिकी और पीड़िता के बयान पर गौर करने से साफ है कि यदि कोई मारपीट की गई तो वह दहेज की मांग के लिए नहीं, बल्कि यौन इच्छा पूरी करने से मना करने के लिए की गइ!'

अदालत ने तीन अक्टूबर को दिए अपने आदेश में शुक्ला के खिलाफ मामले को रद्द कर दिया। अदालत ने कहा, 'हमारे विचार से मौजूदा प्राथमिकी कुछ और नहीं बल्कि दहेज की मांग को लेकर मनगढ़ंत कहानी है।'

# उत्तर प्रदेश: विजयदशमी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर हुआ पद संचलन

**अजय सक्सेना**

**उत्तर प्रदेश:** दिनांक 13 10.2024 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुरादाबाद महानगर के शेष 14 नगरों में विजयदशमी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर पद संचलन हुआ एकत्रीकरण के कार्यक्रम प्रत्येक नगर में अलग-अलग स्थान पर आयोजित किए गए जिसमें सभी नगरों के हजारों स्वयंसेवकों ने प्रतिभा किया। गोविंद नगर में माननीय विभाग संघचालक श्री सुरेंद्र सिंह जी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए। समाज में संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि राष्ट्र स्वयंसेवक संघ परिवारों के मध्य कुटुंब प्रबोधन समाज के मध्य सामाजिक समरसता पर्यावरण नागरिक कर्तव्य तथा स्वदेशी को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है, तथा समाज के मध्य स्वयंसेवकों के माध्यम से यह



संदेश पहुंचने का काम कर रहा है। बुद्धि विहार नगर में महानगर प्रचारक श्रीमान रोहित जी ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए बताया की राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ आज अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है जिसकी संपूर्ण भारतवर्ष में लगभग 74000 शाखाएं लगते हैं केजी नगर में प्रांत प्रौढ़ प्रमुख श्री ओम प्रकाश शास्त्री जी ने स्वयंसेवक बांधों को संबोधित किया और बताया की डॉक्टर हेडगेवार जी ने किस प्रकार से हिंदू समाज को संगठित करने के लिए आज के दिन राष्ट्र स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी काशीराम नगर में महानगर प्रचार प्रमुख संजीव चौधरी ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए बताया कि भारत की आज की स्थिति को सुधारने के लिए पांच तत्वों का समुचित उपयोग आवश्यक है।

सामाजिक समरसता से समाज में शांति और एकता बनेगी स्वदेशी भाव देश को आर्थिक रूप से सशक्त करेगा पर्यावरण संरक्षण हमारे आने वाली पीडिया के लिए सुरक्षित भविष्य निश्चित करेगी परिवार प्रबोधन से समाज के सभी स्तरों पर जागरूकता पड़ेगी और नागरिक कर्तव्यों का पालन एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में सहायक होगा महानगर कार्यवाहा श्रीमान विपिन जी ने भी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए। राष्ट्र के प्रति स्वयंसेवकों की भूमिका से स्वयंसेवकों को अवगत कराया।

अन्य नगरों में महानगर बौद्धिक प्रमुख श्रीमान राहुल जी अभिनव जी महानगर माननीय संघ चालक डॉ विनीत जी विभाग प्रचार प्रमुख श्री पवन जैन जी आदि ने अलग-अलग नगरों में स्वयंसेवकों को संबोधित किया। इन विजयदशमी के इन सभी कार्यक्रमों में रामगंगा विहार के नगर कारवां आशुतोष जी काशीराम नगर के नगर कारवां विशाल गुप्ता जी प्रकाश नगर के नगर कारवां अश्वनी जी बुद्धि विहार नगर के नगर कारवां दिनेंद्र जी संजय जी नया मुरादाबाद के नगर कार्यवाह जितेंद्र जी महादेव नगर में भाग करवा। प्रमोद जी के जी के नगर के नगर कारवां श्याम जी गोविंद नगर के नगर कारवां मोहित जी आदि प्रमुख कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम को योजना बनाकर सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाइ!

# उत्तर प्रदेश: आरएसएस अध्यक्ष ने देवियों की झांकी का उद्धघाटन

**विजय गुप्ता**

**उत्तर प्रदेश:** फिरोजाबाद प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रामनगर फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश स्थित केंद्र द्वारा सजाई गइ!

देवियों की झांकी का उद्घाटन माननीय आरएसएस के अध्यक्ष संजय गुप्ता समाजसेविका सिमी सिंह स्वर्ग आश्रम कमेटी के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कौन सा अध्यक्ष पार्षद भगवान सिंह झा सुपरवाइजर नसीम जी केंद्र संचालक सरिता दीदी जी डॉक्टर उदयवीर शिवचरण बल्लू वास वाले ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। यहां पर मां दुर्गा के 9 अत्यंत आकर्षक एवं जीवन स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। इस बार आकर्षक और प्रेरणा स्वरूप चेतन झांकियां उसे समय और जीवित होती जब लाइव शो और चित्रण के माध्यम से नौ देवियों की लीलाओं का मंत्र मुग्ध दर्शन और श्रवण से माहौल शक्ति मंत्र हो



उठा।

केंद्र संचालिका सरिता दीदी ने कहा कि इस प्रकार का कार्यक्रम रामनगर फिरोजाबाद में पहली बार किया गया है जिसमें नई तकनीकी अपनी मां दुर्गा के सभी स्वरूप में छिपी आत्मिक और सुछ्य दिया शक्तिया दुगूर्णो को दूर करने का प्रतीक है जिससे अपने क्रोध लोभ मोह तथा अहंकार स्वरूपी महिषासुर का वध किया उसी की पूजा आज मां दुर्गा के स्वरूप में की जाती है इसलिए आज हम सभी को ज्ञान की प्राप्ति कर बुराइयों को छोड़ जीवन को नौ देवियों के समान बनाया है इसके अतिरिक्त भी देवी देवताओं के महत्व को बताया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य रूप से अंजना दीदी खुशी रिंकी सपना शिवचरण वर्मा रानी गुप्ता गोपाल गुप्ता बंटी गुप्ता प्रवीण गुप्ता संजय गुप्ता रेनू गुप्ता चांदनी गुप्ता नूतन नेहा गुप्ता रिंकी गुप्ता शिव शंकर एवम्‌ सेंटर की सभी बहने गणमान्य मौजूद रहे।

# छत्तीसगढ़: बोलेरो वाहन दुर्घटना में छति ग्रस्त हो गया




**नोहर कुमार सिन्हा**

**छत्तीसगढ़:** 9/10/2024 को बोलेरो वाहन मालिक महेन्द्र ताम्रकार अपने दोस्तों के साथ लाल बहादुर नगर से अमरकंटक जा रहे थे तकरीबन रात 4 बजे गंडई के पास नींद के कारण आँख झपकी लगी और गाड़ी का बैलेंस बिगड़ गया और नियंत्रण खो बैठा और वाहन क्रमांक उञ्ज08श 4564 बोलेरो 3 बार पलटी हो कर पेड़ से टकरा गया जिससे वाहन पूरी तरह से छति ग्रस्त हो गया जिसे देख कर यह प्रतित हो रहा था कि चालक के साथ कुछ गलत ना हो लेकिन कहते हैं "जा को राखे साईया मार सके ना कोई" यह कहावत आज सही साबित हुआ इतना बड़ा एक्सीडेंट होने के बाद माता रानी गाड़ी में बैठे सभी लोगों कि रक्षा किये दुर्घटना में वाहन चालक महेंद्र ताम्रकार को चोट आई है। उसका हाथ फ्रैक्चर हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के लिए जिला अस्पताल राजनांदगाव में भर्ती कराया गया है बाकी जो उनके साथ बैठे थे उन्हें हल्की चोट आई है जान माल का कोई नुकसान नहीं हुआ।

# मध्य प्रदेश: नवरात्रि के शुभ अवसर पर ग्रामीणों ने लगाए पेड़

**अरुण श्रीवास्तव**

**मध्य प्रदेश:** "एक पेड़ मां जगत जननी के नाम" की अद्भुत प्रस्तुति।

समिति का पर्यावरण संरक्षण के प्रति अनुकरणीय संदेश।

केबिनेट मंत्री ने भी कि साईं श्रद्धा सेवा समिति की सराहना।

समाजसेवी संगठन साईं श्रद्धा सेवा समिति की आध्यात्मिक इकाई नव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व जनजागृति के लिए कुछ न कुछ विशेष झांकी प्रदर्शित करती आ रही है इस वर्ष समिति द्वारा पर्यावरण को समर्पित कर सामाजिक संदेश का बहुत ही अनुकरणीय उदाहरण पेश किए है। जिसमे समिति द्वारा एक पेड़ मां जगत जननी के नाम की थीम पर पोधेरोपण करती हुई मां दुर्गा की अद्भुत झांकी रखी गई है। साथ ही मां दुर्गा पौधे लगा रही है और पुत्र कार्तिक एवम्‌ गणेश पानी देते हुए नजर आ रहे है।

साथ भगवान शंकर उन्हे आशीर्वाद प्रदान कर रहे है।



नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति की इस झांकी की नगर में सराहना हो रही है। शिक्षा और परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मां के दरबार में आशीर्वाद लेने पहुंचे और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में आयोजित थीम की जमकर प्रशंसा की। वहीं समिति द्वारा साईं चुनरी और स्मृति चिन्ह भेंटकर मंत्री जी का अभिनंदन किया। साथ ही नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा एवम थाना प्रभारी उमेश तिवारी ने दुर्गा उत्सव समिति की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा की समिति द्वारा पर्यावरण के प्रति जो संदेश दिया वह बहुत ही गहरा संदेश है। हमे इसके महत्व को समझते हुए एक पेड़ मां के नाम जरूर लगाना चाहिए। इस पूरे आयोजन में समिति संस्थापक आशीष राय, अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, महेंद्र साहू, बबलू कहार, अमित श्रीवास, ललित सावनेर, चंदन कुर्मी, तुलसी रजक, देवेंद्र कुर्मी, अमित कोरी, निलेश वर्मा,देवेंद्र चौहान,नीलेश कुर्मी, मोहित सोनी, राज कहार, नीतेश कुर्मी, विवेक लोधी,सूर्या चौहान, अंशुल कुशवाह, मोहित वर्मा, राज सहित इत्यादि का विशेष सहयोग रहा।

सोपोर पुलिस आम जनता से आग्रह करती है कि वे नशीले पदार्थों या किसी अन्य अपराध के बारे में निकटतम पुलिस प्रतिष्ठान या डायल 112 पर सूचना दें।

आम जनता से अनुरोध है कि वे समाज से नशे के खतरे को रोकने में पुलिस का सहयोग करें। हम समुदाय के सदस्यों को आश्वस्त करते हैं कि पुलिस कानून के अनुसार अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

## एक नजर

### राजस्थान: बारिश के ठहरे पानी से बढ़ा खतरा, फैलने लगी गंभीर बीमारियां




**पद्मारण देवासी/ राजस्थान:** बारिश के ठहरे पानी से खतरा उपखंड के शहरों में ग्रामीण क्षेत्र में पहले बारिश लगातार हुइ! उसके बाद लगातार गर्मी का तापमान रहने से बारिश के ठहरे हुए पानी में लारवा नष्ट हो गया। गत मां से गांव के सार्वजनिक तालाबों नाड़ियां बावड़ियो पशुओं के पानी की खेलियों के साथ जल भराव के खेतों में डेंगू लार्वा के विकसित होने कि संभावना बढ़ गई है। डेंगू का लार्वा सांप ठहरे हुए पानी में तेजी से विकसित होता है।

इससे रोकने के लिए जागरूकता के साथ प्रशासन की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। गाबूचिया मछलियों की जरूरत है सार्वजनिक तालाबों में नाड़ियां मैं छोड़ छोड़ जाना जरूरी है। यह मछलियां डेंगू लार्वा को नष्ट करती है।

### राजस्थान: संजय नगर में सड़क की खस्ता हालत, जनता झेल रही परेशानी




**मो. यूसुफ/राजस्थान:** संजय नगर अ ब्लॉक की रोड़ काफी जादा टूटी फूटी हो रही थी जिस के कारण व्हा के रहने वाले और आने जाने वाली जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पर रहा था। जब पार्षद जाहिद निर्बान को पता चलते ही मौके की खबर लेकर व्हा रोड़ बनाने वाली टीम को भेजा और रात में काम को अंजाम दियागा रात में काम इसलिए कराया गया दिन काफी ट्रैफिक रहता है। आने जाने वाले लोग बाइक कार और जनता आती जाती रहती है और वो काम ठीक से नहीं हो पाता है।

रात में कोई आता जाता नहीं है इसलिए रोड़ का काम अच्छे से साफ सफाई से और रोड़ भी साफ सूत्री और अच्छी बंजाती है। रोड़ का काम पूरा करवाया जिस से जनता भी खुश हो गई और पार्षद जाहिद निर्बान को खूब दुवा दी आज अ ब्लॉक संजय नगर वे तेलियो की मस्जिद के आस पास में नई सी सी रोड का कार्य करवाया गया।

### 211 फीट का रावण द्वारका में बनाया गया



**याशिका वर्मा/दिल्ली:** इस बार द्वारका सेक्टर 10 में बनाया गया 211 फीट का रावण का पुतला। रामलीला सोसाइटी का कहना है कि ढट मोदी को भी दिया गया है न्योता। उनका कहना ये भी है कि अन्य भाजपा नेताओ को आमंत्रण भेजा गया है। रामलीला आयोजन के अध्यक्ष का कहना है की जैसे देखा जा रहा पाप बढ़ रहा है यह पुतला बढ़ते पाप को दर्शा रहा है जिससे हम 12 अक्टूबर दशहरा पर नष्ट करेंगे। इस साल रामलील को पुराने राम मंदिर की तरह सजाया गया है। इस रामलीला की सुरक्षा के लिए 50 से ज्यादा पुलिस अधिकार, 200 स्वंयसेवक और 100 सिविल अधिकारी लगे हुए है। इस पुतला को बनाने में 4 महीने लगे वो भी 40 कलाकारों द्वारा, बताया जा रहा है की पुतला वाटर प्रूफ है क्यूंकि इसे कागज की जगह मखमल के कपडे का इस्तेमाल किया गया है।

# मध्य प्रदेश: नगर पार्षद ने मेले के आयोजन का लिया निर्णय

**रियाज मोहम्मद खान**

**मध्य प्रदेश:** थांदला तीन दिवसीय विजय दशमी मवेशी मेले का शुभारंभ थांदला नगर परिषद द्वारा स्थानीय दशहरा मैदान पर विगत 63-वर्षों से विजयदशमी मवेशी मेला एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दिनांक 11-10-2024-शुक्रवार से दिनांक 13-10-2024-रविवार तक तीन दिवस के लिये उक्त मेले का आयोजन किये जाने का निर्णय नगर परिषद थांदला द्वारा लिया गया। उक्त मेले में प्रति दिन होने वाले कार्यक्रम का विवरण दिनांक 11-10-24-रात्रि 07-बजे से मेले का शुभारंभ व रामायण पारायण दिनांक 12-10-2024-प्रात,10-बजे से कबड्डी प्रतियोगिता तथा शाम 06-बजे से नगर से श्री राम जी मंदिर से भगवान श्री राम



जी की सवारी आरंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए दशहरा मैदान के मुख्य मंच पर संतो द्वारा धर्मसभा का आयोजन के पश्चात, रात्रि 8,-30-बजे से आतिशबाजी एवं रात्रि 9- बजे रावण दहन उसके पश्चात मुख्य मंच पर श्री सत्यवीर तेजाजी के नाटक मंचन दिनांक 13-10-2024- को रात्रि 8 - से कबड्डी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण एवं रात्रि 9- बजे अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। मेले में देश प्रदेश के काफी संख्या में लोग मेला देखने व अपना व्यापार करने व खरीदने आते हैं।

रावण का पुतला 51-फीट का स्थानीय कलाकारों द्वारा बनाया गया है रावण के पुतले को दशहरा मैदान में खडा कर दिया गया है। मेले में नगर परिषद द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिजली पानी साफ सफाई की भी पूरी व्यवस्था की गई है व पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारीयों ने मेले स्थल पर पहुंचकर सम्पूर्ण निरिक्षण किया गया अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तरुण जैन व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रविन्द्र सिंह राठी व तहसीलदार अनील वाघेल व मुख्य नगर पालिका अधिकारी,व मेला अधिकारी पप्पू बारिया व थाना प्रभारी बृजेश कुमार मालवीय द्वारा निरिक्षण किया गया एवं सुरक्षा की दृष्टि को ध्यान में रखते हुवे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आवश्यक एवं विशेष निर्देश प्रदान किये गए।

# बुराड़ी में न बन रही सड़के, न साफ हो रही नालियां



**यशिका वर्मा**

**दिल्ली:** राजधानी दिल्ली में एक ऐसा क्षेत्र है जहां का विकास पिछले कई सालो से गायब है और आज तक दिल्ली के मुख्यामंत्री की नजर उस क्षेत्र पर नहीं पड़ी है जिसका नाम है बुराड़ी। यह दिल्ली का एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर पिछले कई दशक से सड़के धूल से सनी हुई है और लोग धूल की सफेद चादर में सांस ले रहे है।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार आने के बाद भी आज तक बुराड़ी की सड़के दुरुस्त नहीं हुइ! वहा की जनता को आने जाने में दिक्क्तो का सामना करना पड़ रहा है। सड़को का हाल इस समय काफी खस्ता है। कई लोग अपने वाहनों से ऐसी उबड़ खाबड़ सड़को पर जब निकलते है तो उन्हें दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ता है। सड़को के साथ साथ गलियों में बहने वाली नालियों की स्तिथि भी देखने लायक नहीं है और जब बरसात हो तो सोना पर सुहागा हो जाता है।८

# उत्तर प्रदेश: उन्नाव के सफीपुर में हुई आर्यावर्त ग्रामीण बैंक की बैठक

**दीपक कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** उन्नाव के सफीपुर क्षेत्र के ग्राम गुरधरी में आर्यावर्त ग्रामीण बैंक द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग मे बताया गया कि, जिस ग्रामीण का आर्यावर्त ग्रामीण बैंक में खाता है, यदि उसको किसी भी प्रकार की खाता संबंधित कोई भी समस्या हो तो खाता धारक अपनी समस्या की जानकारी हमारे बैंक के अधिकारी के समक्ष अपनी समस्या के निवारण हेतु अपनी कोई भी बात पूछ सकता है। बैंक से आये हुए कार्य कताओं ने ग्रामीणों को उनकी समस्या के बारे मे पूछते हुए उनको बैंक से संबंधित और भी अन्य जानकारियां दी ग्रामीणों को बताया गया कि, आपको कोई भी किसी भी प्रकार की समस्या हो जो आपको लगे की हमारी यह



समस्या बहुत कठिन है, जो आप से यहां पर बिना जानकारी के हल नहीं हो पा रही तो आप लोग बिना झिझक के अपने बैंक अधिकारी से सम्पर्क करें।

काफी लोगों ने अधिकारी के समक्ष अपनी अपनी समस्याएं लेकर पहुँचे। बैंक के अधिकारियों ने ग्रामीणों को उनकी समस्या का हल बताया। मीटिंग में उपस्थित अनेको ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या के बारे मे जानकारी ली और उनके उपाय भी पूछे आर्यावर्त ग्रामीण बैंक के बैंक मैनेजर अंजुल कुमार पाल जी तथा उनके साथ आये फिल्ड अफसर अंकुर दुबे और बैंक मित्र अमित कुमार यादव। मीटिंग में मौजूद ग्रामीणों में हेमराज, सरवन, केसन आदि ग्राम वासी भी मौजूद रहे। मीटिंग का आयोजन ग्राम गुरधरी में अधिकारियों द्वारा किया गया।

# राजस्थान: बिजली से करंट लगने से हुई मौत

**महबूब चौहान**

**राजस्थान:** ज़िला शाखा , झुन्झुनू का प्रतिनिधि मण्डल सुमन लता पत्नी स्व. जगदीश प्रसाद ,संघ ज़िला अध्यक्ष पवन आलडिया के नेतृत्व में ज़िला कलेक्टर, झुन्झुनू से मिल कर यह मांग की है कि स्व. जगदीश प्रसाद प्रधानाध्यापक , राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय देसूसर ज़िला झुन्झुनू की 28 जून 2024 को विद्यालय से घर लौट रहे थे तब करीब दोपहर 2 बजे पंचदेव मंदिर के पास बरसात की वजह से रुक गये । पास में खड़े बिजली के पोल से तार लटक रहे थे जिसमे करंट आ गया था ।

जगदीश प्रसाद बिजली के करंट लगने से गंभीर हालात में बी डी के अस्पताल झुनझुनू में भर्ती करवाया गया । उनकी हालात गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसी दिन शाम को जयपुर रेफर कर दिया था । मर्तक के परिजनों ने




मणिपाल अस्पताल जयपुर में जगदीश प्रसाद को भर्ती करवाया। उनकी हालात बिगड़ गए ।

18जुलाई 2024 को दर्दनाक मौत हो गयी। मर्तक जगदीश प्रसाद के परिवार में एक लड़का व दो लड़कियाँ अविवाहित है । उनकी अध्ययन की व्यवस्था भी की जानी है । अधीक्षण अभियंता अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड झुनझुनू की जानलेवा गलती से जगदीश प्रसाद की दुर्घटना में मृत्यु हो गयी। जगदीश प्रसाद के परिवार को चलाने के लिए उनके परिवार से उनके लड़के विकास चन्दानी को अनुकंपा के आधार पर राजकीय नौकरी देने हेतु एवं एक करोड़ का मुहावजा के माँग की गयी।संघ ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है ।

उचित कार्यवाही नहीं की जाती है तो मेघवाल समाज संघ (रजि.) झुनझुनू ज़िला मुख्यालय पर धरना , जुलूस व प्रदर्शन करेगा । यदि आवश्यकता हुई तो आमरण अनशन भी करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी राज्य सरकार एवं प्रशासन की होगी ।

# राजस्थान:तीन दिवसीय नवरात्रि रंगारंग डांडिया महोत्सव का समापन





**बजरंग लाल खंडेलवाल**

**राजस्थान:** तीन दिवसीय डांडिया महोत्सव का आयोजन पिंकसिटी मैरिज गार्डन गांधीपथ जयपुर में संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूवात मुख्य अतिथि सुमन लता लोहिया (भूतपूर्व पार्षद) तेजप्रकाश शर्मा(अध्यक्ष गिरधारीपुरा विकाश समिति)द्वारा माता रानी की आरती करके प्रारंभ की गई कार्यक्रम का आयोजन गौरव खैनीवाल(बालाजी डीजे साऊंड), लक्ष्मी नारायण कुमावत(लक्ष्मी मोबाईल पोईन्ट) डॉ.शेष अवतार शर्मा(ए टू जेड मेडिकल) के सौजन्य से करवाया गया कार्यक्रम में हेमंत,राहुल, लक्की, जय,एवम सभी कार्यकताओं ने सहयोग किया जिससे की इस डांडिया महोत्सव को एक बड़ा रूप दिया गया। डांडिया खेलने आए।

महिला,पुरुष,बच्चे सभी गुजराती रंग बिरंगी पोशाकों में राजस्थानी,गुजराती,पंजाबी गानों की धुनों पे डांडिया करके खूब आनंद उठा रहे थे। कार्यक्रम में बेस्ट ड्रेस,बेस्ट डांस व बेस्ट कपल जैसे कई पुरस्कार भी दिए गए विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया और सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की कार्यक्रम संयोजक डॉ. शेष अवतार शर्मा एवम गौरव खैनीवाल ने बताया की यह आयोजन न केवल डांडिया के प्रति उत्साह बढ़ाता है बल्कि भारतीय संस्कृति व समुदाय को एक साथ लाने व बढ़ावा देने में भी मदद करता है। और बताया की हम हमारी संस्कृति से दूर होते जा रहे है तो हमे ऐसे धार्मिक कार्यक्रम जिससे की हम हमारी संस्कृति को जाने और पहचाने इसके लिए हमे ऐसे धार्मिक कार्यक्रम करते रहना चाहिए और बताया कि आगे आने वाले कोई भी कार्यक्रम हो उसे हम हमारी भारतीय संस्कृति से जोड़ के आयोजित करेंगे।

भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देंगे और अंत में कार्यक्रम संयोजक ने पधारे हुए सभी अतिथियो का एवम डांडिया खेलने आए महिला,पुरुष,बच्चे, एवम कार्यक्रम में उनके सहयोगी सभी कार्यकताओं को धन्यवाद दिया और नवरात्रि व दशहरे की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## राजस्थान: खेलों में ग्रामीण क्षेत्र की पहचान और संस्कृति भी छिपी



**मांगी लाल**

**राजस्थान:** पारंपरिक खेलों को ग्रामीण इलाकों के बालकों द्वारा भूलना कहावत है-- खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब जितना खेलोगे उतना शरीर बलिष्ठ ,सुदृढ़, व सुंदर होता है। ग्रामीण इलाकों के कई खेल शारीरिक, मानसिक रूप से बालकों शारीरिक और मानसिक विकास करने में मदद करते हैं। इन खेलों में ग्रामीण क्षेत्र की पहचान और संस्कृति भी छिपी हुई है। लेकिन आधुनिकता की इस अंधी दौड़ में ग्रामीण क्षेत्र की समूची रीति व परंपराएं बदलने लगी है। सतोलिया, खुली कबड्डी ,गिली डंडा जूरणी, लंगडी दौड़, रुमाल जपट्टा, कोडा मारना, आदल गोटा आदि खेलों की जगह अब आधुनिकता के जमाने में पश्चिमी देशों की संस्कृति हावी होने लगी है।

डिजिटल स्मार्टफोन के युग में अब ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी अपने परंपरागत खेलों को भूलने लगे हैं। माटी से जुड़े खेलों को भूलाकर अपना ज्यादातर समय केवल मोबाइल फोन ऑनलाइन गेम खेलने में ही बिताते हैं। मोबाइल पर अकेले बैठकर या एक दूसरे दोस्तों के साथ मोबाइल पर ही जुड़कर खेल खेलना पसंद करते हैं।

जिसकी वजह से न केवल उन पर मानसिक प्रभाव पड़ता है बल्कि उनकी सेहत पर एवं पढ़ाई पर काफी बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों के व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। माता-पिता और अभिभावकों को चाहिए कि बच्चों को ज्यादा से ज्यादा अपने पारंपरिक खेलों को खेलने हेतु अपने बच्चों को उत्साहित करें। मोबाइल से दूरी बनाए रखने का अधिक से अधिक प्रयास करें।

## एक नजर

### राजस्थान: सागवाड़ा में मतदाता स्वीप गीत पर गरबा नृत्य का आयोजन




**महेंद्र पाटीदार/राजस्थान:** महिला महाविद्यालय सागवाड़ा में शनिवार को मतदाता स्वीप गीत पर गरबा नृत्य का आयोजन हुआ। महाविद्यालय प्राचार्य वासुदेव बलाई ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गरबा नृत्य के माध्यम से आने वाले उपचुनावों एवं अन्य चुनावों को लेकर आमजन को जागरूक कर मतदान हेतु प्रेरित करना है। ठरर प्रभारी प्रिया सोनी ने बताया कि इकाई की छात्राओं द्वारा युवा मतदाताओं एवं नव मतदाताओं को प्रेरित किया जा रहा है।

महाविद्यालय मिडिया प्रभारी कृष्ण कान्त भोई के अनुसार गरबा नृत्य कार्यक्रम में प्राचार्य द्वारा सर्वप्रथम माँ अम्बे का माल्यार्पण दीप?प्रज्जवलित कर महाआरती की गई व्याख्याता भूपेश पुरोहित एवं हार्दिक पण्ड्?या द्वारा तन्त्रोक्तं देवी सूक्तम्‌ का पाठ कराया गया तत्पश्चात छात्राओं ने गरबा रास खेला जिसमे गरबा नृत्य में प्रथम वाणी व्यास, द्वितीय दृष्टि भट्ट, तृतीय विशाखा नाई रहे एवं बेस्ट ड्रेस कोड़ में प्रथम रिया भटिया, द्वितीय ऋषिता भोई, तृतीय पूर्वांशी यादव रहे उसी तरह गरबा राउंड में प्रथम दुर्गा ग्रुप प्रथम सेमेस्टर, द्वितीय महाकाली ग्रुप तृतीय सेमेस्टर, तृतीय जय अम्बे ग्रुप तृतीय वर्ष के छात्र रहे।

उपाचार्य हिरालाल प्रजापत ने आभार प्रदर्शित किया। इस दौरान मोहन डेंडोर, जिज्ञासा व्यास, तपेश पण्ड्या, दीपाली पण्ड्या, रश्मि चौहान, हिमेश पण्ड्या, रश्मि उपाध्याय, अर्पिता सेवक, हिमानी भट्ट, दीनदयाल यादव, प्रदीप जोशी, भगवतीलाल रोत, मणी देवी, चंदा नाई, भूरी भागोरा आदि उपस्थित रहे।

### राजस्थान: श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में उमड़ रही है भीड़, रोजाना हो रहा है कथा का रसपान



**सुरेन्द्र कुमार सैनी/राजस्थान:** चिराना कस्बे के मांगीलाल धर्मशाला में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांच दिन सम्पन्न हो गये है। रोजाना कथावाचक देवी कृष्ण नन्दिनी के द्वारा धार्मिक व पौराणिक कथाओ, भागवत कथा महत्व, महाभारत,रामायण आदि सहित अनेक प्रसंगों के साथ साथ भजनों कि रसगंगा का रसपान कराया जा रहा है। दोपहर 12 बजे से 4 बजे कि कथा समय के अन्तर्गत सैंकड़ों महिलाएं व पुरुष शामिल होकर भक्तिमय हो रहे हैं। नवरात्रि के उपलक्ष्य में कथा होने से दुर्गा नवरुपों का भी वर्णन, अवतार कथा सहित पुजा अर्चना कि जा रही है। इस दौरान रिछपाल सैनी, मदनलाल कुमावत,महेश शर्मा,गोवर्धन सिंह शेखावत,शंकर लाल कुमावत, संजय पारसर, उप सरपंच मोहमद इकबाल, सरपंच राजेन्द्र सिंह शेखावत, आनंद सिंह शेखावत आदि सहित सैंकड़ों महिलाएं उपस्थित रही।

### उत्तर प्रदेश: सोनभद्र में धूमधाम से मनाया गया विजयदशमी का त्योहार

**आनंद कुमार/उत्तर प्रदेश:** सोनभद्र जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक दशहरे का पर्व धूमधाम व पारंपरिक तरीके से शनिवार को मनाया गया। जगह-जगह अहंकारी रावण के पुतले को जलाया गया। रावण दहन और इस दौरान लगने वाले दशहरा मेले में काफी संख्या में लोग उमड़े हुए थे। नगरों में पुतला दहन का दृश्य देखने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग नगरों व कस्बों का रुख करने लगे थे। पुतला दहन के बाद यह भीड़ देर रात तक वहां लगी मेलों में भी मौजूद रही। जिले के नगर तथा कस्बों में रामलीला मैदान पर राम रावण युद्ध लीला का मंचन किया गया। उसके बाद राम रावण युद्ध हुआ.जब श्री राम ने रावण का वध किया और रावण का पुतला जला तो वहां मौजूद लोगों ने असत्य पर सत्य की विजई हुई तथा जय श्री राम के नारे लगाए।

रावण वध के बाद अपने उम्र से बड़े लोगों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। असुरों के राजा लंका नरेश रावण को परास्त कर उसका वध करने के बाद और लंका विजय के पश्चात सकुशल अयोध्या वापस होने की खुशी में जिले में कई जगह राम, लक्ष्मण हनुमान सहित माता सीता की अपने अयोध्या नगर में भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद कई जगहों पर मां दुर्गा की शोभायात्रा निकाली गई.इस शोभायात्रा को संपूर्ण नगर में भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद मां की प्रतिमाओं को नदी, पोखरों में विसर्जित किया गया.जिले में सबसे ऊंचा रावण का पुतला चोपन में 85 फीट, रेणुकूट 80, अनपरा 60,रेनू सागर 60, रावटसगंज 35, दुद्धी 50, विंढ़ मगंज 42 और ओबरा में 40 फीट ऊंचे रावण के पुतले को दहन किया गया. रावण दहन और मेले में भारी भीड़ को देखते हुए सभी प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था कड़े इंतजाम किए गए थे। पुलिस टीम लगातार मेला क्षेत्र का चक्रमण करती रही।

### मध्य प्रदेश: जन अभियान परिषद व्लाक संस्था द्वारा बैठक आयोजित

**अरुण श्रीवास्तव/मध्य प्रदेश:** जन अभियान परिषद व्लाक साईखेडा जिला नरसिंहपुर सेक्टर क्रमांक 1 नवांकुर संस्था तूमडा द्वारा आयोजित बैठक का आयोजन ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति मेहरागांव अध्यक्ष श्री भरत सिंह राजपूत जी के निवास पर आयोजित हुई जिसमें जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा व्लाक समन्वय राम मोहन रघुवंशी नवांकुर संस्था अध्यक्ष राकेश खेमरिया के मार्गदर्शन में जल संरक्षण सम्वर्द्धन अभियान सेवा ही स्वक्छ्ता अभियान नशामुक्ति अभियान अंकुर अभियान एक पेड़ मां के नाम अभियान एवं विभिन्न शासकीय जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु समीक्षा की गई जिसमें जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा जी द्वारा सभी समितियों को प्रभावी रूप से सक्रिय रहकर कार्य करने का आग्रह किया गया।

आगमी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसकी योजना पर व्लाक समन्वय राम मोहन रघुवंशी जी ने मार्गदर्शन प्रदान किया एवं नवांकुर संस्था तूमडा अध्यक्ष श्री राकेश खेमरिया ने सभी ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष सचिव गणों का का बैनर रजिस्टर एवं कलम भैट कर सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सिरसिरी से कैलाश शर्मा संदूक से मोहन शर्मा महेश्वर से नरेश राय मेहरागांव से भरत सिंह राजपूत तूमडा से सचिव मुन्ना लाल कुशवाहा को सम्मान स्वरूप भैट प्रदान किया गया। नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई उक्त कार्यक्रम में सहभागी रहे। सभी सदस्यों का जिला समन्वयक जय नारायण शर्मा का व्लाक समन्वय राम मोहन रघुवंशी जी ने आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान: जयपुर में कुछ इस तरह निभाया ईमानदारी से अपना फर्ज



**अब्दुल लतीफ**

**राजस्थान:** जयपुर के एनसीआर समाचार के संवाददाता अब्दुल लतीफ के अकाउंट में अचानक 5000 रुपए का पेमेंट आ जाता है। 45 मिनट बाद संवाददाता अब्दुल लतीफ ने मोबाइल संभाला तो उसके अंदर मैसेज यह था भैया गलती से आपके अकाउंट में 5000 चले गए प्लीज तुरंत भेज दीजिए। फिर उनसे संवाददाता अब्दुल लतीफ ने मैसेज करके उनको अपने फोन नंबर दिए और कहा कॉल करो।

सामने से फोन आता है वह बताते हैं भैया आपके अकाउंट में मुझसे गलती से ?5000 चले गए। मैंने पूछा आपका नाम उन्होंने राजेंद्र कुमार सैनी बताया। मैंने पूछा आप कहां रहते हैं उन्होंने बताया जयपुर श्याम नगर मेट्रो स्टेशन के पास रहता हूं। मैंने कुछ और बातें भी उन से मालुम की। और संवाददाता अब्दुल लतीफ को सभी बातों का संतुष्ट जवाब मिल गया। और फिर राजेंद्र कुमार सैनी से कहा आपके पैसे आपके अकाउंट में पहुंच रहे हैं तुरंत 5000 रुपए उनके अकाउंट में डालें और वह बहुत खुश हुए और उन्होंने संवाददाता अब्दुल लतीफ को बहुत धन्यवाद कहा थैंक्स कहा। मैंने कहा यह तो मेरा फर्ज था जो मैंने निभाया।

## राजस्थान: श्रीराम बायोसीड कम्पनी की सरसों सोनालिका, लाखो लोगो का भरोसा



**प्रदीप सिंह**

**राजस्थान:** बीज की नामी कंपनियों में से एक श्रीराम बायोसीड (यूनिट ऑफ ऊ्ळट श्रीराम लिमिटेड) कम्पनी हर प्रकार का भरोसेमंद बीज उपलब्द करवाती हैं, श्रीराम बायोसीड की सरसो सोनालिका का उत्पादन अच्छा होने से भारी मांग रहती हैं कम्पनी द्वारा हर एरिया में किसान गोष्टी आयोजित की जा रही हैं जिसमे श्रीराम बायोसीड के अधिकारी सोनालिका सरसों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं और किसानों की समस्या का समाधान करते है।

हाल ही में सोनालिका सरसो का हब एरिया पल्लू के गांव सिरासर और धन्नासर में बड़ी किसान गोष्टी की गई जिसमे श्रीराम बायोसीड कम्पनी के रीजनल मैनेजर ऊ्१. संदीप जी पारीक और एरिया मैनेजर ऊ्१. प्रदीप सिंह ने किसानों को सोनालिका सरसों के गुणों के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने बताया कि सोनालिका सरसों मध्यम ऊंचाई का पौधा होता हैं जो नीचे से फुटाव शुरू करता है और लंबी शाखाएं होती हैं, हर शाखा पर अधिक फलिया ,सोनालिका सरसों की फलियों का छिलका मोटा होने से पाले की मार से बचत रहती हैं और अधिक तेल की मात्रा रहती हैं

इस सरसो को काटते समय इसकी फलियों से बीज खेत में छिटकते या झड़ते नहीं है इस वजह से नुकसान नहीं होता ।

गोष्टी में किसानों ने बताया की लगभग सभी किसानों द्वारा सरसो लगाई जाती हैं और किसानों ने अपना फीडबैक दिया की सोनालिका सरसों उनके खेतो में अच्छी उपज दे रही हैं। डीलर भी किसान गोष्टी में पहुंचे और किसानों को सोनालिका सरसो लगाने की सलाह दी। श्रीराम बायोसीड रिसर्च बेस कम्पनी है जो सभी हाइब्रिड बीज तैयार करती हैं।

पिछले साल बायोसीड ने मध्यम से भारी जमीन के लिए गेंहू की गर्मी सहनशील किस्म एल्टिमैक्स गुरु के नाम से दी है ,जिसकी उच्च उपज क्षमता और गर्मी से बचत रहने से किसानों द्वारा अच्छी मांग देखी गई है।

## मध्य प्रदेश: विजय दशमी पर्व पर अधिकारियो की मौजूदगी में रावण के पुतला जलाया





**रियाज मोहम्मद खान**

**मध्य प्रदेश:** थांदला विजय रथ शाही सवारी श्री राम जी व श्री लक्ष्मण जी व श्री हनुमान जी निकाल कर दशहरा मैदान पहुंचकर तीर मार कर बुराई का प्रति अंहकारी रावण अस्तय पर सत्य की विजय। विजय दशमी पर्व पर दशहरा मैदान में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी सुनील पंणदा सहित सभी जन प्रतिनिधियों व एसडीएम तरुण जैन व प्रशासनिक वरिष्ठ अधिकारी की मौजूदगी में रावण के पुतला जलाया गया। नगर परिषद द्वारा मेला आयोजित किया जाता है मेला पिछले पांच सालों से निरस्त कर दिया गया था क्योंकि उस वक्त कोरोना काल एवं आचार संहिता लागू होने से मेले का आयोजन नहीं किया गया। इस बार उत्साहीत ऐतिहासिक जन सैलाब देखा गया। मेला स्थल से लेकर अस्पताल चौराहा तक इतनी भीड़ आम आदमी को पैदल चलने में भी काफी मुश्किल हो रही थी। पूरे रोड पर जाम लग रहा इसी मार्ग से सवारी बसे व सभी छोटे बड़े वाहन का भी आना जाना लगा रहता है।

वाहन चालकों को अपने वाहन निकालने में भी बहुत मुश्किल का सामना करना पड़ रहा था। मेले में बहुत सारी दुकानें लगाई गई व झूला चकरी व बड़े झूले का बच्चे युवा व सभी लोग ने बहुत आंनद लिए व कई विभाग द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गइ! झाबुआ जिले की सभी तहसीलों में दशहरा पर्व पर रावण का पुतला जलाया जाता हैं। मगर इतना बड़ा मेला नहीं लगता है। जो कि थांदला में लगता है इसलिए मेला देखने के लिए देश के अलग-अलग राज्यों से लोग मेला देखने व अपना व्यापार करने खरीदने व बेज ने मेले आते हैं मेले में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम किए काफी अलर्ट रहें व बाहर से भी फोर्स बुला कर तैनात किए गए हैं। व मुख्य नगर पालिका अधिकारी पप्पू बारिया सहित सभी नगर परिषद कर्मचारिय भी मेले स्थल पर व्यवस्था को लेकर काफी अलर्ट रहें।

## मैसूर दरभंगा बागमती एक्सप्रेस हुई बड़े हादसे का शिकार, कई लोगों की मौत



**याशिका वर्मा**

**दिल्ली:** तमिलनाडु में फिर एक बड़ा ट्रेन हादसा हो गया। इस हादसे में कई लोगों की जान चली गइ! वर्तमान आंकड़े के मुताबिक करीब 2 दर्जन लोग मारे गए और कई घायल हो गए, लेकिन ये आंकड़े बढ़ भी सकते है।

आपको बता दें कि, ये दुर्घटना बीती शुक्रवार की रात को करीब 8.30 बजे हुई, जब मैसूर दरभंगा बागमती एक्सप्रेस के 13 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस दुर्घटना का कारण मालगाड़ी से टकराना बताया जा रहा है, जिसकी उच्च स्तरीय जाँच अभी चल रही है। इस टक्कर के बाद ट्रेन के 2 डिब्बों में आग भी लग गई थी।

भारत देश में पिछले कई महीनों से लगातार ट्रेन हादसे हो रहें है लेकिन इसकी सुरक्षा जाँच अब तक पूरी नहीं हो पाई है और न ही सुरक्षा कवच जिसकी बात की गई थी वो ट्रेन के आगे लगाई गइ!

## मध्य प्रदेश: त्योहार के समय शराब पीकर वाहन चलाते दो शराबियों पर रामनगर पुलिस ने की कार्यवाही



**गजेन्द्र कुमार मिश्रा**

**मध्य प्रदेश:** वर्तमान में नवरात्रि त्यौहार होने से थाना क्षेत्र में नवदुर्गा प्रतिमा देखने हेतु काफी मात्रा में श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं, जिससे क्षेत्र में काफी भीड बनी रहती है। दिनांक 10.10.2024 को काली मंदिर तिराहा राजनगर में सुरक्षा व्यवस्था डियूटी के दौरान दो मोटर सायकल चालको के द्वारा मोटरसाइकिल को लहराते हुये चलाते पाए गए थे।

किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना पर मोटर साइकिल चालकों को रोककर चेक किया शराब पिए हुए पाए गए ' ब्रीथ एनालाइजर मशीन से शराब की मात्रा चेक करने पर काफी मात्रा में शराब का सेवन किए हुए पाए जाने पर दोनों व्यक्तियों (01) - राकेश कुमार बर्मन पिता वीरसाय बर्मन उम्र 25 वर्ष निवासी देवडांड थाना मरवाही जिला जीपीएम (L¦f) एवं (02) - प्रदीप चौधरी पिता बलराम चौधरी उम्र 31 वर्ष, निवासी रगटा थाना मरवाही जिला जीपीएम (L¦f) की मोटर सायकल हीरो होण्डा वाहन क्र० उऋ10 एढ 9498 तथा टीव्हीएस स्टार वाहन क्र० CG 31 B 1965 को जप्त कर दोनों शराबियों के विरूद्ध धारा 185,129/194 (ऊ), 130/177(3) एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही कर दोनों मोटरसाइकिल को थाना परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

## उत्तर प्रदेश: सफीपुर मे स्थित ग्राम गुरधरी में पंचायत भवन मे चकबंदी



**दीपक कुमार**

**उत्तर प्रदेश:** जिला उन्नाव के सफीपुर क्षेत्र मे स्थित ग्राम गुरधरी में पंचायत भवन मे चकबंदी अधिकारियों द्वारा एक मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को बताया गया कि किसी भी ग्रामीण को चककबंदी संबंधित कोई भी समस्या हो तो वो ग्रामीण अपनी समस्या का समाधान पूछे और अपने साथ होने वाली परेशानी के बारे मे आकर बताये जिस किसी को कोई भी समस्या हो तो उसके निवारण हेतु अपनी समस्या को दर्ज करवाए मीटिंग में उपस्थित अधिकारियों ने यहां मौजूद ग्रामीणों की समस्याए सुनी साथ ही समस्याओ को लेकर अदिकारिओ को दर्ज भी कराई गई और कागजी कार्यवाही भी की गई साथ ही अधिकारिओ द्वारा बताया गया की अगर कोई भी अधिकारी आपकी सुनवाई नही करता है तो आप लोग उन्नाव ऑफिस मे आकर के हमसे वहा भी बात कर सकते है।

अपनी दिक्कत को लेकर आप की प्रत्येक समस्या का समाधान किया जायेगा अधिकारियों ने काफी ग्रामीणों की समस्याए सुलझाने को लेकर उपस्थित अधिकारियों को हिदायत भी दी गई मीटिंग में उपस्थित ग्रामीणों ने अपनी अपनी समस्या को लेकर अधिकारियों से जानकारी ली जो ग्रामीण मीटिंग में उपस्थित न हो सके तो चकबंधी अधिकारियो ने मौजूद ग्रामीणों से यह भी कहा की ऐसा न समझे की आज मीटिंग हो गई तो आगे आपकी सुवाई नही होगी।

# रावण दहन करते समय हुआ बैकफायर, सांसद पप्पू यादव के पेट में घुसा रॉकेट

पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया में दशहरे पर रावण दहन के दौरान एक हादसा हो गया जिसमें पूर्णिया के निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव विजयादशमी पर रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए। रावण दहन के लिए पप्पू यादव ने जैसे ही पटाखे में आग लगाई तो रॉकेट से बैकफायर हुआ और उनके पेट में घुस गया, जिससे पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। वह बाल-बाल बच गए। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। राहत की बात यह रही कि इस दौरान किसी भी तरह का हादसा नहीं हुआ, लेकिन पप्पू यादव की शर्ट में आग लग गई। इस घटना से कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया था। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें पप्पू यादव के हाथ में पटाखा जलता हुआ देखा जा सकता है। उनके साथ पुलिस अधिकारी भी पटाखे को हाथ में पकड़े हैं तभी अचानक वह रॉकेट से बैकफायर हो जाता है और पप्पू यादव के पेट पर जाकर लगता है और उनकी शर्ट में आग लग जाती है। इस दौरान लोग पप्पू यादव को बचाने की कोशिश करते हैं। उनकी आंखों को हाथों से ढंकते हैं। हालांकि पप्पू यादव उस पटाखे को छोड़ते नहीं हैं। इसके बाद स्थिति सामान्य हुई हो रावण दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# पुरी के जगन्नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं को मुफ्त में 'महाप्रसाद' वितरित करने की योजना

भुवनेश्वर । ओडिशा सरकार पुरी स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में 'महाप्रसाद' श्रद्धालुओं को मुफ्त में वितरित करने की योजना बना रही है। राज्य के विधि मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने यह जानकारी दी। हरिचंदन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि जल्द ही इस योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुफ्त में महाप्रसाद वितरित करने के फैसले को लागू करने पर सरकार को सालाना 14 से 15 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। हरिचंदन ने कहा, ''हम आर्थिक रूप से संपन्न कुछ श्रद्धालुओं को इस योजना से जोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ पहले ही इस पहल में सहयोग को सहमत हो चुके हैं।'' मंत्री ने कहा कि इस पहल को पवित्र उड़िया महीने 'कार्तिक' के बाद लागू किये जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार, 'कार्तिक' माह के दौरान विशिष्ट अनुष्ठान करने वाली महिलाओं 'हबिसयाली' के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। हरिचंदन ने कहा, ''हमने सार्वजनिक दर्शन (जगन्नाथ मंदिर) को सुव्यवस्थित करने के लिए एक योजना बनानी शुरू की है। एक समर्पित प्रणाली स्थापित की जाएगी ताकि श्रद्धालुओं को 12वीं सदी के मंदिर में आने में कोई परेशानी न हो।

# जयपुर में बिना ड्राइवर के सड़क पर दौड़ी जलती कार

## – एमजी हेक्टर ने बाइक को मारी टक्कर, बचने के लिए मची अफरा-तफरी

जयपुर । जयपुर में बिना ड्राइवर के आग से घिरी एमजी हेक्टर कार सड़क पर दौड़ी। कार ने बाइक को टक्कर मार दी। लोग अपनी गाड़ियों को बचाते नजर आए। आखिरकार कार डिवाइडर से टकराकर रुक गई। यह घटना एलिवेटेड रोड पर अजमेर से सोडाला की ओर उतरते समय की है। कार जितेंद्र जांगिड़ चला रहा था। जो मानसरोवर की पत्रकार कॉलोनी स्थित दिव्य दर्शन अपार्टमेंट में रहता है। जितेंद्र ने साल 2021 में कार खरीदी थी। जितेंद्र ने बताया कि करीब 1.45 बजे एलिवेटेड रोड से उतरने के दौरान एसी से धुआं उठने लगा था। भाई को कॉल किया तो उसने कार का बोनट खोलकर देखने के लिए कहा। कार से नीचे उतरकर बोनट खोलकर देखा तो आग लग रही थी। इस दौरान लोग इकट्ठा हो गए। मैंने ऑटोमैटिक कार को साइड में रोककर हैंड ब्रेक लगा दिया और मेटिंग हटाई। चारों खिड़कियां खोलकर नीचे उतरा तब तक बोनट से आग भभक उठी। आस-पास लोग इकट्ठा हो गए। इस बीच किसी ने फायर बिग्रेड को सूचना दे दी। आग से वायरिंग जलकर खाक हो गई, जिससे ऑटो हैंड ब्रेक फेल हो गए। कार का एक टायर भी फूट गया। लोगों ने कार की आग बुझाने का प्रयास किया। हालांकि आग तेजी से बढ़ गई। आग लगने से कार का हैंड ब्रेक खराब हो गया। ऐसे में कार एलिवेटेड रोड की ढलान पर चलने लगी। इसी दौरान कार के आगे एक बाइक खड़ी थी। उसे टक्कर मारते हुए कार आगे बढ़ गई। फायर ऑफिसर ने कहा कि कार में आग लगने की जानकारी मिलने पर 22 गोदाम से एक दमकल रवाना की गई। मौके पर देखा तो कार से आग की लपटें निकल रही थीं। आग को कंट्रोल किया तब तक कार पूरी तरह से खाक हो गई थी। कार में रखा हुआ सामान भी जल चुका था।

# दिल्ली में 20 डिग्री से नीचे आया तापमान, गुलाबी ठंड ने दी दस्तक

नई दिल्ली। सफदरजंग की मानक वेधशाला में शनिवार को न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस महीने में यह पहली बार है, जब न्यूनतम पारा 20 डिग्री से नीचे आया है। दिल्ली के रिज क्षेत्र की सुबह सबसे ज्यादा ठंडी रही। यहां का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, सफदरजंग में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य है। कुल मिलाकर दिल्ली में सुबह और रात में अब हल्की ठंड का अहसास बढ़ने लगा है। केंद्र के वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने भी जिलाधिकारियों को पराली जलाने से रोकने में विफल रहने वाले अधिकारियों पर कानूनी कार्रवाई करने को कहा है। आयोग ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के एनसीआर क्षेत्रों के जिलाधिकारियों को कानूनी कार्रवाई करने का अधिकार दिया है। सीएक्यूएम ने कहा कि 15 सितंबर से नौ अक्टूबर के बीच पराली जलाने की पंजाब में 267 और हरियाणा में 187 घटनाएं दर्ज की गईं। वहीं, दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर निर्माणाधीन कचरे के कारण वातावरण में धूल प्रदूषण फैल रहा है। इसको रोकने के लिए नगर निगम ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग और एनजीटी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ चालान काटने के लिए योजना बनाई है। साथ ही त्याहारों के संबंध में सफाई व्यवस्था के तहत स्वच्छता अभियान को भी निगम प्रशासन तेज करेगा।

# राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मुख्य सचिवों को लिखा पत्र

## मदरसों को राज्य से मिलने वाला पैसा बंद करें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने सभी राज्यों के अलावा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मांग की गई है कि सरकार मदरसा बोर्ड को दी जाने वाली फंडिंग पर रोक लगाए और इन सभी मदरसा बोर्ड को बंद कर दें। बाल आयोग ने कहा कि मदरसे में न तो बच्चों को बेसिक शिक्षा मिलती है और न ही उनको मिड डे मील की सुविधा का कोई फायदा होता है।

दरअसल, बाल आयोग की तरफ से कहा गया कि मदरसा बोर्ड आरटीई यानी शिक्षा के अधिकारी के कानून का पालन तक नहीं करते हैं। आयोग ने यह भी कहा है कि मदरसों का पूरा फोकस केवल धार्मिक शिक्षा के पर ही रहता है, जिससे बच्चों को जरूरी शिक्षा नहीं मिल पाती है। बाल आयोग द्वारा उठाई गई मांगों में कहा गया कि मदरसों और मदरसा बोर्डों को राज्य की तरफ से दिए जाने वाले फंड को रोक दिया जाए। मदरसों से गैर-मुस्लिम बच्चों को हटाया जाए। संविधान के आर्टिकल 28 के मुताबिक, माता-पिता की सहमति के बिना किसी बच्चे को धार्मिक शिक्षा नहीं दी जा सकती। बाल आयोग ने कहा है कि एक संस्थान के अंदर धार्मिक और औपचारिक शिक्षा एक साथ नहीं दी जा सकती है।

### बाल आयोग के पत्र पर बोली कांग्रेस

बाल आयोग की इस चिट्ठी को लेकर कांग्रेस ने कहा कि वह पत्र पढ़ने के बाद टिप्पणी करेगी, लेकिन कर्नाटक में पार्टी के इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बायोटेक, ग्रामीण विकास और पंचायती राज मंत्री ने कहा कि आयोग को आदर्श रूप से उपाय सुझाने चाहिए, बजाय इसके कि राज्यों से मदरसों को वित्त पोषण बंद करने और बंद करने के लिए कहा जाए। उन्होंने कहा कि यह देखना बहुत विडंबनापूर्ण है कि महाराष्ट्र सरकार द्वारा मदरसा शिक्षकों के वेतन को तीन गुना करने के फैसले के कुछ ही दिन बाद यह घटनाक्रम हुआ है। वहीं इस मामले में एनडीए की साथी लोकजनशक्ति पार्टी के प्रवक्ता एके बाजपेयी ने कहा है कि अगर कोई मदरसा अवैध रूप से चलता पाया जाता है, तो उसे बंद कर देना चाहिए। लेकिन कोई भी काम आंख मूंदकर नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता कि एनसीपीसीआर ने राज्यों से कोई प्रतिकूल रिपोर्ट मिलने के बाद यह पत्र लिखा है या नहीं।

### सर्वेक्षण की मांग

ऐ के बाजपयी ने कहा कि सभी मदरसों का उचित सर्वेक्षण होना चाहिए ताकि पता लगाया जा सके कि कहीं कोई अनियमितता तो नहीं है। और अगर कोई अवैधता पाई जाती है तो उन्हें अपनी सफाई देने का पर्याप्त अवसर दिया जाना चाहिए। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने कहा कि यह भी सिफारिश की गई है कि सभी गैर-मुस्लिम बच्चों को मदरसों से निकालकर आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने के लिए स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए। उन्होंने कहा है कि साथ ही, मुस्लिम समुदाय के बच्चे जो मदरसा में पढ़ रहे हैं, चाहे वे मान्यता प्राप्त हों या गैर-मान्यता प्राप्त, उन्हें औपचारिक स्कूलों में दाखिला दिलाया जाए और आरटीई अधिनियम, 2009 के अनुसार निर्धारित समय और पाठ्यक्रम की शिक्षा दी जाए। इस मामले में बीजेपी की सहयोगी जेडीयू और टीडीपी ने इस मुद्दे पर कुछ बोलने से दूरी बनाई है।

# भाईजान की फैमिली ने की दोस्तों और करीबियों से अपील, सलमान से ना मिलें

मुंबई। बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बांद्रा में उनके गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। वहीं सलमान खान के परिवार ने उनके इंडस्ट्री में मौजूद कई दोस्तों और करीबियों से अपील की है कि वह सलमान से ना मिलें। जानकारी के मुताबिक अपने बेहद करीबी दोस्त बाबा सिद्दीकी को खोने के बाद सलमान खान बहुत दुखी हैं। बाबा सिद्दीकी, सलमान खान के लिए सिर्फ दोस्त ही नहीं बल्कि परिवार के सदस्य जैसे थे। हाल ही में जब बाबा सिद्दीकी अपने बेटे जीशान के साथ सलमान खान से मिलने उनके घर पहुंचे थे, तो उनका बहुत प्यार से स्वागत किया गया था। सलमान भी एक सच्चे दोस्त की तरह इस दुखद घटना के बाद परिवार से मिलने पहुंचे। हालांकि, कल देर रात लीलावती अस्पताल से घर लौटने के बाद सलमान सो नहीं पाए और लगातार जीशान और परिवार का हालचाल पूछते रहे। बाबा सिद्दीकी परिवार के एक करीबी सूत्र ने बताया कि सलमान खान फोन पर अंतिम संस्कार की तैयारियों और हर छोटी-बड़ी जानकारी ले रहे हैं। उन्होंने अगले कुछ दिनों के लिए अपनी सभी निजी मुलाकातें रद्द कर दी हैं। खबरों के मुताबिक सलमान खान के करीबी परिवार के सदस्य भी इस नुकसान से उतने ही दुखी हैं। अरबाज खान और सोहेल खान भी बाबा के बहुत करीब थे और बाबा के इन आयोजन में अक्सर जाया करते थे।



# बाबा सिद्दीकी हत्या मामला: आरोपियों पर हमला होने की आशंका, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई में एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में गिरफ्तार आरोपियों की सुरक्षा को लेकर सतर्कता बरत रही है। पुलिस को संदेह है कि कोर्ट में आरोपियों पर हमला हो सकता है। इस आशंका के चलते पुलिस ने कोर्ट परिसर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए ताकि किसी भी संभावित हमले से बचा जा सके।

बता दें कि मुंबई के पूर्व मंत्री और एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की उनके ऑफिस के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस घटनाक्रम के कुछ ही समय बाद दो शूटरों को गिरफ्तार कर लिया, जिनके नाम बलजीत सिंह और धर्मराज कश्यप हैं। तीसरे आरोपी अभी फरार है। जांच में ये भी सामने आया है कि शूटरों को इस हत्या का ठेका मिला था। दो शूटरों की गिरफ्तारी के बाद पुलिस हरियाणा और यूपी पुलिस से संपर्क में है, ताकि इनकी पृष्ठभूमि और गैंग कनेक्शन का पता लगाया जा सके।

पुलिस को आशंका है कि गिरफ्तार आरोपियों पर अदालत में पेशी के दौरान हमला हो सकता है। इसी खतरे को देखते हुए मुंबई पुलिस ने अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

कोर्ट परिसर में तैनात पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है, और हर आने-जाने वाले की सघन जांच की जा रही है।

मुंबई पुलिस के अलावा, हरियाणा और यूपी पुलिस भी इस केस में अपनी जांच कर रही हैं। हरियाणा पुलिस की एसटीएफ बलजीत सिंह के बारे में जानकारी जुटा रही है, जबकि यूपी पुलिस धर्मराज कश्यप के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में जुटी है। फरार तीसरे आरोपी की तलाश के लिए भी पुलिस छापेमारी कर रही है।

# नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की मौत का मामला, राहुल गांधी ने मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर फिर उठाए सवाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के नासिक में हाल ही में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीरों की मौत हो गयी थी। इस मामले के सामने आने के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को मोदी सरकार की अग्निपथ योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से सवाल पूछा कि एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक की तुलना में अधिक मूल्यवान क्यों है? इसके अलावा उन्होंने यह भी सवाल किया कि 'अग्निवीर' के रूप में शहीद हुए दो सैनिकों के परिवारों को अन्य शहीद सैनिकों के समान पेंशन और लाभ क्यों नहीं मिलेंगे?



रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में गांधी ने लिखा, 'नासिक में प्रशिक्षण के दौरान दो अग्निवीर गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित की मौत एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में बीजेपी सरकार असफल रही है।'

इस पोस्ट में आगे गांधी ने मोदी सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने पूछा कि क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो? अग्निवीरों के परिवारों को पेंशन और अन्य सरकारी सुविधाओं का लाभ क्यों नहीं मिलेगा? जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों?

राहुल ने कहा कि अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा कि प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री को जवाब देना चाहिए कि क्यों एक सैनिक की जिंदगी दूसरे सैनिक से अधिक मूल्यवान है?


राहुल ने जनता से अपील की कि मिलकर इस अन्याय के खिलाफ खड़े हों। क्ष्छक्कसरकार की 'अग्निवीर' योजना को हटाने के लिए, देश के युवाओं और सेना के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए हमारे 'जय जवान' आंदोलन से आज ही जुड़ें! बता दें, नासिक जिले के आर्टिलरी सेंटर में परीक्षण के दौरान एक गोले के फट जाने से अग्निवीरों गोहिल और सैफत की मौत हो गई थी।

नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर - गोहिल विश्वराजसिंह और सैफत शित - का निधन एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं।

यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में बीजेपी सरकार असफल रही है।

# भगवान राम का जीवन हमें सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है: ओम बिरला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भगवान राम का जीवन और दर्शन हमें सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। वह कोटा में 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेला को संबोधित कर रहे थे, जहां शनिवार शाम को विजया दशमी के अवसर पर रावण का 80 फुट ऊंचा पुतला फूंका गया। बिरला इस समारोह के मुख्य अतिथि थे।



उन्होंने कहा, ''भगवान राम ने आदर्श जीवन जीया और समाज के वंचित एवं गरीब वर्ग को अपने साथ लिया। उन्होंने अपने 14 साल के वनवास के दौरान उनके (वंचितों एवं गरीबों के) जीवन को बदलने के लिए काम किया और अंततः अहंकारी रावण को मार डाला।''

कोटा-बूंदी से सांसद बिरला ने कहा, ''भगवान राम का जीवन और दर्शन हमें सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है।'' इस समारोह में रावण के भाई कुंभकर्ण और बेटे मेघनाद के 60 फुट ऊंचे पुतले भी हरित पटाखों का इस्तेमाल कर फूंके गए।

इस अवसर पर राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, महापौर राजीव भारती और कोटा दशहरा मेला समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी भी मौजूद रहे।

# कर्नाटक के भाजपा सांसदों ने राज्य के लोगों को धोखा दिया: मुख्यमंत्री, सिद्धरमैया



**मैसूर (कर्नाटक) (एजेंसी)।** । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रदेश के भाजपा सांसदों पर केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी को लेकर हो रहे 'अन्याय' के खिलाफ आवाज नहीं उठाने के लिए निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने लोगों से राज्य के साथ हो रहे इस 'अन्याय' के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की। पत्रकारों को संबोधित करते हुए सिद्धरमैया ने कहा कि राज्य को 6,498 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि उत्तर प्रदेश को 31,987 करोड़ रुपये मिले हैं, जो दोनों राज्यों की केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के बीच बहुत बड़ा अंतर दर्शाता है।

उन्होंने कहा, ''लोगों को कर्नाटक के साथ हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की जरूरत है। केंद्र का समर्थन करने वाले भाजपा नेता राज्य के लोगों को धोखा दे रहे हैं, चाहे वह प्रह्लाद जोशी हों या कोई और।'' उन्होंने कहा, ''कर्नाटक से बहुत से सांसद गये हैं। उन्हें अपनी आवाजी उठाने की जरूरत है, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया।'' उन्होंने कहा कि राज्य को पांच वर्षों में केंद्रीय करों में हिस्सेदारी में 60,000 करोड़ रुपये का घाटा हुआ है। इस मामले में सरकार के अगले कदम के बारे में पूछे जाने पर, सिद्धरमैया ने कहा कि वह अपने कैबिनेट सहयोगियों के साथ इस पर चर्चा करेंगे।

इस मुद्दे पर एक बयान में सिद्धरमैया ने सवाल उठाया, ''अपने खराब शासन के लिए बदनाम उत्तर प्रदेश को 31,962 करोड़ रुपये, बिहार को 17,921 करोड़ रुपये, मध्य प्रदेश को 13,987 करोड़ रुपये और राजस्थान को 10,737 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। उन्होंने कहा, ''कर्नाटक के पसीने और मेहनत से उन राज्यों का विकास क्यों होना चाहिए जो कुशासन के कारण पिछड़ गए हैं।'' हुब्बली के अल्पसंख्यक समुदाय के दंगाइयों को क्षमादान देने के कैबिनेट के फैसले पर सिद्धरमैया ने कहा कि जब भाजपा सत्ता में थी तब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कई नेताओं को भी रिहा किया गया था। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने बृहस्पतिवार को हुब्बली शहर में 16 अप्रैल 2022 को पुलिसकर्मियों पर पथराव करने वाली भीड़ के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला वापस लेने का फैसला किया।

# प्रयागराज महाकुंभ में 71 दलित संत महामंडलेश्वर बनेंगे

## –हिन्दुओं को बौद्ध, ईसाई बनने से रोकेंगे, मंदिर–मठ की जिम्मेदारी मिलेगी

**लखनऊ (एजेंसी)।** 2025 में प्रयागराज महाकुंभ में एससी-एसटी समाज से 71 लोग महामंडलेश्वर बनेंगे। महामंडलेश्वर की उपाधि जूना अखाड़ा देगा। इन सभी संतों ने दो से तीन साल पहले अखाड़े में संन्यास लिया था। महामंडलेश्वर बनने के बाद इन्हें अखाड़े के मठ-मंदिरों की जिम्मेदारी दी जाएगी। इसके पीछे मुख्य वजह धर्मांतरण रोकना है। सबसे ज्यादा ईसाई मिशनरी एससी-एसटी का धर्मांतरण करा रहे हैं। वहीं, बौद्ध धर्म भी तेजी से इस समाज में पैठ बना रहा है। इसे देखते हुए जूना अखाड़ा के संत मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा, केरल, महाराष्ट्र और गुजरात पर फोकस कर रहे हैं। यहां आदिवासी-अनुसूचित जाति की आबादी अच्छी-खासी है।

### देश में 13 अखाड़ों को मान्यता

मान्यता प्राप्त 13 अखाड़ों के संत, महंत और महामंडलेश्वर को कुंभ के दौरान मेले में सुविधा और पेशवाई में निकलने का मौका मिलता है। हालांकि, उज्जैन 2016 में हुए कुंभ मेले के दौरान किन्नर अखाड़ा भी अस्तित्व में आया। लेकिन, अखाड़ा परिषद ने उसे मान्यता देने से मना कर दिया। बाद में किन्नर अखाड़ा श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के हिस्से के रूप में शामिल किया गया। अलग मान्यता देने को लेकर विरोध चल रहा है। फिलहाल, तीन संप्रदायों के अखाड़े हैं, जिनमें महामंडलेश्वर का पद होता है। ये तीनों संप्रदाय अलग-अलग हैं। इनमें शैव (शिव को मानने वाले), वैष्णव संप्रदाय (विष्णु और उनके अवतारों को मानने वाले) और उदासीन संप्रदाय शामिल हैं। इसमें शैव संप्रदाय के सात अखाड़े हैं। वैष्णव और उदासीन संप्रदाय के तीन-तीन अखाड़े हैं।

# लोकतंत्र पर धब्बा, लद्दाख भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया, सोनम वांगचुक भड़के

## – जिंदा नास्त्रेदमस की चौंकाने वाली भविष्यवाणी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को यहां लद्दाख भवन के बाहर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के नेतृत्व में छह अक्टूबर से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे करीब 20 प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले लिया। एक प्रदर्शनकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए प्रदर्शनकारियों को मंदिर मार्ग पुलिस थाना ले जाया गया है। पुलिस ने इससे पहले कहा था कि हिरासत में लिए गए लोगों में सोनम वांगचुक भी शामिल है लेकिन बाद में नयी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि हिरासत में लिए गए लोगों में जलवायु कार्यकर्ता शामिल नहीं हैं।

पुलिस उपायुक्त (नयी दिल्ली) देवेश महाला ने कहा, ''हमने कुछ छात्रों को लद्दाख भवन के बाहर से हिरासत में लिया है। सोनम वांगचुक उनमें शामिल नहीं हैं।'' इस बीच, वांगचुक ने एक वीडियो संदेश में कहा कि दिल्ली पुलिस ने उनके कई समर्थकों को हिरासत में ले लिया है। उन्होंने साथ ही सवाल किया कि बिना मंजूरी एक स्थान पर जमा होने से रोकने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा-163 क्यों स्थायी रूप से नयी दिल्ली क्षेत्र में लागू है?

वांगचुक ने संदेश में कहा, ''कई लोग आज सुबह शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने आए थे। यह वास्तव में दुखी करने वाला है कि उन्हें दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। यह दुखी करने वाला है क्योंकि यह दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में हुआ है, हम शांतिपूर्ण प्रदर्शन भी नहीं कर सकते।''

वांगचुक ने कहा, ''हमें बताया गया है कि धारा 163 लागू कर दी गई है... यह दुखद है कि लोकतंत्र की जननी पर पूरे साल इस तरह की पाबंदी लगी रहती है। यह धारा आमतौर पर अस्थायी तौर पर तभी लागू की जाती है जब कानून-व्यवस्था बिगड़ने की आशंका हो।'' उन्होंने कहा, ''यह हमारे लोकतंत्र पर एक धब्बा है और अदालतों को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए...ऐसी धाराओं को स्थायी रूप से कैसे लागू किया जा सकता है?''

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार से सम्मानित जलवायु कार्यकर्ता ने लोगों को हिरासत में लिए जाने का वीडियो अपने सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम पर भी साझा किया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रदर्शनकारियों के पास लद्दाख भवन के बाहर बैठने की अनुमति नहीं है। अधिकारी ने कहा, ''उन्होंने जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने के लिए अर्जी दी है। उनकी अर्जी पर विचार किया जा रहा है। उन्हें किसी और स्थान पर प्रदर्शन करने की अनुमति नहीं है। हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया है जिन्हें जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा।''




वांगचुक लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर अपने समर्थकों के साथ लेह से दिल्ली आए हैं। उन्हें दिल्ली पुलिस ने 30 सितंबर को राजधानी के सिंघु बॉर्डर पर हिरासत में ले लिया था और दो अक्टूबर की रात को रिहा किया था। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित शीर्ष नेताओं से मुलाकात करने की मांग कर रहे हैं।

## संपादकीय

### हरियाणा चुनाव के बाद कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक

हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित हार के कई तरह से विश्लेषण किए जा रहे हैं। कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी, आलाकमान के निदेशों की परवाह न करके क्षत्रपों का मनमाना रवैया, भाजपा की रणनीति को समझने में चूक, दलित और जाट वोट बैंक का साथ न मिलना और इन सबके साथ एक अहम कारण इंडिया गठबंधन के दलों को साथ न लेकर चलने को भी कांग्रेस की हार का कारण बताया जा रहा है। कांग्रेस पर अहंकारी होने के आरोप कई विश्लेषक लगा रहे हैं। वैसे अगर परिणाम एक्जिट पोल के मुताबिक ही आते तो शायद इस तरह विश्लेषण में पलटी मारने की कला नहीं देखी जाती। क्योंकि स्वतंत्र पत्रकारिता करने वाले यू ट्यूब चैनलों के पत्रकार ही नहीं, सरकार समर्थक माने जाने वाले न्यूज चैनलों के एक्जिट पोल में भी कांग्रेस की जीत के अनुमान लग रहे थे। कांग्रेस तो अब भी यही मानती है कि ईवीएम में कोई गड़बड़ी की गई है, इसलिए उसे कई सीटों पर हार का सामना करना पड़ा। इस बात की शिकायत निर्वाचन आयोग से भी कांग्रेस ने की है, और नतीजों को अस्वीकार्य करार दिया है। निर्वाचन आयोग ने कांग्रेस के आरोपों को खारिज कर दिया है और गड़बड़ी की बात नहीं मानी है, लेकिन फिर भी शिकायत दर्ज हुई है, तो उस पर क्या कार्रवाई आयोग करता है, यह देखना होगा।

हालांकि कांग्रेस के प्रदर्शन का विश्लेषण किया जाए तो आंकड़े दशार्ते हैं कि पार्टी की स्थिति में उत्तरोत्तर सुधार ही हुआ है। 2014 में कांग्रेस को केवल 15 सीटें मिली थीं और वोट शेयर 20.58 प्रतिशत था, वहीं 2019 में 16 सीटें बढ़ीं और कांग्रेस 31 के आंकड़े पर पहुंची, तब वोट शेयर 28.08 प्रतिशत रहा और इस बार के चुनाव में कांग्रेस की छह सीटें बढ़ीं तो उसे 37 सीटों पर जीत मिली और इस बार वोट शेयर 39.09 रहा। अर्थात कांग्रेस के वोट शेयर में 11.01 प्रतिशत का उछाल आया। इन आंकड़ों को देखकर कहा जा सकता है कि कांग्रेस की रणनीति तो शायद सही रही लेकिन उसे जमीन पर उतारने का जो काम स्थानीय कांग्रेस नेताओं को करना चाहिए था, उसमें वो नाकाम रहे। बहरहाल, नाकामी मिली है तो ठीकरा किसी न किसी के सिर फूटना है। ऐसे में कांग्रेस विरोधी लोगों को फिर राहुल गांधी ही नजर आ रहे हैं कि उनकी नेतृत्व क्षमता पर संदेह खड़ा करने का माहौल बनाया जाए। इसमें खुद प्रधानमंत्री मोदी भी पीछे नहीं हैं। हरियाणा की जीत को उन्होंने सीधे भारत के खिलाफ किसी संभावित अंतरराष्ट्रीय साजिश के विफल होने से जोड़ दिया।

# राहुल के खिलाफ साथ खड़े मोदी-भागवत

> हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनावी नतीजों की चर्चा में जोर हरियाणा पर है। जबकि जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारी है। वहां पर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने (5 अगस्त 2019) के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। लोकतंत्र की बहाली के लिए हुए चुनाव में भाजपा सरकार द्वारा धारा 370 खत्म करने के फैसले को एक तरह से जम्मू-कश्मीर की जनता ने खारिज कर दिया है।

**-प्रो. रविकांत-**

हरियाणा चुनाव नतीजे में भारतीय जनता पार्टी की जीत से ज्यादा कांग्रेस पार्टी की हार पर चर्चा हो रही है। कारपोरेट मीडिया से लेकर यूट्यूब चैनलों पर कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी खींचतान, ईवीएम में गड़बड़ी और राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर चचाएं आयोजित की जा रही हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि राहुल गांधी ना तो कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और ना ही हरियाणा के प्रभारी, फिर भी निशाने पर राहुल गांधी हैं।

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव संपन्न हो चुके हैं। चुनावी नतीजों की चर्चा में जोर हरियाणा पर है। जबकि जम्मू-कश्मीर में भारतीय जनता पार्टी चुनाव हारी है। वहां पर नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के इंडिया गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। जम्मू-कश्मीर में धारा 370 खत्म होने (5 अगस्त 2019) के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव था। लोकतंत्र की बहाली के लिए हुए चुनाव में भाजपा सरकार द्वारा धारा 370 खत्म करने के फैसले को एक तरह से जम्मू-कश्मीर की जनता ने खारिज कर दिया है। नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस पार्टी के गठबंधन का मुख्य मुद्दा पूर्ण राज्य का दर्जा वापस दिलाना था। जबकि भाजपा सिर्फ परिवारवाद के खिलाफ चुनाव लड़ रही थी। हरियाणा की तरह जम्मू-कश्मीर में भी भाजपा तमाम अघोषित सहयोगियों के भरोसे चुनाव मैदान में थी। भाजपा यहां नए परिसीमन का फायदा उठाना चाहती थी। लेकिन जम्मू-कश्मीर में बीजेपी चुनाव हार गइ! आश्चर्य यह है कि जम्मू -कश्मीर में भाजपा की हार और कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस की जीत की कोई चर्चा नहीं हुइ! दिलचस्प यह भी है कि जम्मू-कश्मीर में जीत का जश्न मनाने के बजाय इंडिया एलायंस के सहयोगी दल कांग्रेस पर हमलावर हो गए। दूसरी तरफ हरियाणा चुनाव जीतने के बाद नरेंद्र मोदी ने अपने दरकते ब्रांड को पुनः पुष्ट करने के लिए भाजपा कार्यालय में अपने चिर-परिचित अंदाज में जश्न मनाया। गुलाब की पंखुड़ियों की आकाश वर्षा के बीच पूरे राजसी अंदाज में कदमताल करते हुए नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी और खासकर राहुल गांधी पर जोरदार हमला किया। जाहिर तौर पर यह हमला आने वाले महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव को लक्षित करके किया गया है।

हरियाणा चुनाव नतीजे में भारतीय जनता पार्टी की जीत से ज्यादा कांग्रेस पार्टी की हार पर चर्चा हो रही है। कारपोरेट मीडिया से लेकर यूट्यूब चैनलों पर कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी खींचतान, ईवीएम में गड़बड़ी और राहुल गांधी के नेतृत्व को लेकर चचाएं आयोजित की जा रही हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि राहुल गांधी ना तो कांग्रेस के अध्यक्ष हैं और ना ही हरियाणा के प्रभारी, फिर भी निशाने पर राहुल गांधी हैं। हां,यह जरूर है कि वह कांग्रेस पार्टी के स्टार प्रचारक और सबसे ताकतवर नेता हैं। लेकिन इस बात को नजरअंदाज किया जाता है कि राहुल गांधी आज देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं।

विपक्ष ही नहीं बल्कि नौजवानों, किसानों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के लिए राहुल गांधी सबसे बड़ी उम्मीद हैं। ऐसे में राहुल गांधी को हरियाणा की हार का जिम्मेदार बताकर भाजपा और कारपोरेट मीडिया उन उम्मीदों को प्रश्नांकित करना चाहता है। जबकि सच्चाई यह है कि केवल 90 सीटों की विधानसभा वाले राज्य हरियाणा में कांग्रेस की हार से राहुल गांधी की छवि, उनकी विश्वसनीयता और लोकप्रियता पर कोई असर नहीं होने वाला। लेकिन कांग्रेस पार्टी के सांगठनिक ढांचे, हरियाणा के नेताओं की खींचतान और भूपेंद्र सिंह हुड्डा के मनमानेपन ने कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। जाहिर तौर पर हरियाणा चुनाव के प्रभारी, पर्यवेक्षक और पार्टी के संगठन सचिव से लेकर हरियाणा कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की नाकामी की वजह से कांग्रेस पार्टी ने चुनाव गंवाया है।

हरियाणा चुनाव नतीजों के जरिए राहुल गांधी पर हो रहे हमले के क्या मायने है? क्या हरियाणा की हार से राहुल गांधी की जननेता की छवि ध्वस्त हो गई है? राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा से लेकर लोकसभा चुनाव तक जो अपनी विश्वसनीयता और लोकप्रियता हासिल की है, क्या हरियाणा चुनाव में कांग्रेस की हार से खत्म हो जाएगी? दरअसल, इस तरह का परसेप्शन गोदी मीडिया और आईटी सेल के जरिए बनाया जा रहा है। यह धारणा क्यों बनाई जा रही है, इसे समझना भी बहुत मुश्किल नहीं है। जाहिर तौर पर नरेंद्र मोदी को इस समय सबसे ज्यादा खतरा राहुल गांधी से है। इससे पूर्व आरएसएस और गुजरात लॉबी के बीच टकराव की खबरें चल रही थीं। माना जाता है कि आरएसएस मोदी और शाह के पर कतरना चाहता है। इसलिए नरेंद्र मोदी को खतरा आरएसएस से है। लेकिन सच यह है कि आरएसएस मोदी का अपना घर है। आरएसएस कभी इस तरह का कदम नहीं उठाएगा जिससे भारतीय जनता पार्टी को नुकसान हो। आखिर नरेंद्र मोदी ने आरएसएस के एजेंडे को हर तरह से लागू किया है।

अल्पसंख्यकों को अघोषित दोयम दर्जे का नागरिक बनाने से लेकर दलितों -पिछड़ों के आरक्षण को अप्रत्यक्ष तरीके से खत्म करके और पुनः मनुवादी व्यवस्था लागू करने की दिशा में नरेंद्र मोदी बढ़ चुके हैं। लोकसभा चुनाव में किया गया संविधान बदलने का ऐलान, दरअसल, आरएसएस का ही पुराना एजेंडा है। इसलिए मोहन भागवत कभी भी नरेंद्र मोदी के लिए खतरा नहीं बन सकते। भाजपा, आरएसएस और मोदी के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती व्यक्ति के तौर पर राहुल गांधी हैं। आज जहां कांग्रेस पार्टी खड़ी है उसमें एकमात्र और सबसे बड़ी भूमिका राहुल गांधी की है। राहुल गांधी ने कांग्रेस पार्टी को फिर से लोगों की उम्मीद बनाकर खड़ा किया है। यह राहुल गांधी के संघर्ष और लगातार मोदी सत्ता से जूझते रहने का ही नतीजा है। राहुल गांधी जवाहरलाल नेहरू के बाद कांग्रेस पार्टी के इकलौते नेता हैं जो आरएसएस को खुलकर चुनौती ही नहीं दे रहे हैं बल्कि उससे निपटने के लिए तैयार भी हैं। यही वजह है कि जब मामला राहुल गांधी का होगा तो मोहन भागवत और नरेंद्र मोदी एक साथ खड़े नजर आएंगे।

हरियाणा में कांग्रेस पार्टी की हार के लिए राहुल गांधी को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसके जरिए यह भी कहा जा रहा है कि नरेंद्र मोदी के मुकाबले राहुल गांधी नहीं टिक सकते। जबकि सच्चाई यह है कि हरियाणा चुनाव प्रचार के दौरान नरेंद्र मोदी भीड़ नहीं खींच पाने के कारण केवल चार रैलियां कर-के खामोश हो गए। चुनाव प्रचार के अंतिम दो दिन तो उन्होंने हरियाणा जाने की हिम्मत भी नहीं की। इसके बरक्स राहुल गांधी लगातार चार दिन अपनी विजय संकल्प यात्रा करते रहे। राहुल गांधी की यात्रा और रैलियों में बहुत भीड़ जुटती रही। इनमें उन्होंने बुनियादी मुद्दों को उठाया और हरियाणा के लोगों के विकास का एजेंडा प्रस्तुत किया। उन्होंने विभाजनकारी धर्म आधारित सांप्रदायिक राजनीति का डटकर मुकाबला किया। प्रेम, सौहार्द और सबको साथ लेकर चलने का उन्होंने वादा किया। किसानों और नौजवानों के सवालों के साथ सामाजिक न्याय के मुद्दों को राहुल गांधी पूरी ईमानदारी और निष्ठा से उठाते रहे हैं। सच बात यह है कि नफरत, हिंसा और पाखंड से बाहर निकालकर भारत की राजनीति को राहुल गांधी ने मानवीय और संवेदनशील बनाया है।

# कट्टरता के सामने तकनीक का कमाल

**-डा. रवीन्द्र अरजरिया-**

शक्ति की उपासना के पावन पर्व पर बंगला देश में इस्लामिक क्रान्ति का आह्वान करके कट्टरपंथियों ने एक बार फिर सनातन की शान्तिप्रियता को तार-तार कर दिया है। वहां पर होने वाली हिंसक घटनायें जहां आस्था के आयामों को सीधा प्रभावित करतीं है वहीं कट्टरपंथियों के मानवता विरोधी मंसूबों की मुसलमानों में आम सहमति के रूप में रेखांकित भी करती है। अन्याय पर न्याय की विजय, असत्य पर सत्य की जीत और वसुधैव कुटुम्बकम की अवधारणा वाले पर्व पर हिंसा, अन्याय और विभेद का बारूद फोडने वाली जमात पूरी तरह सुरक्षित हैं। उनके आकाओं के दिखाने वाले दांतों के मध्य से एकता की चासनी टपक रही है परन्तु असली दांतों से गजवा-ए-दुनिया के रास्ते में आने वालों को निरंतर चबाते भी जा रहा है। वहां के चटगांव स्थित जत्रामोहन सेन हाल में चल रही दुर्गा पूजा में कट्टरपंथियों ने मंच चढकर जबरजस्ती इस्लामिक क्रान्ति का आह्वान करते हुए गीत गाये गया तो ढाका के भालो बंगला के पूजा पंडाल में तोडफोड की गइ! ढाकेश्वरी मंदिर में इस्लाम के नारे बुलंद करने की खबरें आती रहीं तो जोरान में आस्था स्थल को सरेआम नस्तनाबूत कर दिया गया। वहां की अन्तरिम सरकार के नुमाइन्दों व्दारा सब कुछ नियंत्रण में होने के वक्तव्य जारी किये जाते रहे और धरातल पर लहू की धार से नहाने वालों की पीठ पर हाथ भी रखा जाता रहा। वहां के पुलिस महानिरीक्षक मोइनुल इस्लाम ने स्वयं ही 35 बडी घटनाओं को स्वीकारा है जिनमें से 11 मामले दर्ज हुए और 24 को सामान्य डायरी में लिखा गया है। बाकी सैकडों घटनाओं को पूरी तरह नजरंदाज कर दिया गया। ऐसा ही घटनाक्रम तख्तापलट के दौरान भी सामने आया था, जब वहां के अल्पसंख्यक हिन्दुओं की सम्पत्तियों को तहसनहस किया गया था। बेखौफ होकर लूटपाट की गई थी। निर्मम हत्याओं का सिलसिला चल निकला था। हिन्दुओं की महिलाओं को चुन-चुनकर हवस का शिकार बनाया गया था मगर उस सबको भीड की करामात, लोगों का आक्रोश और सामूहिक उत्तेजना कहकर हाशिये पर पहुंचा दिया गया था। तभी से वहां राष्ट्रीय तंत्र पर पूरी तरह से कट्टरपंथी हावी हैं जो आतंक को, जुल्म को, कत्लेआम को ही मजहब मानते हैं। वहीं दूसरी ओर भारत के महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना तथा राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मदरसों के मौलानाओं के वेतन में तीन गुना की बढोत्तरी करने की घोषणा कर दी। इस घोषणा को सरकार के सभी घटक दलों ने धर्म निरपेक्षता की दिशा में एक महात्वपूर्ण कदम बताया है। एक ओर कट्टरता की बाढ तले देश-दुनिया तबाह हो रही है वहीं मजहबी तालीम के नाम पर अधिकांश मदरसों में निकले वाली आतंकी जमात अपनी खुराफाती तामीलदारों की पढाई को ही हकीकत में खुदा का हुक्म मान बैठती है। ऐसे में जहां मदरसों को शासनाधीन करना बेहद आवश्यक है वहां मदरसों के वर्तमान स्वरूप को ही मजबूत करना घातक ही नहीं बल्कि आत्मघाती होगा। आन्दोलन के नाम पर शक्ति प्रदर्शन, जेहाद के नाम पर जुल्म और इस्लाम के नाम पर काफिरों के खात्मे का फतवा, अपना अमली जामा पहनता जा रहा है। देश के बद से बद्तर होते हालातों के साथ-साथ दुनिया के भर में आतंक का दावानल खतरनाक ढंग से बढता जा रहा है। सन् 1946 में इस्लामिक देशों की संख्या केवल 6 थी, जबकि वर्तमान में 57 हो गई है। इस्लाम के नाम पर संगठित होने का आह्वान कर चुके इरान के मुखिया अयातुल्ला अली खामेनेई तो यहूदी बाहुल्य देश इजराइल को नस्तनाबूत करने में कोई कसर नहीं छोड रहे हैं। उन्होंने अपनी रणनीति के तहत यहूदी राष्ट्र को एक साथ आठ मोर्चों पर घेर लिया है ताकि उसके बचने की संभावनायें पूरी तरह समाप्त हो जायें। गाजा की ओर से हमास, लेबनान की ओर से हिजबुल्लाह, यमन की ओर से हूती, ईराक की ओर से मिलिशिया के अलावा सीरिया, तेल अवीव, हदेरा तथा बीशेर्बा की ओर से निरंतर हमले हो रहे हैं। रूस और चीन जैसे देश पर्दे के पीछे से आतंकियों को हथियारों के जखीरे भेज रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस भी छद्म वेश में आतंकियों के पक्ष में खडे दिख रहे हैं। उसने षडयंत्र करके शान्ति सेना में भारतीय सैनिकों को ब्लू लाइन पर तैनात कर दिया है ताकि इजराइली मिसाइलों से उनका वध हो सके। गुटेरेस की चाल समझकर इजाराइल ने अपनी युध्द शैली में अद्भुत परिवर्तन कर लिया। उसने साइबर हमले में एक बार फिर ईरान को धूल चटा दी। पहले उसने हिजबुल्लाह को पेजर ब्लास्ट, वाकी-टाकी ब्लास्ट, इलैक्ट्रानिक ब्लास्ट आदि से अपनी क्षमताओं की बानगी दी थी और अब उसने आतंकियों के संरक्षक बनकर उभरने की तैयारी में लगे ईरान की न्यायपालिका, विधायिका और कार्यकारी शाखाओं सहित परमाणु विंग तक की नेटवर्किंग पर अपने साइबर शस्त्र से प्रहार शुरू कर दिये हैं। बंदरगाह नेटवर्क, ईंधन वितरण नेटवर्क, परिवहन नेटवर्क, सिटी नेटवर्क सहित अधिकांश तंत्र विकलांग हो गये हैं। ईरान के सुप्रीम काउंसिल आफ साइपरस्पेस के पूर्व सचिव फिरोजाबादी ने इन साइबर हमलों की पुष्टि करते हुए कहा है कि हमारे परमाणु संयंत्रों को भी इजराइल ने साइबर हमलों से निशाना बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों ईरान ने इजराइल को बैलिस्टिक मिसाइल निशाना बनाया था। इसके बाद अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने स्पष्ट किया था कि ईरान को अपने मिसाइल कार्यक्रमों तथा आतंकियों की मदद पर रोक लगाना चाहिए ताकि दुनिया में शान्ति कायम रह सके। मगर ईरान ने इजराइल को आठों ओर से घेरकर एक तरह से अमेरिका के सामने भी अप्रत्यक्ष चुनौती पेश कर दी है। इस युध्द में केवल ईरान, लेबनान, यमन, गाजा, फिलिस्तीन, ईराक, सीरिया जैसे कट्टरपंथी देशों के सामने इजराइल ही नहीं है बल्कि वास्तव में रूस और चीन के सामने अमेरिका भी है। चुनौतियों पर चुनौतियां पेश हो रहीं हैं।

# कार्यशैली-कल्प का अंतिम अवसर

**-पंकज शर्मा-**

हरियाणा का चुनावी दृश्य कांग्रेस के भीतर अपनी-अपनी जागीरदारी कब्जाए बैठे मतलबपरस्तों के थू-थू कर्मों ने भी रचा है। कृत्रिम इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों के सिरमौरों की क्षुद्र निजी सियासी वासनाओं ने भी सियासत के भावी आसमान पर कालिख पोतने का पाप किया है। ङ्क. राहुल की अश्व-सेना में अरबी घोड़े कम, चौसा की सब से सस्ती मंडी के खच्चर ज्यादा हैं। अपनी सेना का आधुनिकीकरण किए बिना और उसे चुस्त-दुरुस्त बनाए बिना राहुल क्या खा कर मोदी का मुकाबला कर लेंगे?

क्या हरियाणा विधानसभा चुनाव के नतीजे तकनालॉजी के अनैतिक और अमान्य इस्तेमाल की मिसाल हैं? क्या ये नतीजे कांग्रेस, और एक मायने में सकल विपक्ष, की अपनी-अपनी ऐंठ का दुष्परिणाम हैं? क्या लोकसभा चुनाव परिणामों से उपजी परिस्थितियों के चलते बेतरह हांफ रहे नरेंद्र भाई मोदी को इन नतीजों ने नई प्राणवायु दे दी है? क्या इन नतीजों ने राहुल गांधी के परिश्रम पर पूरी तरह पानी फेर दिया है? क्या इन नतीजों ने नरेंद्र भाई के कांग्रेस-मुक्त भारत के सपने में नए रंग भर दिए हैं?

क्या अब यह अंतिम तौर पर तय हो गया है कि राहुल आज के दौर की राजनीति के लायक नहीं हैं और उन्हें संन्यास ले लेना चाहिए? क्या अब प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी को चलता करने की तैयारियों में लगे आरएसएस-प्रमुख मोहन भागवत कहीं खुद ही तो चलते नहीं हो जाएंगे? क्या अब 2029 में होने वाले लोकसभा चुनाव तक 19 प्रदेशों में होने वाले सारे विधानसभा चुनावों के नतीजे भारतीय जनता पार्टी की झोली में इसी तरह एकतरफा जाते रहेंगे? क्या एक तरफ से भाजपा और दूसरी तरफ से प्रतिपक्ष के अपने कथित सहयोगी दलों के चक्रव्यूह में फंसी कांग्रेस अंतिम हिचकियां ले रही है?

आइए, एक-एक कर इन सवालों पर जरा गौऱ करें।

हरियाणा के चुनाव नतीजों के पीछे से तकनालॉजी के बदशक्ल जिन्न का चेहरा झांकता कइयों को दिखाई दे रहा है। इस दशक में ईवीएम की भूमिका पर संशय कोई पहली बार खड़ा नहीं हुआ है। हरियाणा में हुई मतगणना के दौरान ऐसी बहुत-सी वजहें सामने आई हैं, जो ईवीएम-तिकड़म के शक को और पुख़्ता करती हैं। मगर हरियाणा का चुनावी दृश्य कांग्रेस के भीतर अपनी-अपनी जागीरदारी कब्जाए बैठे मतलबपरस्तों के थू-थू कर्मों ने भी रचा है। कृत्रिम इंडिया-समूह के राजनीतिक दलों के सिरमौरों की क्षुद्र निजी सियासी वासनाओं ने भी सियासत के भावी आसमान पर कालिख पोतने का पाप किया है।

पांच महीने पहले हुए लोकसभा के चुनाव में अपना सब-कुछ झोंक देने और हर तरह की कुचालें चलने के बावजूद अपने लिए 161+79=240 सांसद ही जिता कर ला सकने वाले नरेंद्र भाई और चौबीसों घंटे पतित कर्मकांड में रमी रहने वाली उन की टोली को हरियाणा के नतीजों से निश्चित ही नए प्राण मिले हैं। इस प्राणवायु का गुब्बारा ज्यादा-से-ज्यादा फुला कर उसे आकाशमार्गी करना मोशा-भाजपा से बेहतर कौन जानता है? सो, बहुत दूरगामी न सही, इस का अच्छा तात्कालिक लाभ नरेंद्र भाई को मिल रहा है। आगे-का-आगे, मगर हरियाणा के गच्चे ने राहुल की मेहनत पर फिलवक्त तो सचमुच पूरी तरह कोलतार का पोंछा लगा दिया है। जाहिर है कि इस से नरेंद्र भाई को अपने ख़्वाब और रंगीन बनाने का अवसर मिल गया है।

जो भी हो, अभी राहुल के जोगी बन जाने का समय नहीं आया है। अपने चंद ना-लायक हमजोलियों पर उन के अति-विश्वास का नतीजा है हरियाणा और इस के लिए हम राहुल की सहयोगी-चयन बुद्धि पर प्रश्नचिह्न लगा सकते हैं। मगर उन के व्यक्तित्व की इस एक खामी के चलते यह भूलना ठीक नहीं होगा कि दस बरस के एक ऐसे दौर में, जब विपक्ष के बड़े-बड़े सूरमाओं को हम ने बीच-बीच में लिजलिजी छुपाछुपाई खेलते देखा, तमाम नियमों-परंपराओं की धज्जियां उड़ाती दमनकारी हुकूमत के खिलाफ राहुल असहमति में अपना हाथ उठाए अविचल और अनवरत खड़े रहे। बुरी तरह सहमे हुए देश के दिलो-दिमाग से डर को निकाल बाहर करने में उन की भूमिका का यह एक पुण्य सारी कोताहियों पर भारी है। किसी खामख़्याली में मत रहिए, सत्ता के दनदनाते बुलडोजर और जनतंत्र के बीच राहुल की अनुपस्थिति का दिन अगर आएगा तो आप से देश का दृश्य देखा तक नहीं जाएगा। इसलिए यह राहुल की अनिवार्यता को और शिद्दत से समझने का समय है।

बहुत-से लोग पूछ रहे हैं कि अब मोदी-भागवत समीकरणों का आड़ा-तिरछापन किधर जाएगा? यह सच है कि अगर हरियाणा न हुआ होता तो प्रधानमंत्री के सिंहासन से नरेंद्र भाई की विदाई तय थी। हरियाणा में भाजपा की हार भी एकदम तय थी। खुद भाजपाई ही इसे मान रहे थे। हरियाणा इसीलिए नरेंद्र भाई के लिए सियासी जीवन-मरण का प्रश्न बन गया। सो, हरियाणा हर हाल में, हर कीमत पर, जीतना उन के लिए जरूरी हो गया था। और, वे जीत अपनी अंटी में खोंस ले गए। नरेंद्र भाई को बचपन से जानने वाले कई लोग उन के समूचे व्यक्तित्व की एक ही मारक-खासियत बताते हैं कि उन में पलटवार करने की विलक्षण क्षमता और जुनून है।

# कांग्रेस की नीतियां और आतंकवाद

**-योगेन्द्र योगी-**

सुरक्षा बलों ने 4 अक्टूबर को नारायणपुर-दंतेवाड़ा जिलों की सीमा पर 31 नक्सलियों को मार गिराया। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 24 साल बाद से किसी एक अभियान में माओवादियों-आतंकियों की यह सर्वाधिक मौतों की संख्या है। इस घटना ने देश में आतंकवाद के घाव फिर से हरे कर दिए। देश में हर तरह की आतंकी वारदातें कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में सत्ता में रहने के दौरान शुरू हुईं। कांग्रेस की गलत नीतियों से ऐसी रक्तरंजित घटनाओं का परिणाम अभी तक देश भुगत रहा है। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर का हो, नक्सलियों का, पूर्वोत्तर में या फिर पंजाब में खालिस्तान का रहा हो, देश ने कांग्रेस की गलतियों की भारी कीमत चुकाई है। इसी तरह दशकों तक तीन राज्यों में व्याप्त रहा चंबल के बीहड़ों में डकैतों के अपराधों का काला इतिहास भी कांग्रेस के शासन के दौरान लिखा गया। सर्वाधिक आश्चर्य यह है कि कांग्रेस ने इन गलतियों से सबक नहीं लिया। आतंकवाद चाहे जम्मू-कश्मीर में हो या फिर नक्सलियों का हो, कांग्रेस ने कभी भी केंद्र की मोदी सरकार की तरह सख्ती नहीं दिखाइ! इसके विपरीत कांग्रेस का रवैया वोट बैंक की राजनीति के कारण आतंक समर्थकों के प्रति सहानुभूति का रहा है। लापरवाही और उपेक्षापूर्ण नीतियों के साथ ही राजनीतिक फायदे के लिए की गई आतंकवाद की अवहेलना की कीमत कांग्रेस ने भी चुकाई है। 25 मई 2013 को, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के नक्सली विद्रोहियों ने छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में दरभा घाटी की झीरम घाटी में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर हमला किया।

इस हमले में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विद्या चरण शुक्ला, पूर्व राज्य मंत्री महेंद्र कर्मा और छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रमुख नंद कुमार पटेल की मौत हो गइ! कांग्रेस के केंद्र और राज्यों में शासन के दौरान ही तीनों तरह का आतंक पनपा है। इसमें चंबल में डकैतों का काफी हद तक सफाया हो गया। जम्मू-कश्मीर में पाकपरस्त और देश के कुछ राज्यों में नक्सली आतंक अब तेजी से सिमट रहा है। केंद्र की भाजपा सरकार दोनों तरह के आतंकियों पर काफी हद तक लगाम लगाने में कामयाब रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक में कहा कि 2026 में नक्सलवाद को खत्म कर देंगे। शाह ने कहा कि 30 साल के बाद पहली बार वामपंथी उग्रवाद से मरने वाले लोगों की संख्या 100 से कम रही है। हिंसा की घटनाओं में करीब 53 फीसदी की कमी आई है। नक्सली हिंसा से प्रभावित जिलों की संख्या 96 की जगह 42 जिले तक सीमित रह गई है। इन 42 जिलों में से 21 जिले नए बने हैं। इनमें से करीब 16 जिले ही नक्सल हिंसा से प्रभावित हैं। देश की सुरक्षा से संबंधित कांग्रेस की गलत नीतियों का परिणाम सिर्फ देश की आम अवाम को नहीं, बल्कि केंद्र की भाजपा सरकार को भी भुगतना पड़ रहा है। केंद्र सरकार को आतंकियों से निपटने के लिए न सिर्फ करोड़ों रुपए बहाने पड़ रह हैं, बल्कि पुलिस और सुरक्षा बलों को काफी मानवीय क्षति उठानी पड़ी है। नक्सल आतंकवाद का उदय पश्चिमी बंगाल से कांग्रेस शासन के दौरान ही हुआ था। यह फैलते हुए देश के करीब आठ राज्यों में तक पहुंच गया। इनमें से ज्यादातर राज्यों और केंद्र में कांग्रेस की सरकार रही। कांग्रेस की तत्कालीन सरकारें नक्सलियों की रोकथाम करने में विफल रही। केंद्र और राज्य मिलकर काम नहीं कर सके। नक्सली देश के लिए नासूर बन गए। मौजूदा केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार ने खून-खराबा करने वाले नक्सलियों को जड़ से उखाड? की ठान ली है। नक्सली प्रभावित राज्यों की तरह जम्मू-कश्मीर भी आतंकवाद की आग में अभी तक सुलग रहा है। इस अशांत केंद्रशासित प्रदेश में आजादी के बाद से ही नेशनल कान्फ्रेंस और कांग्रेस का शासन रहा है। केंद्र की कांग्रेस और जम्मू-कश्मीर की सरकार आतंकियों को सबक सिखाने में पूरी तरह नाकाम रही। पाकिस्तान की शह पर जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद ने सिर उठाया। नेशनल कान्फ्रेंस, कांग्रेस और दूसरे क्षेत्रीय दल आतंकियों के प्रति नरम रवैया रखते रहे। आतंकियों के समर्थन में पत्थरबाजी की घटनाओं ने सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया। धारा 370 और 35-ए के कारण विशेष दर्जा प्राप्त इस प्रदेश में यह कानून आंतकियों की ढाल बनता रहा है। आतंकी वारदातों के बावजूद कांग्रेस ने कभी भी इस कानून को खत्म करने का प्रयास नहीं किया। इसके विपरीत मुस्लिम वोटों के कारण कांग्रेस कभी भी भाजपा जैसी सख्ती नहीं दिखा पाइ!

NCR समाचार
संपादकीय कार्यालय
जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार
प्रात: 9:00 से सायं 9:00
फोन: 8888883968, 9811111715

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# विजयादशमी के दिन उछला सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नवरात्रि में ज्यादातर समय दबाव का सामना करने के बाद आज विजयादशमी के दिन घरेलू सरार्फा बाजार में तेजी का रुख बना है। सोने के भाव में आज 700 से 800 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी आ गई है। इसी तरह चांदी भी आज 2 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से ज्यादा उछल गया है। सोने के भाव में आए उछाल के कारण आज देश के अधिकांश सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,560 रुपये से लेकर 77,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,110 रुपये से लेकर 70,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 77,410 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 70,960 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 77,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 70,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 77,460 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 71,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 77,560 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी तेजी आने की वजह से आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 77,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 70,960 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# पीएम इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर पंजीकरण आज से




**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत इंटर्नशिप करने के लिए शनिवार (आज) शाम 5 बजे से https://pminternship.mca.gov.in/login/ पोर्टल पर युवा पंजीकरण कर पाएंगे। इस पोर्टल पर अब तक 193 कंपनियों ने 90,849 इंटर्नशिप के अवसरों की पेशकश की है। इन युवाओं को 24 क्षेत्रों में इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय से जुड़े आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि शुक्रवार शाम तक 90,849 इंटर्नशिप पदों के लिए 193 कंपनियों ने पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है। केंद्र सरकार का लक्ष्य वित्त वर्ष में 1.25 लाख उम्मीदवारों को योजना के दायरे में लाने का है। लेकिन, इसका हिस्सा बनने वाली कई कंपनियों ने अभी यहां जॉब पोस्ट नहीं की हैं। इस पोर्टल पर अभी परिचालन प्रबंधन, उत्पादन एवं विनिर्माण, रखरखाव, बिक्री और विपणन सहित 20 से अधिक क्षेत्रों में युवाओं के लिए इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध हैं।

जानकारी के मुताबिक पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत अवसर मुहैया कराने वाली कंपनियों में जुबिलेंट फूडवर्क्स, मारुति सुजुकी इंडिया, आयशर मोटर, लार्सन एंड टूब्रो लिमिटेड, मुथूट फाइनेंस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी 193 प्रमुख कंपनियों ने इंटर्नशिप अवसरों का ब्योरा रखा है। इस पोर्टल के जरिए योग्य उम्मीदवारों को 24 क्षेत्रों में इंटर्नशिप उपलब?ध कराया जाएगा। इनमें सबसे अधिक अवसर तेल, गैस एवं ऊर्जा के क्षेत्र में हैं, उसके बाद यात्रा एवं आतिथ्य, वाहन और बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाओं का स्थान आता है।

इंटर्नशिप के अवसर देश के 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों सहित कुल 737 जिलों में उपलब्ध होंगे। केंद्रीय बजट 2024-25 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस योजना की घोषणा की थी। सरकार का लक्ष्य पांच साल के भीतर 21-24 वर्ष की आयु के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप कराना है, ताकि वे रोजगार के लायक बन सकें। इस योजना के तहत इंटर्नशिप करने वाले उम्मीदवार को 12 महीने के लिए 5 हजार रुपये की मासिक वित्तीय सहायता और 6 हजार रुपये का एकमुश्त अनुदान मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने इंटर्नशिप अवसरों की जानकारी देने के लिए 3 अक्टूबर को इस पोर्टल को लॉन्च किया था। पायलट परियोजना के तहत इंटर्नशिप कार्यक्रम की शुरूआत 2 दिसंबर से होगी। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के अंत तक लगभग 1.25 लाख उम्मीदवारों को इस योजना के दायरे में लाए जाने की उम्मीद है।

## आंध्र प्रदेश, राजस्थान में स्थानीय निकायों के लिए वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी

सत्यमेव जयते
Finance Commission Of India

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने आंध्र प्रदेश और राजस्थान में ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) को 2024-25 के लिए 15वें वित्त आयोग अनुदान की पहली किस्त जारी कर दी है। पंचायती राज मंत्रालय ने एक बयान में यह जानकारी दी।

आंध्र प्रदेश को 395.50 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और 593.26 करोड़ रुपये की सशर्त अनुदान मिला है। राजस्थान को 507.11 करोड़ रुपये का अप्रयुक्त अनुदान और 760.67 करोड़ रुपये का सशर्त अनुदान जारी किया गया।

अ प ् र य ु क्त अनुदान से पंचायतों को संविधान की 11वीं अनुसूची के तहत कृषि और ग्रामीण आवास से लेकर शिक्षा और स्वच्छता तक 29 विषयों से जुड़ी जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। हालांकि, इन निधियों का उपयोग वेतन या स्थापना लागतों के लिए नहीं किया जा सकता है।

सशर्त अनुदान का इस्तेमाल स्वच्छता, खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) स्थिति के रखरखाव और जल प्रबंधन जैसे कार्यों के लिए होगा।

## ट्रैफिकसोल के आईपीओ खुलासे की जांच के आदेश, सूचीबद्धता रोक सेबी बोला- अर्जित राशि विशेष खाते में रखें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को एसएमई कंपनी ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजीज लि. की ओर से आईपीओ दस्तावेजों में किए गए खुलासे की विस्तृत जांच का फैसला किया। साथ ही, बीएसई को कंपनी के शेयर सूचीबद्ध करने की दिशा में आगे नहीं बढ़ने का निर्देश दिया। सेबी की जांच 30 दिनों के भीतर पूरी हो जाएगी।

बाजार नियामक ने अपने अंतरिम आदेश में बीएसई से यह सुनिश्चित करने को कहा कि आईपीओ से प्राप्त राशि को ब्याज वाले विशेष खाते में रखा जाए। ट्रैफिकसोल या उसके सहयोगियों को अगली सूचना तक यह रकम न दी जाए।

बीएसई ने निवेशकों की चिंताओं के बाद अपने एसएमई मंच पर ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजीज की सूचीबद्धता को स्थगित कर दिया था। सेबी का फैसला इसके करीब एक महीने बाद आया है। कंपनी के खिलाफ शिकायत मिली थी कि वह कथित तौर पर गलत दावे कर फर्जी कंपनियों के जरिये आईपीओ से मिली आय में हेराफेरी करना चाहती थी। ट्रैफिकसोल आईटीएस टेक्नोलॉजीज के 45 करोड़ रुपये के आईपीओ को 345 गुना से अधिक अभिदान मिला था, जिससे 10000 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां आकर्षित हुईं। 66 रुपये से 70 रुपये प्रति शेयर की कीमत वाला यह इश्यू 10 से 12 सितंबर तक सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। कंपनी ने सॉफ्टवेयर खरीद, उधार के पुनर्भुगतान, कार्यशील पूंजी और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए धन का उपयोग करने की योजना के साथ धन जुटाया। बंद होने और शेयरों के आवंटन के बाद, ट्रैफिकसोल के आईपीओ में विसंगतियों के संबंध में सेबी और बीएसई को कुछ शिकायतें प्राप्त हुईं। यह आरोप लगाया गया था कि ट्रैफिकसोल द्वारा चुना गया तृतीय-पक्ष विक्रेता अनुबंध को पूरा करने में असमर्थ था।

# त्योहारों के एक हफ्ते में 55000 करोड़ की ऑनलाइन बिक्री



**नई दिल्ली, एजेंसी।** त्योहारी सीजन में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जमकर खरीदी हो रही है। एक हफ्ते में ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने 55,000 करोड़ के सामान बेचे हैं। पिछले वर्ष की तुलना में यह 26 फीसदी अधिक है। ऑनलाइन से सर्वाधिक खरीदी मोबाइल फोन, कंज्यूमर ड्यूरेबल, इलेक्ट्रॉनिक्स व जनरल मर्चेंडाइज की हो रही है। कुल बिक्री में इनका योगदान तीन चौथाई है।

इस साल त्योहारी सीजन में होने वाली बिक्री की करीब 55 फीसदी बिक्री 26 सितंबर के बाद से अब तक हुई है। पिछले साल त्योहारों में ऑनलाइन खरीदी का मूल्य 9.7 अरब डॉलर था। इस बार 23 फीसदी बढ़कर 12 अरब डॉलर हो सकता है। खरीदारों में छोटे कस्बों व शहरों का बड़ा हिस्सा है। कुछ ब्रांडों ने कहा, आपूर्ति से ज्यादा मांग आ रही है।

**सालाना आधार पर 40 फीसदी तक बढ़ गई मांग**

फ्लिपकार्ट, मीशो और अमेजन इंडिया की 26 सितंबर से वार्षिक त्योहारी सीजन की बिक्री शुरू है। मीशो ने कहा, सालाना आधार पर बिक्री में 40% की वृद्धि देखी गइ! यह उछाल दूसरे स्तर के शहरों की मजबूत मांग से आया है। इसमें लगभग 45% खरीदार चौथे स्तर के शहर और उससे आगे से आए थे।

**छोटे शहरों पर ज्यादा जोर**

फ्लिपकार्ट का कहना है कि बड़े शहरों के साथ मेदिनीपुर, हिसार, बेरहामपुर, बांकुरा और अगरतला जैसे दूसरे स्तर के क्षेत्रों में भी ग्राहकों की ओर से मजबूत मांग है। कुछ वर्षों से त्योहारी बिक्री पहले शुरू हो जाती है। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ने जब सेल की शुरूआत की तो बिक्री बहुत तेज थी। आखिरी दिन में धीमी हो गइ!

**दशहरा से दिवाली के बीच फिर बढ़ेगी बिक्री**

व्यापारियों का मानना है कि बिक्री की एक और लहर आएगी। यह दशहरा से दिवाली के बीच होगी। अमेजन इंडिया का कहना है कि जो 30,000 रुपये से ज्यादा के इलेक्ट्रॉनिक्स सामान हैं, उनकी बिक्री 30% बढ़ी है। मूलरूप से महंगे स्मार्टफोन ज्यादा बिक रहे हैं। खासकर आईफोन 13, वनप्लस और सैमसंग एस 23 अल्ट्रा है। कुल ऑर्डर का 75 फीसदी ऑर्डर दूसरे और उसके आगे के शहरों से आ रहा है।

**नवरात्र में इन सामानों की मांग में बढ़ोतरी**

नवरात्र शुरू होने के साथ घरेलू सजावट इलेक्ट्रॉनिक्स व गेमिंग सहायक उपकरण जैसी अन्य श्रेणियों ने इस अवधि के दौरान वॉल्यूम में 100% से अधिक वृद्धि दर्ज की है। सबसे ज्यादा मांग इनकी रही है।

**इसलिए खरीदी में आ रही तेजी**

ऑनलाइन बिक्री में तेजी का बड़ा कारण किस्त पर सामान मिलना है। 50 फीसदी से ज्यादा खरीदार, जो टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, लैपटॉप खरीद रहे हैं वे किस्त पर भुगतान कर रहे हैं। ये महंगे उत्पाद खरीद रहे हैं। दूसरे और तीसरे स्तर के शहर स्मार्टफोन और टीवी बिक्री में 70 फीसदी का योगदान दे रहे हैं।

# प्याज-टमाटर बिगाड़ सकते हैं बजट

## दो महीने बाद फिर पांच फीसदी के ऊपर पहुंच सकती है खुदरा महंगाई



**नई दिल्ली, एजेंसी।** खाने-पीने की वस्तुओं और खासकर प्याज-टमाटर की कीमतों में तेज उछाल से खुदरा महंगाई सितंबर, 2024 में बढ़कर दो महीने बाद फिर आरबीआई के 4 फीसदी के दायरे बाहर निकलकर 5.03 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है। इससे पहले जून में खुदरा महंगाई 5.08 फीसदी रही थी, जबकि जुलाई और अगस्त में यह घटकर क्रमशः 3.60 फीसदी एवं 3.65 फीसदी रही थी।

सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकनॉमी (सीएमआईई) की रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त के मुकाबले सितंबर में यानी एक महीने में खुदरा महंगाई में 1.38 फीसदी बढ़ सकती है।?खाने-पीने की वस्तुओं की महंगाई दर भी 2.3 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 8 फीसदी के स्तर पर पहुंच सकती है। अगस्त में खाद्य महंगाई 5.7 फीसदी रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिसंबर, 2023 से जून, 2024 के बीच सब्जियों की महंगाई दर 27-30 फीसदी के दायरे में बनी हुई थी। इस साल जुलाई और अगस्त में यह घटकर क्रमशः 6.8 फीसदी और 10.7 फीसदी रह गइ! इससे इन दोनों महीनों में खुदरा महंगाई में गिरावट देखने को मिली थी। सरकार 14 अक्तूबर को सितंबर के लिए खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी कर सकती है।

**सितंबर के दूसरे पखवाड़े में टमाटर 10% महंगा**

सीएमआईई के मुताबिक, जून से लगातार बढ़ रहे प्याज के दाम सितंबर में 13.4 फीसदी और बढ़ गए हैं। इस दौरान खुदरा बाजार में प्याज की कीमत 36 रुपये से बढ़कर 51 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पहुंच गई है। उपभोक्ता मामलों के विभाग (डीसीए) की ओर से जारी आंकड़ों का हवाला देते हुए रिपोर्ट में कहा गया है कि टमाटर की कीमतों में थोड़ी गिरावट देखने को मिली थी, लेकिन सितंबर के पहले पखवाड़े की तुलना में दूसरे में यह 10 फीसदी से अधिक महंगा हो गया है।

**सब्जियों की कीमतों में आएगी मामूली गिरावट**

रिपोर्ट में कहा गया है कि खुदरा महंगाई में 1.2 फीसदी का योगदान देने वाली सब्जियों की कीमतों में सितंबर में मामूली कमी आने की उम्मीद है। कुछ सब्जियों के दाम घटे हैं। आलू की खुदरा कीमत कम हुई है। बैंगन, गोभी और भिंडी जैसी सब्जियों की मंडी कीमतों में भी सात फीसदी से अधिक की गिरावट आई है। हालांकि, प्याज और टमाटर की कीमतों में तेज बढ़ोतरी से अन्य सब्जियों के दाम में गिरावट का असर कम हो सकता है।

**दाल-फल के घटे हैं दाम**

रिपोर्ट के मुताबिक, खरीफ की अच्छी फसल के कारण दालों की महंगाई घटने की उम्मीद है। इसकी महंगाई दर सितंबर

## एक नजर

### डी-मार्ट का सितंबर तिमाही का शुद्ध लाभ 5.8 प्रतिशत बढ़कर 659.4 करोड़ रुपये पर




**नई दिल्ली, एजेंसी।** खुदरा श्रृंखला डी-मार्ट की मूल कंपनी एवेन्यू सुपरमार्ट्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-सितंबर तिमाही के लिए 5.78 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 659.44 करोड़ रुपये रहा है। एवेन्यू सुपरमार्केट्स ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसने एक साल पहले 623.35 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 14.41 प्रतिशत बढ़कर 14,444.50 करोड़ रुपये हो गइ! पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 12,624.37 करोड़ रुपये थी। सितंबर तिमाही में एवेन्यू सुपरमार्केट्स का कुल खर्च 14.94 प्रतिशत बढ़कर 13,574.83 करोड़ रुपये हो गया। अन्य आय सहित कुल आय 14.34 प्रतिशत बढ़कर 14,478.02 करोड़ रुपये हो गइ! तिमाही के दौरान, डी-मार्ट ने छह नए स्टोर खोले। इससे 30 सितंबर, 2024 तक इसकी कुल संख्या 377 हो गई है। एवेन्यू सुपरमार्केट्स के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक नेविल नोरोन्हा ने कहा, 'कुल मिलाकर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में दो साल और उससे ज्यादा पुराने स्टोर्स के लिए समान राजस्व वृद्धि 7.4 प्रतिशत थी। स्टोर के समान समूह के लिए सितंबर तिमाही में समान राजस्व वृद्धि 5.5 प्रतिशत थी'।

### पीएम गतिशक्ति: 15.39 लाख करोड़ रुपये की 208 परियोजनाओं की सिफारिश




**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम गतिशक्ति पहल के तहत अब तक सड़क और रेलवे सहित विभिन्न मंत्रालयों की 15.39 लाख करोड़ रुपये की 208 बड़ी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी के लिए सिफारिश की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परियोजनाओं की अनुशंसा 13 अक्टूबर, 2021 को शुरू की गई पीएम गतिशक्ति पहल के तहत गठित नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) द्वारा की गई है। उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने संवाददाताओं से कहा, 'इस पहल के तहत अब तक 15.39 लाख करोड़ रुपये की लागत की 208 परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया है।' उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के उपयोग से कई लाभ हैं, जिसमें इन बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की योजना बनाने में लगने वाले समय और लागत में महत्वपूर्ण कटौती शामिल है। समूह द्वारा अनुशंसित परियोजनाओं की अधिकतम संख्या सड़क (101), रेलवे (73), शहरी विकास (12) और तेल एवं गैस मंत्रालय से संबंधित चार परियोजनाएं हैं। अंतर-मंत्रालयी एनपीजी हर पखवाड़े बैठक करता है और बहु-विधता, प्रयासों के समन्वय और परियोजना स्थल के आसपास व्यापक विकास सुनिश्चित करने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन करता है। लॉजिस्टिक्स लागत को कम करने के लिए एक एकीकृत बुनियादी ढांचा विकसित करने के लिए इस पहल की शुरूआत की गई थी। पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक के निवेश वाली सभी लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचा परियोजनाएं एनपीजी के माध्यम से संचालित की जाती हैं। सार्वजनिक निवेश बोर्ड (पीआईबी) या वित्त मंत्रालय के अंतर्गत व्यय विभाग द्वारा परियोजना को मंजूरी देने से पहले एनपीजी की मंजूरी आवश्यक होती है। भाटिया ने कहा कि सरकार इस वर्ष निजी क्षेत्र को पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) पोर्टल तक पहुंच प्रदान करने का लक्ष्य बना रही है, और विवरण के लिए चर्चा चल रही है। भाटिया ने कहा कि एनएमपी को लेकर कुछ संवेदनशील डेटा हैं और उन्हें उजागर नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाददाताओं से कहा, 'इसलिए, हम उनकी पहचान कर रहे हैं। हम निजी क्षेत्र के साथ भी परामर्श करेंगे। चर्चा चल रही है, और विवरण तैयार किए जाएंगे। हम इस साल इसे शुरू करने का लक्ष्य बना रहे हैं।'

### नेटवर्क18 मीडिया का दूसरी तिमाही का शुद्ध घाटा बढ़कर 152.3 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट ने शनिवार को कहा कि खेल और डिजिटल परिसंपत्तियों में निवेश के कारण 30 सितंबर को समाप्त चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध घाटा बढ़कर 152.31 करोड़ रुपये हो गया।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के स्वामित्व वाली देश की सबसे बड़ी मीडिया कंपनियों में एक नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट ने शेयर बाजार को बताया कि एक साल पहले उसने 119.18 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा दर्ज किया था। कंपनी ने बताया कि सितंबर तिमाही में उसकी एकीकृत परिचालन आय 1.6 प्रतिशत बढ़कर 1,825.18 करोड़ रुपये हो गइ! पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में यह राशि 1,865.50 करोड़ रुपये थी। नेटवर्क18 मीडिया एंड इन्वेस्टमेंट ने कहा, 'समाचार व्यवसाय के राजस्व में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई और मार्जिन में लगातार सुधार हुआ। वायकॉम18 में खेल और डिजिटल निवेश के कारण समग्र लाभप्रदता प्रभावित हुइ!'

### हाई-टेक पाइप्स ने क्यूआईपी के जरिये 500 करोड़ रुपये जुटाए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस्पात के पाइप बनाने वाली कंपनी हाई-टेक पाइप्स ने योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए 500 करोड़ रुपये से अधिक जुटाए हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि क्यूआईपी सात अक्टूबर को बाजार बंद होने के बाद खुला और 11 अक्टूबर को बंद हुआ। क्यूआईपी को प्रमुख संस्थागत निवेशकों द्वारा अतिरिक्त अभिदान मिला तथा 800 करोड़ रुपये से अधिक की बोलियां प्राप्त हुईं। कंपनी ने कहा, 'हाई-टेक पाइप्स ने 500 करोड़ रुपये के योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के सफल समापन की घोषणा की। इसमें प्रमुख संस्थागत निवेशकों द्वारा अतिरिक्त अभिदान प्राप्त हुआ।' क्यूआईपी में मोतीलाल ओसवाल फंड, बंधन म्यूचुअल फंड, बैंक ऑफ इंडिया म्यूचुअल फंड, जेएम फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड, एलआईसी म्यूचुअल फंड, व्हाइटओक म्यूचुअल फंड, एसबीआई जनरल इंश्योरेंस जैसी प्रमुख घरेलू संस्थाओं ने हिस्सा लिया।

# संजू सैमसन ने की भारतीय टीम मैनेजमेंट की सराहना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से टी20 सीरीज जीत दिलाने के बाद अपनी शानदार 111 रनों की पारी के लिए टीम मैनेजमेंट का शुक्रिया अदा किया, जिन्होंने उन्हें पहले से ही उनकी भूमिका को लेकर स्पष्टता दे दी थी।

सैमसन ने 47 गेंदों पर 111 रन बनाए, जिसमें 11 चौके और 8 छक्के शामिल थे। यह पारी उन्होंने हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में खेली और इस पारी के दौरान उनका स्ट्राइक रेट 236.17 था। इस शानदार शतक के साथ सैमसन पुरुषों के टी20 में शतक लगाने वाले पहले भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज बन गए हैं।

इससे पहले सैमसन का फॉर्म कुछ खास नहीं था और उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद यह बेहतरीन पारी खेली। इसके बाद वह रोहित शर्मा के बाद सबसे तेज टी20 शतक बनाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं।

मैच के बाद सैमसन ने कहा, 'जब आप देश के लिए खेलते हैं और कुछ मैचों में असफल होते हैं, तो दबाव महसूस होता है। सच कहूं तो मुझ पर भी दबाव था। मैं प्रदर्शन करना चाहता था, अपनी क्षमता दिखाना चाहता था। कप्तान (सूर्यकुमार यादव) और कोच (गौतम गंभीर) ने मुझसे कहा, ह्यहमें पता है कि तुम्हारे अंदर कितना टैलेंट है, हम तुम्हारे साथ हैं, चाहे कुछ भी हो।'

उन्होंने आगे कहा, 'वे सिर्फ बातों में नहीं, बल्कि अपने फैसलों में भी मुझे सपोर्ट करते रहे। श्रीलंका में लगातार दो मैचों में शून्य पर आउट होने के बाद मुझे थोड़ा शक हुआ था कि शायद मुझे अगली सीरीज में मौका न मिले, लेकिन उन्होंने मुझे इस सीरीज में पूरा भरोसा दिया। तीन हफ्ते पहले ही सूर्यकुमार, गौतम भाई और (सहायक कोच) अभिषेक नायर ने मुझे बताया था कि मैं ओपनिंग करूंगा, जिससे मुझे सही तैयारी करने का समय मिल गया।'

सैमसन ने बताया कि उन्होंने राजस्थान रॉयल्स अकादमी में जाकर कई गेंदबाजों का सामना किया और खुद को इस सीरीज के लिए पूरी तरह तैयार किया। उन्होंने इस सीरीज में 30 रन एक ओवर में सिर्फ पांच छक्कों से बनाए, जो किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा टी20 इंटरनेशनल में चौथे सबसे अधिक रन हैं। यह खास प्रदर्शन दशहरा के मौके पर स्टेडियम में मौजूद दर्शकों के लिए बहुत रोमांचक रहा।

सैमसन ने कहा, 'मुझे पता था कि मैं स्पिनर के खिलाफ क्या कर सकता हूं, इसलिए मैंने उस ओवर में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश की। और पांच छक्के लग गए। मुझे पावरप्ले के बाद ही लगा कि मैं सेट हो गया हूं। पहले बल्लेबाजी करते हुए यह अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि कितने रन ठीक रहेंगे, लेकिन यह पिच अच्छी थी, इसलिए हम हर ओवर में ज्यादा से ज्यादा रन बनाने की कोशिश कर रहे थे।'

सैमसन ने आगे बताया, 'पिछले दो सालों से मैं सोच रहा था कि मैं एक ओवर में छह छक्के लगा सकता हूं। मैंने अपने मेंटर के साथ मिलकर इस पर काम किया है और खुद को इस बात का भरोसा दिलाया कि यह मुमकिन है। मैंने इसे ध्यान में रखकर अभ्यास किया और सोचा कि इसे एक दिन जरूर करना चाहिए। आज मैं बहुत खुश हूं कि यह हो पाया।'

इस शतक के बाद सैमसन ने टी20 टीम में लंबे समय के लिए अपनी जगह पक्की करने के लिए दावेदारी ठोक दी है। भारत को साल 2026 में अपन घर पर टी20 विश्व कप खिताब को डिफेंड करना है। इस पर सैमसन कहते हैं, 'भारत के लिए खेलना आसान नहीं है। जब आप फेल होते हैं तो यह कहना आसान होता है कि मैं अगले मैच में अधिक रन बनाऊंगा। लेकिन मैं इन चीजों को अपने तरीके से लेना चाहता हूं। मैं वह रहना चाहता हूं जो मैं हूं। मेरे लिए यह जरूरी है कि आप अपने बारे में जानते हैं और अपने खेल के बारे में जानते हैं।

## दक्षिण अफ्रीका ने बंगलादेश के खिलाफ दर्ज की आसान जीत



**दुबई, एजेंसी।** यूएई में जारी आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 में साउथ अफ्रीका ने बांग्लादेश की टीम को सात विकेट से बुरी तरह हराया. साउथ अफ्रीका की कसी गेंदबाजी के आगे बांग्लादेश की टीम पहले खेलते हुए 106 रन ही बना सकी. इसके जवाब में साउथ अफ्रीका ने आसानी से चेस करते हुए 17.2 ओवरों में 3 विकेट पर 107 रन बनाकर सात विकेट से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल की तरफ मजबूत कदम बढ़ाया. इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका ने ग्रुप-बी में चार मैचों में तीन जीत से छह अंक लेकर अब टॉप पर कब्जा जमा लिया है. जबकि दूसरी तरफ मेजबान बांग्लादेश की टीम चार मैचों में एक जीत के साथ टूनामेंट से बाहर हो चुकी है.

दुबई के मैदान में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की शुरूआत सही नहीं रही और 36 रन के स्कोर तक दो विकेट गिर चुके थे. तभी सोभना मोस्तारी ने 43 गेंदों में चार चौके से 38 रन की पारी खेली. जबकि कप्तान निगार सुल्ताना ने 38 गेंद पर दो चौके से 32 रन बनाए. जिससे बांग्लादेश की टीम साउथ अफ्रीका की कसी गेंदबाजी के आगे 20 ओवरों में तीन विकेट पर 106 रन ही बना सकी.

107 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी साउथ अफ्रीका की सलामी बैटर लौरा वोल्वाड्ट सात रन बनाकर चलती बनी. लेकिन अन्य ओपनर तंजिम ब्रिट्स ने 41 गेंदों पर पांच चौके से 42 रन की पारी से मैच हल्का कर दिया. जबकि उनके अलावा अनीके बोश्च ने भी 25 गेंदों में दो चौके से 25 रन बनाए. जिससे साउथ अफ्रीका ने 17.2 ओवर में तीन विकेट पर 107 रन बनाकर 16 गेंद रहते सात विकेट से जीत दर्ज कर डाली. इस जीत के साथ ही साउथ अफ्रीका अपने ग्रुप स्टेज के चार मैचों में तीन जीत दर्ज करके छह अंकों के साथ टॉप पर कब्जा जमा किया है. जबकि उसका नेट रन रेट 1.38 का है.

## सूर्या अब टेस्ट और एकदिवसीय प्रारुप में भी अपनी जगह बनाने प्रयास करेंगे




**मुम्बई, एजेंसी।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव अब टेस्ट और एकदिवसीय में भी सफल होना चाहते हैं। सूर्या जहां टी20 में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी रहे हैं। वहीं वह एकदिवसीय और टेस्ट टीम में जगह नहीं बना पाये हैं। इसी को देखते हुए अब सूर्यकुमार रणजी ट्रॉफी में खेलने के लिए तैयार है जिससे एकदिवसीय और टेस्ट प्रारुप के लिए टीम में जगह बना सकें। सूर्यकुमार का यह फैसला हैरानी भरा भी है। इसका कारण है कि श्रीलंका दौरे से पहले मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि हमारे पास सूर्यकुमार टी20 विशेषक्ष हैं और हम उन्हें किसी अन्य प्रारुप में लेकर जाने की नहीं सोच रहे। इसके बाद भी सूर्यकुमार ने टेस्ट प्रारुप में वापसी की इच्छा जताई है। इसी कारण आगामी रणजी ट्रॉफी 2024-25 में वह घरेलू टीम मुंबई के लिए भी खेले। वहीं अब वह भारत की सबसे अहम घरेलू टूनामेंट रणजी ट्रॉफी की इस साल 11 अक्टूबर से शुरूआत हो रही है। डिफेंडिंग चैंपियन मुंबई की टीम एलीट ग्रुप ए का हिस्सा है और उसका पहला मैच बड़ौदा से है।

## बासित ने बाबर पर निशाना साधा

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम पर निशाना साधा है। बासित ने कहा कि बाबर को आराम करना चाहिए। खराब दौर से गुजरने और अपने प्रदर्शन के लिए आलोचनाओं का सामना करने के बाद बाबर इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भी बल्लेबाजी में असफल रहे ओर दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये। उनके इस प्रदर्शन को देखने के बाद बासित ने कहा कि इस बल्लेबाज के लिए अब आराम करने का समय आ गया है। उन्होंने खिलाड़ियों के बीच भेदभाव का संकेत देते हुए दावा किया कि अगर बाबर की जगह कोई और खिलाड़ी होता, तो उसे कब का टीम से बाहर कर दिया गया होता। बासित ने कहा, बाबर को आराम की जरूरत है। बाबर को कहना चाहिए कि मुझे आराम की जरूरत है। उसने 18 पारियां खेली हैं पर रन नहीं बनाये हैं। अगर कोई और खिलाड़ी खेल रहा होता, तो वह फवाद आलम की तरह तीन मैचों के बाद ही टीम से बाहर हो जाता। बासित ने कहा कि बाबर की तकनीक में कमी है और उन्हे अपना स्टांस कम करना चाहिए। अब यह बहुत हो गया है। बासित ने टेस्ट कप्तान शान मसूद पर भी निशाना साधा और कहा कि उसे कप्तानी कैसे करनी है ये पता नहीं है। उन्होंने कहा, मैं कहता रहा हूं कि शान एक ओपनर है, उसे ओपनिंग करनी चाहिए। लेकिन वह तीसरे नंबर पर खेला। अब क्या होगा? आप किसे बाहर करेंगे? उसे अपने नंबर पर खेलना चाहिए।

## हमें सपाट पिचों पर बेहतर बल्लेबाजी करने के बारे में और सीखने की जरूरत : तौहीद हृदॉय



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदॉय ने कहा कि भारत के दौरे के बाद उनकी टीम को सपाट पिचों पर खेलने की अपनी क्षमता को सुधारने की जरूरत है। यह बयान तब आया जब तीसरे और आखिरी टी20 में भारत ने बांग्लादेश को 133 रनों से हराया।

इस सीरीज में भारत और बांग्लादेश के बीच खेल और मानसिकता का अंतर साफ दिखा। हैदराबाद में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 297/6 का स्कोर बनाया, जो इस फॉर्मेट में उनका सबसे बड़ा स्कोर था। जवाब में बांग्लादेश सिर्फ 164/7 रन ही बना सका, जो इस सीरीज में उनका सबसे अच्छा स्कोर था, फिर भी वे 133 रन से हार गए। हृदॉय ने 42 गेंदों में नाबाद 63 रन बनाए और बांग्लादेश के लिए इकलौते सकारात्मक पहलू रहे।

हृदॉय ने कहा, 'हमारे अधिकतर खिलाड़ी विकेट को अच्छे से नहीं पढ़ पाते। हम ज्यादातर मैच मीरपुर (जहां स्पिन पिच होती हैं) और कभी-कभी चटगांव में खेलते हैं। अगर हम अच्छी पिचों पर खेलते रहेंगे, तो रातों रात नहीं, पर धीरे-धीरे हम सुधार करेंगे। मैं यह नहीं कहूंगा कि हमारा स्तर बहुत नीचे है। हम एक बहुत मजबूत टीम के खिलाफ खेले। वे टी20 वर्ल्ड चैंपियन हैं और कौशल में हमसे आगे हैं, साथ ही वे अपनी घरेलू परिस्थितियों को अच्छी तरह जानते हैं। मुझे लगता है कि हमारी टीम अच्छी है, लेकिन हमें सपाट विकेटों पर बेहतर खेलना सीखना होगा।'

उन्होंने यह भी कहा कि इस सीरीज से हारकर बांग्लादेश टीम हर क्षेत्र में बहुत कुछ सीखेगी, जिससे वे एक बेहतर टी20 टीम बन सकें। उन्होंने कहा कि, बड़ा स्कोर तभी संभव होता है जब टॉप ऑर्डर खासकर नंबर 4 तक रन बनाए। मुझे लगता है कि हमें एक बल्लेबाजी ग्रुप के रूप में सुधार करना होगा। यह समस्या लंबे समय से चल रही है। हमें उम्मीद है कि हम इस सीरीज से सबक लेंगे। हम हर विभाग में पीछे रहे। हमने अच्छी गेंदबाजी नहीं की और न ही हर मैच में अच्छी बल्लेबाजी की। हमें बहुत सुधार करने की जरूरत है। हम ऐसी (बल्लेबाजों के अनुकूल) पिचों पर नहीं खेलते हैं। यह बहाना नहीं है, लेकिन जितना हम ऐसी पिचों पर खेलेंगे, उतना ही हमें आदत होगी।'

## न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट में भारत का शानदार रिकॉर्ड



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज की मेजबानी करने के लिए तैयार है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के मद्देनजर दोनों टीमों के लिए ये सीरीज काफी महत्वपूर्ण है।

अगर भारत और कीवी टीम के हेड टू हेड टेस्ट रिकॉर्ड की बात करें तो इसमें टीम इंडिया का पलड़ा भारी नजर आता है। दरअसल, दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 62 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें से भारत के पक्ष में 22, जबकि न्यूजीलैंड के पक्ष में मात्र 13 मैचों का नतीजा रहा है। वहीं 27 का नतीजा ड्रा निकला है।

भारत ने अपनी घरेलू धरती पर न्यूजीलैंड के खिलाफ 17 टेस्ट जीते हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ टीम इंडिया ने घर में अभी तक एक भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। दोनों टीमों के बीच खेली गई सभी टेस्ट सीरीज में भी टीम इंडिया का पलड़ा भारी है। जहां भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 12 टेस्ट सीरीज को अपना नाम किया है तो वहीं कीवी टीम ने 7 बार भारत को टेस्ट सीरीज में मात दी है। इसमें विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के पहले संस्करण का फाइनल मैच भी शामिल है, जिसमें न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड में भारत को मात देकर पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीती थी।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में भारत टॉप स्थान पर है। भारत को बांग्लादेश के खिलाफ अपनी पिछली टेस्ट सीरीज में 2-0 से जीत मिली थी। न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और घरेलू टेस्ट सीरीज के टीम इंडिया एक बार फिर जीत के लिए पसंदीदा है। भारत दो बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का उपविजेता रहा है और इस बार रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इस खिताब को अपने नाम करना चाहेगी।

भारतीय दौरे के लिए न्यूजीलैंड के स्क्वॉड की बात करें तो इसमें टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), माइकल ब्रेसवेल (पहले टेस्ट के लिए), मार्क चैपमैन, डेवोन कॉन्वे, मैट हेनरी, डेरिल मिचेल, विलियम ओरूर्क, एजाज पटेल, मिशेल सेंटनर, बेन सियर्स, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, ईश सोढ़ी, टिम साउदी, केन विलियमसन और विल यंग को जगह मिली है।

वहीं अगर टीम इंडिया के टेस्ट स्क्वॉड की बात करें तो रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव , मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल हैं।

## एक नजर

### अयहिका-सुतीर्था की जोड़ी एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में



**अस्ताना (कजाकिस्तान), एजेंसी।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने शनिवार को एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। अयहिका और सुतीर्था एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला युगल टेबल टेनिस जोड़ी होंगी। 1952 में खेले गए उद्घाटन संस्करण में गूल नासिकवाला ने जापान की योशिको तनाका के साथ महिला युगल में स्वर्ण पदक जीता था। टेबल टेनिस रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज मुखर्जी ने क्वार्टरफाइनल में रिपब्लिक ऑफ कोरिया की अस्थायी जोड़ी किम नायोंग और ली यून्हे को 3-1 (10-12, 11-7, 11-9, 11-8) से हराया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी रविवार को सेमीफाइनल में जापान की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी मिवा हरिमोटो और मियु किहारा से भिड़ेंगे। पिछले साल एशियाई खेलों में, अयहिका और सुतिर्था ने महाद्वीपीय खेलों में महिला युगल टेबल टेनिस में भारत के लिए पहला पदक, कांस्य जीतकर इतिहास रच दिया था। पिछले साल ट्यूनिस में, मुखर्जी बहनें डब्ल्यूटीटी कंटेंडर महिला युगल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं थीं। इस बीच, पूर्व राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन मनिका बत्रा महिला एकल में अपना प्री-क्वार्टरफाइनल मैच हारकर बाहर हो गईं। दुनिया की 29वें नंबर की भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी दुनिया की 7वें नंबर की खिलाड़ी मिवा हरिमोटो से 3-1 (11-8, 9-11, 11-7, 11-5) स्कोर से हार गईं।

### ऑस्ट्रेलिया में पहले या दूसरे टेस्ट में रोहित का खेलना संदिग्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह शुरू हो रही बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के पहले या दूसरे टेस्ट मैच में से किसी एक में शायद ही खेल पायें। एक रिपोर्ट के अनुसार रोहित व्यक्तिगत कारणों से किसी एक मैच से बाहर रह सकते हैं और इस बारे में उन्होंने भारतीय क्रिकेट बोर्ड को भी जानकारी दे दी है। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में उतरेगी और ऐसी संभावना है कि रोहित एडिलेड में (6-10 दिसंबर) वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे। बीसीसीआई के अनुसार अभी इस बारे में साफ तोर पर पता नहीं चला है कि वह किस मैच में नहीं खेलेंगे। रोहित ने बीसीसीआई से कहा है कि एक गंभीर व्यक्तिगत मामले के कारण उन्हें शुरूआत में दो टेस्ट मैचों में से एक को छोड़ना पड़ सकता है। उन्होंने ये भी कहा कि अगर सीरीज शुरू होने से पहले व्यक्तिगत मुद्दा सुलझ जाता है तो वह सभी पांच टेस्ट खेल सकते हैं। आने वाले दिनों में इस बारे में पूरी जानकारी दे देंगे। यदि रोहित ऑस्ट्रेलिया में कोई एक टेस्ट मैच नहीं खेल पाते हैं, तो बल्लेबाज अभिमन्यु ईश्वरन को शामिल किया जा सकता है। शुभमन गिल और केएल राहुल के पास भी हालांकि पारी शुरू करने का अनुभव है। ईश्वरन भी भारत ए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया में होंगे जिसका उन्हें नेतृत्व करना है। इस ऑस्ट्रेलिय दौरे में टेस्ट टीम का उप-कप्तान कौन होगा ये अभी तय नहीं हुआ है। सहायक कोच अभिषेक नायर ने हाल में कहा था कि ऐसे बहुत से खिलाड़ी हैं जिन्होंने आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया है। मुझे लगता है कि हमें यह समझने की जरूरत है कि इस टीम में हमारे पास बहुत सारे आईपीएल कप्तान हैं।

### टेक्सास में युवा क्रिकेटरों को गुर सिखाएंगे सचिन तेंदुलकर

**ह्यूस्टन (अमेरिका), एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेक्सास में राष्ट्रीय क्रिकेट लीग फाइनल के दौरान एक विशेष क्रिकेट क्लीनिक में युवा क्रिकेटरों को इस खेल के गुर सिखाएंगे। यह क्रिकेट क्लीनिक डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में आयोजित किया जाएगा जिसका उद्देश्य युवा क्रिकेटरों को प्रेरित करना और अमेरिका में जमीनी स्तर पर इस खेल को बढ़ावा देना है। तेंदुलकर ने रविवार सुबह होने वाले कार्यक्रम से पहले कहा, 'क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे वापस देने की मेरी बारी है।' उन्होंने कहा,'मैं इन युवा खिलाड़ियों से मिलने और उन्हें यह बताने को लेकर उत्साहित हूं कि कड़ी मेहनत और जुनून से कुछ भी हासिल किया जा सकता है।' राष्ट्रीय क्रिकेट लीग (एनसीएल) के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल ने तेंदुलकर की भागीदारी के महत्व के बारे में कहा,'यह क्रिकेट से भी कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। यह अपनी उम्मीदों और सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करने से जुड़ा है। सचिन जैसे व्यक्ति का इन युवा खिलाड़ियों को मार्गदर्शन देना बहुत मायने रखता है।' एनसीएल से कई दिग्गज क्रिकेटर जुड़े रहे हैं जिनमें सुनील गावस्कर, वसीम अकरम और सर विवियन रिचर्ड्स भी शामिल हैं। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के इस सत्र में शाहिद अफरीदी, सुरेश रैना, शाकिब अल हसन और क्रिस लिन जैसे खिलाड़ियों ने भी अपनी सेवाएं दी। राष्ट्रीय क्रिकेट लीग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का समर्थन हासिल है।

### रोनाल्डो ने पुर्तगाल की जीत में फिर दागा गोल, स्पेन ने डेनमार्क को हराया

**बार्सिलोना, एजेंसी।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपना रिकार्ड 133वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागकर पुर्तगाल को नेशंस लीग फुटबाल टूनामेंट में पोलैंड पर 3-1 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई जबकि एक अन्य मैच में स्पेन ने डेनमार्क को 1-0 से हराया। रोनाल्डो ने 37वें मिनट में राफेल लेओ के शॉट के पोस्ट से टकराने के बाद रिबाउंड पर गोल किया। इससे पहले बर्नार्डो सिल्वा ने 26वें मिनट में पुर्तगाल की तरफ से पहला गोल किया था। रोनाल्डो इस साल के शुरू में यूरोपीय चैंपियनशिप में पुर्तगाल की तरफ से पांच मैचों में एक भी गोल नहीं कर पाए थे लेकिन नेशंस लीग में उन्होंने अभी तक जो तीन मैच खेले हैं उन सभी में वह गोल करने में सफल रहे। इनमें क्रोएशिया के खिलाफ किया गया गोल भी शामिल है जो उनके करियर का 900वां गोल था। पोलैंड की तरफ से एकमात्र गोल मिडफील्डर पियोत्र ज़िलिंस्की ने 78वें मिनट में किया लेकिन डिफेंडर जान बेडनारेक ने खेल समाप्त होने से दो मिनट पहले आत्मघाती गोल करके पुर्तगाल की बड़ी जीत सुनिश्चित की। पुर्तगाल ग्रुप ए1 में तीन मैचों में नौ अंकों के साथ शीर्ष पर है। क्रोएशिया के छह अंक हैं और वह दूसरे स्थान पर है। उसने जगरेब में खेले गए मैच में स्कॉटलैंड को 2-1 से हराया। स्पेन ने नेशंस लीग के एक अन्य मैच में मार्टिन जुबिमेन्डी के 79वें मिनट में किए गए गोल की मदद से डेनमार्क को 1-0 से हराया। इस जीत से मौजूदा चैंपियन स्पेन के ग्रुप ए4 में तीन मैचों के बाद सात अंक हो गए हैं। डेनमार्क छह अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। सर्बिया के चार अंक हैं। उसने एक अन्य मैच में स्विट्जरलैंड को 2-0 से पराजित किया लीग सी में कोसोवो ने लिथुआनिया को 2-1 से, जबकि रोमानिया ने साइप्रस को 3-0 से हराया।

# घर की सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से कुछ इस तरह करें डेकोरेट हरा-भरा लगेगा घर



**आज के समय में हर व्यक्ति अपने घर में प्लांट्स को जगह देने लगा है। भले ही उसका घर स्पेशियस हो या फिर छोटा, यह प्लांट्स किसी भी घर को बेहद खूबसूरत बनाते हैं। इतना ही नहीं, अमूमन लोग अपनी सुविधा व स्पेस को देखते हुए हैंगिंग गार्डनिंग से लेकर बालकनी व टेरेस में भी गार्डनिंग करना काफी पसंद करते हैं। लेकिन घर का एक एरिया ऐसा भी है, जहां पर अगर प्लांट्स लगाए जाएं तो पूरे घर का मेकओवर हो सकता है और फिर इसके बाद आपको अलग से किसी अन्य एरिया में प्लांट्स लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी।**

यह एरिया है आपकी सीढ़ियां। घर की सीढ़ियों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन वास्तव में यही सीढ़ियां आपके पूरे घर का लुक बदल सकती हैं। अगर आप इन्हें एक नेचुरल व ब्यूटीफुल टच देना चाहती हैं तो वहां पर गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। आप सीढ़ियों पर उन प्लांट्स को लगाएं, जिन्हें सीधी धूप या बहुत अधिक रख-रखाव की आवश्यकता ना हो। तो चलिए आज इस लेख में हम जानते हैं कि आप अपने घर में सीढ़ियों को प्लांट्स की मदद से किस तरह और भी अधिक खूबसूरत बना सकती हैं-

## वर्टिकल गार्डनिंग

जब सीढ़ियों पर प्लांटिंग करने की बात हो तो ऐसे में वर्टिकल गार्डनिंग करना एक अच्छा आईडिया है। यह वास्तव में काफी कम स्पेस लेता है, लेकिन इस तरह आप अपनी सीढ़ियों के एरिया को पूरी तरह से ट्रांसफॉर्म कर सकती हैं। आप कोशिश करें कि सीढ़ियों की एक साइड की दीवार पर आप वर्टिकल गार्डनिंग के लिए स्टैंड को हैंग करें और उसमें बेहद ही खूबसूरत स्मॉल साइज के पौधे लगाएं। यह देखने में बेहद ही ब्यूटीफुल लगेगा।

## यूं दें एलीगेंट लुक

अगर आप अपनी सीढ़ियों को एक बेहद ही एलीगेंट तरीके से सजाना चाहती हैं तो आप पॉटेड प्लांट्स को सीढ़ियों पर रखें। खासतौर से, अगर आपकी सीढ़िया वुडन की हैं तो आप कॉन्ट्रास्टिंग कलर के एक बिग साइज पॉट को सीढ़ी पर रख सकती हैं। हालांकि, अगर आप ऐसे अपनी सीढ़ियों को सजा रही हैं तो अन्य पॉट्स को घर के किसी दूसरे कोने में प्लेस करें।

## स्नेकप्लांट्स लगेंगे बेहद खूबसूरत

यह भी एक तरीका है सीढ़ियों को सजाने का। इसके लिए आप कई पॉट्स में केवल स्नेकप्लांट्स ही लगाएं। अब आप इन पॉट्स को अपनी हर सीढ़ी के उपर रखती जाएं। यह ना केवल देखने में अच्छे लगते हैं, बल्कि आपके घर की हवा को भी नेचुरली प्यूरिफाई करने में मदद करते हैं। इसके बाद आपको अलग से एयर प्यूरिफायर खरीदने की जरूरत महसूस नहीं होगी।

## रेलिंग पर करें फोकस

जब आप सीढ़ियों पर गार्डनिंग कर रही हैं तो सिर्फ उसकी साइड की दीवार या स्टेप्स के साथ ही आप क्रिएटिव नहीं हो सकतीं, बल्कि रेलिंग का लुक भी बदल सकती हैं। आप मनी प्लांट्स से लेकर अन्य कई प्लांट्स को रेलिंग पर लगा सकती हैं। हालांकि, आप रेलिंग के लिए ऐसे प्लांट्स को चुनें, जिनकी लताएं नीचे की ओर बढ़ती जाएं, ताकि यह आपकी पूरी रेलिंग को कवर कर सकें और देखने में भी खूबसूरत लगे।

## सीढ़ियों के नीचे का स्पेस

अगर आपकी सीढ़िया घर में कुछ इस तरह बनी हुई हैं कि उनके नीचे आपके पास काफी सारा स्पेस बचता है, तो वहां पर भी प्लांटिंग करना अच्छा आईडिया है। अगर आप चाहें तो इस एरिया में एक मिनी गार्डन तैयार कर सकती हैं। आप यहां पर तरह-तरह के खूबसूरत प्लांट्स रख सकती हैं। साथ ही कुछ पेबल्स व लाइटिंग के जरिए इस लुक को और भी खास बनाएं। यकीन मानिए, इस एरिया में जब आप कुछ फुरसत के पल बिताएंगी, तो आपको बेहद ही अच्छा लगेगा।



# ...अगर आपका बच्चा भी करता है बिस्तर गीला



**कई बार बच्चे 1 साल से बड़े होने के बाद भी बिस्तर पर ही पेशाब कर देते है। अक्स पेरेंट्स बच्चे की इस आदत को लेकर परेशान रहते है लेकिन बच्चे का बार-बार ऐसा करना किसी परेशानी के कारण भी हो सकता है। कई बार तो बच्चे रात में डर के कारण बिस्तर गीला कर देते है लेकिन इसके अलावा बच्चे यूरिन इंफेक्शन, तनाव, पुरानी कब्ज या असंतुलित हार्मोन के कारण ऐसा करते है।**

अगर आपका बच्चा भी ऐसा कर रहा है तो इससे आपको परेशान होने की जरुरत नहीं। इस समस्या को आप कुछ असरदार घरेलू नुस्खे से दूर कर सकते हैं। आइए जानते है किन उपायों द्वारा बच्चे की इस परेशानी को दूर किया जा सकता है।

### बच्चों को बार-बार यूरिन आने के कारण

- ब्लैडर में इंफेक्शन
- ब्लड शुगर के कारण
- प्रॉस्टेट ग्रंथि में यूरिन का बढ़ना
- ज्यादा कॉफी या चाय का सेवन
- पेट में कीड़े की समस्या
- मूत्राशय में पेशाब जमा करने की क्षमता कम होना

### इसके घरेलू उपचार

**अखरोट**
2 अखरोट और 20 किशमिश को पीसकर चूर्ण बना लें। 3 हफ्ते तक बच्चे को इसका सेवन कराने से यह समस्या दूर हो जाएगी।

**पिस्ता**
5 काली मिर्च, 3 पिस्ता और मिनका पीस लें। दिन में दो बार बच्चे को यह चूर्ण खिलाने से उसकी यह परेशानी दूर हो जाएगी।



**काले तिल**
50 ग्राम काले तिल, 25 ग्राम अजवाइन और 100 ग्राम गुड़ को मिलाकर 8-8 ग्राम के लड्डू बना लें। बच्चे को रोजाना सुबह-शाम 1 लड्डू खिलाने से उसकी पेशाब की बीमारी ठीक हो जाएगी।

**शहद का सेवन**
रोजाना रात को सोने से पहले बच्चे को नियमित रूप से शहद चटा दें। कुख हफ्तों में ही बच्चे को बार-बार यूरिन आने की परेशानी से छुटकारा मिल जाएगा।

**अजवाइन**
1 चम्मच अजवाइन में नमक मिलाकर बच्चें को गर्म पानी से सात खिला दें। दिन में 2 बार इसका सेवन बार-बार यूरिन आने की समस्या से निजात दिलाता है।



# बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डालें



बच्चे और हैल्दी फूड तो मानों एक दूसरे से मेल ही नहीं खाते लेकिन बच्चों के विकास के लिए संतुलित भोजन बहुत जरूरी है। इससे न सिर्फ शारीरिक विकास होता है बल्कि भविष्य के लिए भी खाने की अच्छी आदतें फायदेमंद साबित होती हैं। जंक फूड, पिज्जा,बर्गर, चिप्स आदि बच्चे बहुत चाव से खाते हैं लेकिन खाने में ये टेस्टी तो होते हैं लेकिन सेहत को फायदे की जगह नुकसान पहुंचाने का काम करते हैं। जो आने वाले समय में मोटापा,डायबिटिज,हाई बीपी, स्ट्रोक,दिल की बीमारियां आदि होने का कारण बनते हैं। शुरू से ही अगर बच्चे को घर की बनी चीजें खाने की आदत डाल दी जाए तो उसके लिए बहुत अच्छा होगा।

### बताएं हैल्दी चीजों का महत्व

बच्चे में अनुशासन,पढ़ाई के साथ-साथ खाने की अच्छी आदतों का होना भी बहुत जरूरी है। उन्हें बताएं कि घर का बना खाना खाना आपके लिए कितना अच्छा है। बाहर का खाना न तो हैल्दी होता है और न ही साफ-सुथरा। कभी-कभी बच्चों को उनकी पसंद का खाना घर पर ही बना कर खिलाएं।

### एक जगह बिठा कर करवाएं भोजन

ज्यादातर बच्चों को खाना खाते समय घूमने की आदत होती है जो एक गलत आदत है। बच्चे को रोजाना एक ही जगह पर बिठा कर खाना खिलाएं और बार-बार की बजाए एक ही बार में खाना खाने को कहें लेकिन जबरदस्ती न करें।

### टेस्ट में करें बदलाव

एक ही तरह का खाना खाकर बच्चे बोर हो जाते हैं, खाना का टेस्ट बरकरार रखने के लिए उनके डाइट प्लान में कभी स्नैक्स, जूस, सूप, फ्रूट सलाद आदि के साथ खाने में ट्विस्ट लाएं।

# कामकाजी महिला हैं तो इस तरह रहें बच्चे के करीब

**औरतों को घर और ऑफिस के काम एक साथ संभालने का हुनर बहुत अच्छी तरह से आता है। कई बार समय की कमी के कारण वह अपने बच्चों को उतना समय नहीं दे पाती, जितना कि उसके बच्चों को मां के साथ की जरूरत होती है।**

बच्चों के साथ समय बिताकर आप उनके दिल की बातों को अच्छी तरह से जान सकते हैं लेकिन आप भी काम के तनाव की वजह से परेशान हैं और बच्चों के कटी-कटी रहती हैं तो कुछ स्मार्ट टिप्स आपके काम आ सकते हैं जो बच्चे के साथ आपके रिश्तों के पहले से भी ज्यादा मजबूत बना देंगे।

### बच्चों से करें दिनभर की बातें

रात को आपके पास परिवार के साथ समय बिताने के सबसे अच्छा बहाना होता है। डिनर के समय पति और बच्चों के साथ ही खाना खाएं। दिन भर की बातें परिवार के साथ शेयर करें और उनकी बातें सुनें। इससे बच्चों का आपके साथ प्यार बढ़ेगा और वह आपसे बातें करने के लिए बेताब रहेगा।

### काम में लें बच्चों की मदद

बच्चे तब बहुत खुश होते हैं जब आप उनसे किसी बात के लिए मदद मांगते हैं। कभी-कभी प्यार से बच्चे को आपकी मदद करने के लिए कहें जैसे खाना बनकर तैयार है तो उसे डाइनिंग टेबल सजाने के लिए कह सकते हैं। उसकी पसंद की डिश बना रही हैं तो उससे परोसने के लिए मदद ली जा सकती है।

### मस्ती भी जरूरी

बच्चों के करीब आने के लिए उनके साथ कभी-कभी खुद भी बच्चे बनना पड़ता है। आप परिवार के साथ कुछ ऐसे गेम्स खेल सकते हैं जिसे बच्चे पूरी तरह से एंज्वाय भी करें और उन्हें कुछ सीखने के लिए भी मिले। जैसे हॉट सीट, पर्ची पर सारे सदस्यों का नाम लिखें, जिसके नाम की पर्ची निकले वह हॉट सीट पर बैठे और बाकी के सदस्य उससे सवाल पूछें। जो सबसे ज्यादा सही जवाब दे उसे शॉपिंग या पिंकनिक का गिफ्ट दिया जा सकता है।



# जुड़वां बच्चे होने पर दिखते हैं ये लक्षण!

**प्रैग्नेंसी हर महिला की जिंदगी का सबसे अहम पल होता हैं। जब किसी औरत को मां बनने की खुशी मिलती है तो उसके साथ पूरा परिवार खुश हो उठता है। हर औरत के मन में सबसे पहला सवाल उठता है कि उसका होने वाला बच्चा कैसा होगा, वहीं अगर गर्भ में जुड़वां बच्चों के पलने की खबर मिल जाए तो खुशी दोगुणा बढ़ जाती है। जुड़वा बच्चों के होने पर गर्भवती महिला के शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते है, जिनके बारे में अक्सर महिलाओं को नहीं पता होता। आज हम आपको उन्ही लक्षणों के बारे में बताने जा रहे है, जिनसे पता जलता है कि गर्भ में जुड़वा बच्चे पल रहे है।**

### मॉर्निंग सिकनेस

गर्भवती महिला को मॉर्निंग सिक्नेस रहना भी एक संकेत हो सकता है। 50 प्रतिशत से अधिक महिलाओं को गर्भावस्था के प्रारंभिक चरण में ही मतली और जी मिचलाना महसूस हो सकती है। जिन गर्भवती महिलाओं को जुड़वा बेबी होने वाले होते है उन्होंने बाकी गर्भवती महिलाओं की तुलना में अधिक मार्निंग सिक्नेस रहती है।

### ब्लीडिंग और स्पॉटिंग

जिस महिला को जुड़वा होने वाली होती है, उन्हें स्पॉटिंग और ब्लीडिंग अधिक होती है। यदि ब्लीडिंग के साथ बुखार और लाल खून के धब्बे पड़ रहे है तो इसमें डरने की कोई बात नहीं है क्योंकि यह जुड़वा बच्चों की निशानी हो सकती है।

### वजन बढ़ना


अगर वजन सामान्य गर्भावस्था की तुलना से अधिक है तो भी जुड़वां बच्चे होने का संकेत हो सकता है। एक औसत गर्भावस्था में सामान्य वजन 25 पाउंड होता है, जबकि जुड़वां गर्भावस्था में वजन 30 से 35 पुंड के बीच होता है।

### अधिक भूख लगना

जुड़वां बेबी होने पर गर्भवती महिला को अधिक भूख लगती है। इसलिए जब आपको साथ भी ऐसा हो तो एक बार डॉक्टर से सलाह जरूर लें क्योंकि यह कोई और बात भी हो सकती है।

### पेट में दर्द होना

जुड़वां गर्भवती महिला के सामान्य से ज्यादा पेट में दर्द रहने लगता है यह दर्द शरीर को अधिक वजन होने के कारण भी हो सकता है। इसलिए इस बात के बारे में एक बार डॉक्टर से जरूर बात करें।





# बच्चों के मां-बाप नहीं दोस्त बनें

**हर मां- बाप चाहते हैं कि उनकी बेटियां पढ़ लिखकर जिंदगी में कामयाब बने। बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए पेरेंट्स उन्हें घर से बाहर दूसरे शहरों में भी पढ़ने के लिए भेजते हैं लेकिन दिन-प्रतिदिन लड़कियों के खिलाफ बढ़ते अपराध को देखकर कुछ मां- बाप अच्छी नौकरी या पढ़ाई के लिए उन्हें बाहर भेजने से डरने लगे हैं। उन्हें हर पल यही फिक्र सताती है कि उनकी बच्ची सही सलामत है या नहीं। अगर आपके घर में लड़किया हैं और वह पढ़ाई करने, नौकरी करने या किसी अन्य काम से रोजाना घर से बाहर जाती हैं या घर से दूर कहीं बाहर रहती हैं। तो माता- पिता होने के नाते आपको कुछ सावधानियां बरतने की खास जरूरत है ताकि वह हर छोटी से छोटी बात भी आपसे शेयर कर सके। तो आइए जानते हैं उन बातों के बारे में जो आपकी बच्ची को घर के बाहर भी सुरक्षित रख सकती हैं।**

### मोबाइल भी जरूरी

कुछ मां- बाप की सोच है कि मोबाइल फोन से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। वह पढ़ना-लिखना छोड़ देंगे और पूरा दिन सिर्फ मोबाइल फोन पर ही लगे रहेंगे लेकिन बेटियों के पास मोबाइल फोन होना जरूरी है। वह कहीं बाहर गई हो और घर वापसी में लेट हो जाए तो आपको फोन करके बता सकती हैं। इसके अलावा अगर कभी कोई मुसीबत आती है तब भी वह आपको फोन कर सकती हैं। बच्चों का दोस्त बनना बहुत जरूरी है अगर आप उनके साथ दोस्तों जैसा व्यवहार करेंगे तो वह खुल कर आप से हर बात शेयर कर पाएंगे। जब आपको उसके बारे में हर बात पता होगी तो आप अपनी बच्ची को परेशानियों से बचा सकते हैं।

### थोड़ी दूरी भी बनाएं

बच्चों को स्पेस देना भी जरूरी है हर वक्त उनके पीछे परछाई की तरह लगने रहने से वह परेशान हो जाएगी। इससे आपका बच्चा धीरे-धीरे आप से दूर होता चला जाएगा और कभी आप पर भी भरोसा नहीं करेगा। खुद का भरोसा बच्चे पर बनाने के लिए कुछ समय उसे अकेले भी समय बिताने का मौका दें ताकि उन्हें पता चल सके कि क्या सही है और क्या गलत।

### दोस्तों की जानकारी


आपको उनके दोस्तों के बारे में पता होना जरूरी है वह पूरा दिन कौन से दोस्तों के साथ रहती है इस बात की पूरी जानकारी होनी चाहिए। इस बात को सुनिश्चित करें की उसकी संगत अच्छी हो। अपने बच्चे ही नहीं बल्कि उनके दोस्तों से भी दोस्ती बनाएं।

### आत्मरक्षा के तरीके

बेटियों को आत्मरक्षा करने के लिए तरीके बताएं। आजकल तो बहुत से स्कूलों और कॉलजों में बच्चों को कराटे और बहुत-से ऐसे टिप्स बताए जाते है जिनसे वह अकेली होने पर अपनी रक्षा कर सके। लड़कियों को कभी भी कमजोर या अकेला महसूस न होने दें।

### अपनी राय न थोपें

बच्चों को अच्छी बुरी के बातों के बीच फर्क बताना जरूरी है लेकिन उन पर अपनी राय थोपना गलत है। जब आप उनकी हर बात पर अपनी राय थोपेंगे तो वह बहुत-सी बातों को आप छीपाएगी। जो उसके लिए बाद में परेशानियां खड़ी कर सकती हैं।



# वो मेरा मुकद्दर नहीं छीन सकते, शो से रातोंरात बाहर किए जाने पर बोले शहजादा धामी

**सलमान खान का शो बिग बॉस 18 दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए हाजिर हो गया है। शो में ये रिश्ता क्या कहलाता है से रातों रात बाहर निकाले जाने वाले अभिनेता शहजादा धामी ने भी भाग लिया है। शो में भाईजान ने उनका काफी अच्छे से स्वागत भी किया था। हालांकि, बिग बॉस 18 में आते ही अभिनेता ने अपने तीखे शब्दों से शो अपने पिछले शो के मेकर्स पर वार करना शुरू कर दिया।**

शहजादा धामी ने बिग बॉस 18 के मंच पर ये रिश्ता क्या कहलाता है के निर्माता राजन शाही, शो के निर्देशकों और बहुत कुछ के बारे में चौंकाने वाले दावे किए हैं। जब होस्ट सलमान खान ने शहजादा से पूछा कि उनके पिछले शो में उनके साथ क्या हुआ था, तो अभिनेता ने याद किया कि कैसे एक दिन उन्हें शो से बाहर निकाल दिया गया था। उन्होंने कहा कि निर्माता उनसे शो तो छीन सकते हैं, लेकिन उनकी किस्मत नहीं। शहजादा ने कहा, वो मुझसे एक शो छीन सकता है, मेरा मुक़द्दर नहीं। इसके अलावा, शो से निकाले जाने के बाद होस्ट सलमान खान के बारे में बात करते हुए शहजादा ने कई घटनाओं को याद किया, जब उन्हें ये रिश्ता क्या कहलाता है के निर्देशकों, निर्माता राजन शाही और शो की प्रोडक्शन टीम ने अपमानित किया था।

शहजादा धामी की शिकायत सुनकर सलमान खान ने शो के बारे में सवाल किया और पूछा, ये शो अब तक चल रहा है क्या? कौन हैं ये लोग? शहजादा की बात सुनकर अविनाश ने बीच में ही बात काटते हुए सलमान से कहा कि उन्होंने भी प्रोडक्शन हाउस के साथ काम किया है और उनका मानना है कि प्रोडक्शन हाउस और शो के निर्माता बहुत ही प्रोफेशनल लोग हैं और युवा होने के नाते वे भी गलतियां कर सकते हैं। इसके बाद सलमान ने शहजादा से कहा कि वह अपनी पिछली गलतियों को ध्यान में रखें और जो कुछ भी हुआ है उसे भूलकर आगे बढ़ें। शहजादा धामी की सोशल मीडिया पर काफी अच्छी फैन फॉलोइंग है। ऐसे में लोगों का मानना है कि वह अपनी छवि साफ करने के लिए बिग बॉस 18 का हिस्सा बने हैं।



# इंशाअल्लाह के बंद होने पर खूब रोईं थीं आलिया भट्ट

कुछ सालों पहले फिल्म इंशाअल्लाह में अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता सलमान खान को साथ में देखा गया था। इस फिल्म को संजय लीला भंसाली ने बनाया था। हालांकि, इस फिल्म को बंद कर दिया गया था, जिससे प्रशंसकों का दिल टूट गया था। संजय लीला भंसाली ने अपनी इसी फिल्म को लेकर अब कुछ और बातें कही हैं। उन्होंने बताया कि इस फिल्म के बंद होने पर कैसे आलिया ने अपने आप को कमरे में बंद कर लिया था। वह फिल्म के बंद होने पर बुरी तरह टूट गई थीं।

आलिया ने खुद को कर लिया था कमरे में बंद संजय लीला भंसाली ने एक बातचीत के दौरान बताया कि आलिया ने खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। उन्होंने बताया कि जब वह आलिया भट्ट के साथ इंशाअल्लाह के लिए काम कर रहे थे और अचानक यह फिल्म बंद हो गई। फिल्म निर्माता ने कहा, वह टूट गई, वह फूट-फूट कर रोने लगी थीं, उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। संजय लीला भंसाली ने एक हफ्ते बाद आलिया को फोन किया और कहा कि वह उनकी फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में मुख्य महिला की भूमिका निभाने जा रही हैं। इस पर आलिया को संदेह हो गया था कि वह ये किरदार निभा भी सकती हैं या नहीं। इस प्रपोजल के बाद आलिया ने एक दिन संजय लीला भंसाली को फोन किया और कहा, जिस जगह का किरदार मुझे निभाना था, मैं उसी कमाठीपुरा आई हूं। मैं कैसे करूं? मैं इस किरदार को नहीं जानती हूं। तब संजय लीला भंसाली ने उन्हें शांत किया और कहा कि भरोसा रखो। इस फिल्म के लिए उन्होंने जैसा काम चाहा वैसा ही किया। आलिया को अपने किरदार गंगूबाई के लिए प्रशंसकों का बहुत प्यार मिला था।



# मलाइका कहने पर भड़कीं मल्लिका शेरावत

अपनी बोल्ड और बिंदास इमेज से सभी के दिलों की मलिका बन चुकीं बॉलीवुड अभिनेत्री मल्लिका शेरावत अपनी कमबैक फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद मल्लिका के प्रशंसक उनकी इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की रिलीज से पहले मल्लिका मुंबई वापस आ गई हैं। जब वह सोमवार को मुंबई में दिखीं तो उन्होंने पैपराजी से जमकर बातचीत की। लेकिन अफसोस की बात पैपराजी ने उन्हें उनके नाम की जगह मलाइका मैम कहकर संबोधित किया तो मल्लिका भड़क गईं और उन्होंने तुरंत ही पैपराजी के कान खींचे। उनका यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप मल्लिका शेरावत को मुंबई की सड़कों पर पैपराजी से बातचीत करते हुए देख सकते हैं। पहले तो मल्लिका बेहद खुश नजर आ रही हैं और सभी को अपनी आगामी फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को देखने की गुजारिश करती हैं। लेकिन अचानक ही एक मीडियाकर्मी उन्हें मल्लिका की जगह मलाइका मैम कह देता है, जिस पर मल्लिका बेहद नाराज हो जाती हैं और तुरंत ही वह पैपराजी के कान सभी के सामने खींचने से बिल्कुल भी नहीं हिचकिचाती हैं।




# फैंस को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में सलमान, सिकंदर ही नहीं इन चार प्रोजेक्ट में दिखेंगे

सलमान खान हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। उनके फैंस की संख्या करोड़ों में है। उनके स्टारडम का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि किसी भी फिल्म में वह छोटा सा किरदार निभाकर भी वह उस फिल्म की किस्मत बदलने का दम रखते हैं। टाइगर 3 के बाद सलमान इन दिनों सिकंदर की शूटिंग में व्यस्त हैं। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। सलमान केवल इस फिल्म में ही नहीं बल्कि चार और फिल्मों में विशिष्ट किरदार निभाते हुए नजर आने वाले हैं। जी हां, आपने बिल्कुल सही सुना। सलमान खान आने वाली कई बड़ी फिल्मों में अपनी झलक से फैंस को बड़ा तोहफा देने की तैयारी में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सलमान ने हाल ही में वरुण धवन की फिल्म बेबी जॉन के लिए शूटिंग की है। इस फिल्म में वह वरुण के साथ एक्शन करते हुए नजर आने वाले हैं। हाल ही में एटली ने इस फिल्म के सीन को मुंबई में फिल्माया है। वहीं, वह कई सितारों से सजी रोहित शेट्टी निर्देशित फिल्म सिंघम अगेन में भी अपनी विशिष्ट भूमिका से दर्शकों पर अपना जादू चलाएंगे। इसके अलावा वह आर्यन खान की वेब सीरीज में नजर आने वाले हैं। सलमान खान फिल्म इंडस्ट्री में अपनी दोस्ती के लिए काफी मशहूर हैं। वह अपने दोस्त और अभिनेता सनी देओल की फिल्म सफर में भी एक कैमियो रोल में दिखेंगे। वर्क फ्रंट की बात करें तो सलमान खान सिकंदर के बाद किक 2 में भी दिखेंगे। हाल ही में इस फिल्म का एलान साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन हाउस की ओर से किया गया है।



# बॉलीवुड में हुई फवाद खान की री-एंट्री, अबीर-गुलाल में करेंगे वाणी के साथ रोमांस



हाल ही में इंडियन स्टोरीज ने फवाद की बॉलीवुड में वापसी की घोषणा की है। उन्होंने फवाद और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल की भी घोषणा की है। लंबे समय के बाद फवाद एक बार फिर भारतीय फैंस का मनोरंजन करने के लिए वापस लौट रहे हैं। पाकिस्तान अभिनेता फवाद खान अपनी फिल्मों और सीरीज को लेकर काफी चर्चा में रहते हैं। अभिनेता पिछले दिनों अपनी सीरीज बरजख को लेकर काफी चर्चा में थे। हालांकि, अब भारतीय फैंस के लिए खुशखबरी है। पिछले कई दिनों से फवाद के बॉलीवुड में आने की खबरें सुर्खियों में थीं। हालांकि, अब इन अफवाहों के बादल छट चुके हैं और फवाद की बॉलीवुड में री-एंट्री हो गई है। अभिनेता फिल्म अबीर गुलाल में वाणी कपूर के साथ स्क्रीन साझा करने वाले हैं।

### अबीर गुलाल की हुई घोषणा

हाल ही में इंडियन स्टोरीज ने फवाद की बॉलीवुड में वापसी की घोषणा की है। उन्होंने फवाद और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल की भी घोषणा की है। लंबे समय के बाद फवाद एक बार फिर भारतीय फैंस का मनोरंजन करने के लिए वापस लौट रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह बताया है कि फिल्म की शूटिंग 29 सितंबर को शुरू हो गई है और फिल्म का बैकग्राउंड लंदन पर ही आधारित होगा।

### वाणी कपूर के साथ रोमांस करेंगे फवाद

फवाद के फिल्म का हिस्सा होने की खुशी जाहिर करते हुए निर्माता ने कहा, फवाद के पास एक बड़ी फैन फॉलोइंग है। हमें उम्मीद है कि फिल्म में फवाद और वाणी की जोड़ी को फैंस अपना प्यार जरूर देंगे। फिल्म में फवाद और वाणी की वो केमिस्ट्री दिखेगी, जो आज से पहले किसी ने नहीं देखी होगी। दोनों की भूमिकाएं भी काफी अलग है, जिससे सभी को प्यार हो जाएगा।

### यह है फिल्म की कहानी

निर्देशक आरती एस बागड़ी ने कहानी का छोटा हिंट देते हुए कहा, फिल्म दो ऐसे लोगों के बारे में है, जो एक-दूसरे की मदद करते हैं, लेकिन आगे चलकर दोनों को एक-दूसरे से प्यार हो जाता है। बता दें कि अक्तूबर और नवंबर में फिल्म की शूटिंग यूके में की जाएगी। फिल्म के पहले ही छह ट्रैक बना दिए गए हैं। बता दें कि यह फिल्म विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी द्वारा निर्मित है।



# रणवीर ने 'सिंघम अगेन' को बताया 'बेबी सिम्बा' की डेब्यू फिल्म

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म सिंघम अगेन की रिलीज के लिए तैयार हैं। रोहित शेट्टी की निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर सोमवार यानी 7 अक्तूबर को मुंबई में एक भव्य कार्यक्रम में जारी किया गया। कार्यक्रम के दौरान रणवीर ने कहा कि यह फिल्म उनकी बेटी की पहली फिल्म है, क्योंकि फिल्म की शूटिंग के दौरान दीपिका गर्भवती थीं। हालांकि, यह खुलासा पहले ही हो चुका था कि कल्कि 2898 एडी की शूटिंग के वक्त दीपिका प्रेग्नेंट थीं।

### रणवीर सिंह ने सिंघम को बताया बेटी की पहली फिल्म

रणवीर ने ट्रेलर लॉन्च के मौके पर कहा, दीपिका इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सकीं क्योंकि वह बच्चे के साथ हैं। मेरी ड्यूटी रात में है। फिल्म में बहुत सारे सितारे हैं और मैं यह कहना चाहूंगा कि यह मेरे बच्चे, बेबी सिंबा का डेब्यू है, क्योंकि दीपिका सिंघम अगेन की शूटिंग के दौरान गर्भवती थीं।

### अभिनेता ने अपनी बेटी को दिया बेबी सिम्बा का टैग

रणवीर ने कहा, लेडी सिंघम (दीपिका), सिम्बा और बेबी सिम्बा की ओर से आप सभी को दिवाली की बहुत शुभकामनाएं। ट्रेलर का आनंद लें और अपने परिवारों के साथ दिवाली मनाएं। हमें आपके प्यार और आशीर्वाद की जरूरत है।

### कल्कि 2898 एडी की शूटिंग के वक्त प्रेग्नेंट थीं दीपिका

एक इंटरव्यू में शाश्वत ने बताया कि था जब यह सीन शूट किया गया तो दीपिका के पति रणवीर सिंह सेट पर मौजूद थे। उस समय दीपिका प्रेग्नेंट थी, उन्होंने कहा कि उन्होंने अभिनेता को भरोसा दिलाया कि दीपिका और उनके सीन को लेकर पूरी सावधानी बरती जाएगी और जहां जरूरत होगी, बॉडी डबल का इस्तेमाल किया जाएगा।

### इन कलाकारों से सजी है फिल्म

दीपिका और रणवीर ने 8 सितंबर को अपने पहले बच्चे का स्वागत किया था। दीपिका ने अप्रैल 2024 में सिंघम अगेन की शूटिंग शुरू कर दी थी। 8 सितंबर को कपल ने अपनी बेटी का स्वागत किया था और फैंस के साथ इस खुशखबरी को शेयर भी किया था। वहीं, बात करें सिंघम अगेन की तो फिल्म में दीपिका शक्ति शेट्टी के रूप में नजर आएंगी, जो कॉप यूनिवर्स की पहली महिला हैं। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में रणवीर सिम्बा के रूप में अपनी भूमिका को फिर से दोहराएंगे। फिल्म में अजय देवगन, करीना कपूर खान, अर्जुन कपूर, टाइगर श्रॉफ, जैकी श्रॉफ और अक्षय कुमार जैसे कलाकार भी हैं।



# दलपति 69 के लिए विजय ने फिर मिलाया अनिरुद्ध रविचंदर से हाथ!

विजय की आखिरी फिल्म दलपति 69 की शूटिंग चेन्नई में शुरू हो गई है और टीम एक भव्य गाने की शूटिंग कर रही हैं। विजय इस जोशीले गाने के लिए संगीतकार अनिरुद्ध रविचंदर के साथ पार्श्व गायक के रूप में फिर से जुड़ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, विजय और अनिरुद्ध फिर साथ काम करेंगे, गाने का नाम वन लास्ट सॉन्ग होगा। यह गाना असल कोलार द्वारा लिखा गया है, रिपोर्ट्स के अनुसार निर्देशक एच विनोथ और उनकी टीम इस गाने को बड़े पैमाने पर फिल्मा रहे हैं। गाने में करीब 500 डांसर होंगे, विजय के साथ पूजा हेगड़े भी गाने के लिए चल रही शूटिंग का हिस्सा हैं। निर्माता कथित तौर पर एक शेड्यूल में शानदार गाने के सीक्वेंस को शूट करने की योजना बना रहे हैं, जो एक सप्ताह से अधिक समय तक चलने की उम्मीद है।



एनसीआर समाचार प्रा. लि. की ओर से मुद्रक, प्रकाशक मो. हनीफ द्वारा आर.डी. प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड, ए-41 सेक्टर-8 नोएडा, यू.पी.-201301 से मुद्रित व जी-12/276बी, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा। **संपादक : मो इस्माईल खान** RNI No. DLHIN/2010/37009